■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 321
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
25 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1905:** दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों को मताधिकार मिला।
**1982:** दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरुआत हुई।
**2005:** जापान में हुई एक रेल दुर्घटना में तक़रीबन 100 लोगों की जान गई।
**2010:** भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।

**जिस धागे की गांठें खुल सकती हैं उस धागे पर कैंची नहीं चलानी चाहिए।**

# प्रधानमंत्री ने तीन नवनिर्मित रेल लाइनों को किया राष्ट्र को समर्पित

## बिहार को चार नई ट्रेनों की दी सौगात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी/हाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिला के लोहना में आयोजित कार्यक्रम से रेलवे की तीन नवनिर्मित रेल लाइनें राष्ट्र को समर्पित किया तथा बिहार को चार नई ट्रेनों की सौगात दी। जिन ट्रेनों को प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उनमें जयनगर पटना नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा लोकमान्य तिलक अमृत भारत एक्सप्रेस तथा दो पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। नमो भारत रैपिड रेल के बारे में विस्तार से बताते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने पत्रकारों को बताया कि दो शहरों के बीच तेज रफ्तार, आधुनिक सुविधाओं से युक्त रेल ट्रांसपोर्ट का सपना अब हकीकत बन गया है। नमो भारत रैपिड रेल अमृतकाल में भारतीय रेल के विकास का नया सारथी है। यह ट्रेन इंटरसिटी ट्रैवल के लिए देश के अंदरूनी इलाकों में स्थानीय लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सफर की गारंटी देती है। उन्होंने बताया कि नमो भारत रैपिड रेल मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। यह इंटरसिटी ट्रेन जयनगर को पटना से जोड़ेगी। 16 कोच में 2 हजार से ज्यादा यात्री क्षमता के साथ इस ट्रेन का संचालन बिहार के विकास को नई रफ्तार देने वाली है। यह ट्रेन जयनगर से पटना के बीच मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, मोकामा और पटना जिला को कनेक्ट करेगी। अहमदाबाद-भुज के बाद यह देश की दूसरी 'नमो भारत' रैपिड रेल सेवा है। इससे दो शहरों के बीच न केवल दूरी कम होगी बल्कि बिहार के सपनों को भी नई उड़ान मिलेगी। नमो भारत रैपिड रेल तेज़ एक्सेलरेशन और आधुनिक ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है। इसके दोनों सिरों पर ड्राइविंग कैब्स होने के कारण इसे टर्नअराउंड की ज़रूरत नहीं होगी, जिससे समय की बचत होगी। नमो भारत पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड है और इसमें एर्गोनॉमिकली डिज़ाइन सीटें लगी हैं। ट्रेन में वैक्यूम आधारित मॉड्यूलर टॉयलेट, दिव्यांग अनुकूल शौचालय और डस्ट-प्रूफ सील्ड गैंगवे भी हैं, जिससे ट्रेन का सफर अधिक स्वच्छ, सुलभ और शांतिपूर्ण बनता है। इस ट्रेन की एक खासियत इसका 'कवच' सुरक्षा सिस्टम से लैस होना है। इसके हर कोच में सीसीटीवी कैमरे, फायर डिक्टेशन सप्रेशन सिस्टम और आपातकालीन टॉक-बैक सिस्टम सुरक्षित सफर का आश्वासन देते हैं। ट्रेन के कोच ऑटोमैटिक दरवाजों के साथ सेमी-परमानेंट कपलर्स से युक्त हैं, जो यात्रियों को झटके का अनुभव नहीं होने देते। इससे तेज गति का सफर सुगम और सुरक्षित रहता है। ट्रेन में रूट-मैप इंडिकेटर भी हैं, जो हर स्टेशन की जानकारी देंगे। यह सुविधा ओपन लाइन रेलवे में पहली बार दी जा रही है। आपातकालीन लाइटिंग, एलईडी लाइटिंग और अल्ट्रा मॉडर्न डिजाइन से यात्रियों को एक शांत और रोशनी से भरा माहौल मिलता है। सहरसा और लोकमान्य तिलक के बीच चलाई गई अमृत भारत एक्सप्रेस के बारे में बताते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। यह ट्रेन आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडिल क्लास और अंत्योदय के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं। अमृत भारत ट्रेन सुविधाजनक है। इसका लुक और डिज़ाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है। पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्ज़ा की बचत और यात्रियों की सुविधा-ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### साधु दंपति की हत्या

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** वाल्मीकिनगर में शिव मंदिर के पुजारी और उनकी पत्नी की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। दोनों बुधवार से लापता थे। गुरुवार को दोनों के शव गंडक नदी में मिले हैं। मामला धनहिया रेता स्थित शिव मंदिर का है। मृतकों की पहचान सेवारत साधु बुधन महतो(70) और उनकी पत्नी भगवती देवी (65) के रूप में हुई है। दोनों के शव एक दूसरे से 500 मीटर दूर मिले हैं। शरीर पर गंभीर चोटें हैं। चेहरे पर पत्थर से वार किया गया है। साधु बुधन की बहू सीता देवी ने बताया कि बुधवार को मैं घर पहुंची तो मंदिर का दरवाजा खुला मिला। आमतौर पर दोनों सुबह जल्दी पूजा के लिए दरवाजा खोलते थे। दोनों नहीं मिले। गुरुवार सुबह दोनों के शव मिले।

### भाभी से अवैध संबंध में देवर की हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरिया इलाके में प्रेम प्रसंग के मामले में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के 48 घंटे के अंदर वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। घटना सिंघपुर गांव में हुई थी। मृतक की पहचान सिंघपुर के रहने वाले 28 साल के सोनू ठाकुर के रूप में की गई है। हत्या का खुलासा करते हुए आज इमामगंज के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मृतक सोनू ठाकुर का उसके फुफ़ेरे भाई की पत्नी से अवैध संबंध था, जो हत्या का कारण बना। अमित कुमार के मुताबिक सोनू ठाकुर की हत्या की स्क्रिप्ट करीब पहले ही लिखी जा चुकी थी।

### हेरोइन के साथ दो भाई गिरफ्तार

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले की नुआंव पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो सगे भाइयों को ढाई किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। हेरोइन की कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कुशी गांव के रहने वाले हैं। दोनों की पहचान रूपेश कुमार उर्फ रितेश कुमार और प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। मोहनिया के डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि नुआंव पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोग भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो वे जैतपुरा पंप कैनाल नहर के पास बेकाबू होकर गिर गए।

### युवक की हत्या

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जाले थाना क्षेत्र के जोगियारा इलाके में गुरुवार सुबह आम के बागीचा में एक युवक की लाश मिली। युवक की गला रेतकर हत्या की गई थी जबकि उसके शरीर पर जख्मों के कई निशान भी पाए गए। कपड़ों पर भी खून के धब्बे मिले। बताया जा रहा है कि युवक की पहचान न हो, इसके लिए हत्या के आरोपियों ने उसके चेहरे को जलाने की कोशिश भी की। फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल में जुट गई है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

# आतंकी और उनके आकाओं को मिट्टी में मिला देंगे : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी/पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार की धरती से आतंकियों को कड़ा संदेश दिया है। पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को मधुबनी पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि हम आतंकियों को चिन्हित करेंगे, खोजेंगे और हर एक आतंकी और उनके आका को सजा देंगे। उन्होंने कहा कि आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री ने मौन रखवाया। भाषण शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आंख मूंदकर हाथ जोड़ते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि अपनी बात प्रारंभ करने से पहले मैं आप सबसे प्रार्थना करना चाहता हूं, आप जहां हैं वहीं अपने स्थान पर बैठकर ही 22 अप्रैल को जिन



परिवारजनों को हमने खोया है, उनको श्रद्धाजंलि देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतिकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन लोगों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई और किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उन्होंने पूरी दुनिया को बिहार की धरती से संदेश देते हुए अंग्रेजी में कहा कि बिहार की धरती से ऐलान करता हूं कि हम आतंकियों को चिन्हित करेंगे, खोजेंगे और हर एक आतंकी और उनके आका को सजा देंगे। साथ ही भारत पर हुए इस आतंकी हमले के समय दुनिया के जिन देशों की ओर से भी सहानुभूति का संदेश आया उन सबके लिए पीएम मोदी ने आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों की गोली से मौत के शिकार हुए लोगों में कोई बांग्ला, कोई कन्नड़, कोई मराठी तो कोई गुजराती था तो कोई बिहार का लाल था। आज उन (शेष पृष्ठ 10 पर)

# 21 हजार अभ्यर्थी आज से देंगे बीपीएससी 70वीं मुख्य परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एकीकृत 70वीं संयुक्त मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 25 अप्रैल से हो रहा है। परीक्षा 25, 26, 28, 29 और 30 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 21,000 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। परीक्षा का आयोजन राज्य के अलग-अलग सेंटर्स पर किया जाएगा, जिसमें कुल 2,034 पदों के लिए अभ्यर्थियों परीक्षा देंगे। परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि परीक्षा दो पालियों में सुबह 9:30 बजे से और दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पहले यानी पहली पाली के लिए सुबह 8:30 बजे और द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1 बजे केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। विलंब से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अंतिम चरण के रूप में साक्षात्कार में शामिल होने का अवसर मिलेगा। अंतिम चयन मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। इस बार बीपीएससी ने परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अहम फैसला लिया है। आयोग ने गणित और सांख्यिकी जैसे विषयों के साथ-साथ सामान्य अध्ययन में भी सामान्य कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति प्रदान की है। यह सुविधा पहली बार दी गई है और इससे अभ्यर्थियों को प्रश्नों को हल करने में आसानी होगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं, उन्हें परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से उपलब्ध प्रारूप को भरकर, रंगीन फोटो चिपकाकर तथा केंद्राधीक्षक से अनुमति प्राप्त करने के बाद परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# पटाखा विस्फोट के कारण मासूम समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव के पास अचानक हुए एक शक्तिशाली पटाखा विस्फोट के कारण स्कूटी पर सवार एक मासूम बच्ची और एक युवक की झुलसने से मौत हो गई। ब्लास्ट इतना धमाकेदार था कि इससे निकली चिंगारियों ने पास के एक झोपड़ीनुमा घर और एक पलानी को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आग लग गई। आग लगने के कारण लाखों रुपये के सामान जलकर खाक हो गए। मृतकों की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के मीरगंज निवासी लक्ष्मण सोनार के 32 वर्षीय पुत्र मिथुन सोनार और अमित सोनी की 3 वर्षीय बेटी आरोही कुमारी के रूप में की है। परिजनों के मुताबिक मिथुन पटाखा लेकर स्कूटी से अपनी भतीजी आरोही के साथ मीरगंज से गोपालगंज आ रहा था। जैसे ही वह वृंदावन गांव के पास पहुंचा कि तभी एक तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। बाद में दोनों की गंभीर स्थित को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर जाने के दौरान रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। उधर, इस ब्लास्ट के कारण पटाखे से निकली चिंगारी ने वृन्दावन गांव निवासी बादशाह महतो के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया।

# पीएम ने बिहार को दी 13,480 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर पर पीएम मोदी ने बिहार समेत पूरे देश को 13,480 करोड़ की सौगात दी। प्रधानमंत्री ने बेहुत ही सादगी के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि बिहार में आज 13480 करोड़ की योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास से विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला से, बिहार से जुड़ा है। आज यहां देश और बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। बिजली, रेल, इंफ्रास्ट्रक्चर के इन विभिन्न कार्यों से बिहार में रोजगार के नए मौके बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की



पुण्यतिथि है। मैं उनको भी श्रद्धांजलि देता हूं। बिहार वो धरती है, जहां से पूज्य बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का विस्तार किया था। पूज्य बापू का दृढ़ विश्वास था कि जब तक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक भारत का तेज विकास नहीं हो पाएगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी पंचायतों को मजबूत किया गया है। बीते दशक में 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया। 5.50 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने हैं। पंचायतों के डिजिटल होने से एक और फायदा हुआ है। अब जीवन/मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि धारण प्रमाण पत्र जैसे कई दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अनेक दशकों बाद जहां देश को संसद की नई इमारत मिली, वहीं देश में 30 हजार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले, ये भी सरकार की प्राथमिकता रही है। बीते 10 साल में 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड पंचायतों को मिला है। ये सारा पैसा गांवों के विकास में लगा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने देखा है कि पंचायतों ने कैसे सामाजिक भागीदारी को सशक्त किया है। बिहार, देश का पहला राज्य था जहां महिलाओं को पंचायत में 50 फीसदी आरक्षण की सुविधा दी गई। आज बहुत बड़ी संख्या में गरीब, दलित, महादलित, पिछड़े और अति पिछड़े समाज की बहन-बेटियां बिहार में जन-प्रतिनिधि बनकर सेवाएं दे रही हैं। यही सच्चा सामाजिक न्याय है, यही सच्ची सामाजिक भागीदारी है।

# एनडीए सरकार में तेज हुई विकास की गति : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज झंझारपुर के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि जब हमलोगों की यहां सरकार बनी 24 नवंबर 2005 में तो उसके बाद से बिहार के विकास के लिये लगातार काम रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमलोगों की सरकार के आने के पहले के राज्य की पंचायती राज व्यवस्था का बहुत बुरा हाल था। पहले की सरकारों ने कोई काम नहीं किया था। सभी क्षेत्रों में बिहार का बुरा हाल था। जब एनडीए की सरकार बनी तो वर्ष 2006 में हमलोगों ने पंचायती राज संस्थाओं और वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया। अब बड़ी संख्या में महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। पहले महिलाओं के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया गया था। किसी वर्ग के विकास के लिये कुछ नहीं किया गया



था। अब तक पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय का चार चुनाव हो चुका है। चुनाव के बाद चुने हुये प्रतिनिधि पंचायतों का विकास कार्य करा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में महिलायें जनप्रतिनिधि के रूप में अपना दायित्व निभा रही हैं। सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1639 पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है और शेष पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का काम बहुत तेजी से चल रहा है और विधानसभा चुनाव के पहले पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 में जब से हमलोगों की सरकार बनी तब से हमलोग बिहार के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों में जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी पर काम किया गया है। वर्ष 2005-06 में नई सरकार बनने के पूर्व राज्य का बजट मात्र 34 हजार करोड़ रुपये तक था। जब हमलोग सरकार में आए थे तो हर साल इसकी राशि बढ़ाई गई। धीरे-धीरे बजट की राशि एक लाख करोड़ रुपये हुई और अब इस बार हमलोगों के द्वारा बिहार का बजट 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने राज्य के सभी 38 जिलों में प्रगति यात्रा की थी और वहां के कार्यों का निरीक्षण किया था। इस दौरान कहीं कोई कमी दिखी तो उसे दूर करने की कोशिश की गयी। पूरे बिहार में हर जिले को मिलाकर के 430 नई योजनाओं को हमलोगों ने स्वीकृति दी और उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। उसके लिये राज्य सरकार ने 50 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हमलोग राज्य के सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास के लिये (शेष पृष्ठ 10 पर)

# महागठबंधन की 21 सदस्यीय समन्वय समिति गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में महागठबंधन की 21 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन कर लिया गया है। इसमें समन्वय समिति के अध्यक्ष तेजस्वी यादव समेत राजद के पांच सदस्य, कांग्रेस के चार सदस्य एवं वाम दलों और वीआईपी के तीन-तीन सदस्य शामिल किए गए हैं। मालूम हो कि महागठबंधन में छह घटक दल शामिल हैं। इनमें राजद, कांग्रेस, माकपा, भाकपा, भाकपा माले और विकासशील इंसान पार्टी शामिल है। महागठबंधन सूत्रों के अनुसार, राजद से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, सांसद संजय यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता और प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू समन्वय समिति के सदस्य बनाए गए हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, डॉ. मदन मोहन झा, विधायक शकील अहमद खान समन्वय समिति में शामिल हैं। वहीं, भाकपा माले से पार्टी के राज्य सचिव कुणाल, धीरेंद्र झा, सांसद राजा राम सिंह, भाकपा से राज्य सचिव रामनरेश पांडेय, रामबाबू कुमार एवं अजय कुमार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से राज्य सचिव ललन चौधरी, विधायक दल के नेता अजय कुमार एवं अवधेश कुमार को समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया है। विकासशील इंसान पार्टी की ओर से संस्थापक एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष बाल गोविंद बिंद और युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पप्पू चौहान को सदस्य बनाया गया है।

C M Y K

# प्रधानमंत्री ने किया अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना/मधुबनी।** क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और निरंतर विकास को प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा बिहार के मधुबनी से गोपालगंज जिले के हथुआ में रेल अनलोडिंग सुविधा से सुसज्जित अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास किया गया। 340.15 करोड़ रूपये की लागत से विकसित होने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 31 मार्च, 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अत्याधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट प्रतिवर्ष 180 हजार मीट्रिक टन (टीएमटीपीए) की क्षमता से सुसज्जित होगा। इस अत्याधुनिक अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) से युक्त प्लांट में एलपीजी की बेहतर प्राप्ति एवं भंडारण के लिए रेलवे अनलोडिंग साइडिंग, सुरक्षित भंडारण हेतु माउंडेड स्टोरेज वेसल (एमएसवी) तथा सुव्यवस्थित संचालन के लिए 2 गुणे 24 स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक कैरोसेल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना उत्तर-पश्चिम बिहार एवं उत्तर-मध्य बिहार में एलपीजी की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। इस परियोजना के निर्माण चरण के दौरान अनुमानित 1.2 लाख मानव-दिवस रोजगार के सृजन की संभावना है। परियोजना के पूर्ण होने पर यह विश्वसनीय और बेहतर एलपीजी आपूर्ति के माध्यम से स्थानीय आबादी की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। भारत की अटूट विकास यात्रा की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह परियोजना क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति के साथ-साथ सड़क परिवहन से संबंधित कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही वाष्प पुर्नप्राप्ति प्रक्रिया (वेपर रिकवरी प्रोसेस) के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को घटाएगी और सलाना लगभग 11,000 मीट्रिक टन सीओटू ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाएगी, जो लगभग 5 लाख पेड़ लगाने के प्रभाव के बराबर है। यह अत्याधुनिक प्लांट, घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण ईंधन के रूप में एलपीजी की विश्वसनीय और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा।

### सीमान्त मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना में सातवां मेडिकल सेमिनार सह सी.एम.ई आयोजित

## आपसी सहयोग से बल के कार्मिकों के स्वास्थ्य को कर सकते हैं और बेहतर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सीमान्त मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना में सातवां मेडिकल सेमिनार सह सी.एम.ई आयोजित किया गया जिसमें सशस्त्र सीमा बल की विभिन्न इकाइयों से आये हुए चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रत्न संजय (भा.पु.से.), महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल, सीमान्त मुख्यालय पटना एवं डॉ. अशोक राय, महानिरीक्षक/निदेशक (चिकित्सा) सशस्त्र सीमा बल, बल मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सेमिनार को संबोधित करते हुए रत्न संजय (भा.पु.से.) ने कहा कि सेमिनार के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय मानकों/विकास के क्षेत्र में हो रहे बदलाव पर चर्चा कर हम सभी लाभान्वित हो सकते हैं। हम आपसी सहयोग को प्रोत्साहित कर बल के कार्मिकों के स्वास्थ्य गुणवत्ता में और बेहतरी कर सकते हैं जिससे कि बल के कार्यों को बेहतर तरीके से पूर्ण करने में लाभ मिलेगा और साथ ही बल अपने तैनाती क्षेत्रों में नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के तहत आयोजित मानव चिकित्सा शिविरों के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों /ग्रामीणों को भी समय-समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सकेगा।
इस सेमीनार में अतिथि संकाय के तौर पर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विकास शंकर व डॉ. संतोष कुमार, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, पटना से आमंत्रित निदेशक डॉ. सुनील कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप कुमार व डॉ. अमिताभ कुमार, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के अधीक्षक डॉ. मनीष मण्डल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रविकांत व डॉ. आदिल अहमद खान, फोर्ड अस्पताल पटना से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.बी. भारती व डॉ. अमित कुमार, प्रभात मेमोरियल अस्पताल पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीरज कुमार व डॉ. सतीश कुमार सिंह तथा सर्वदृष्टि आंख अस्पताल पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रीतिका (नेत्र विज्ञान) ने विभिन्न विषयों पर अपने अनुभवों को बल के चिकित्सा अधिकारियों के साथ साझा किया।

## प्रधानमंत्री किसी चुनावी प्रचार के लिए नहीं आए : चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री और लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान ने जम्मू-कशीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद गुरुवार को मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा पर सवाल उठाने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम किसी चुनावी प्रचार के लिए नहीं आए थे। आज के कार्यक्रम में उन्होंने किसी राजनीतिक दल पर कुछ नहीं कहा। सिर्फ गरीबों के लिए योजनाओं पर बात की। यह कोई चुनावी रैली नहीं थी। सिर्फ जनता के लिए चल रही योजनाओं पर बात हुई। चिराग ने कहा कि जो लोग हमारे प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें यह कहने का हक नहीं है जब पहलगाम हादसा हुआ तो प्रधानमंत्री दुबई दौरे पर थे। उन्होंने हादसे की खबर मिलने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह से बात की और उन्हें पहलगाम जाने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने खुद अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया और आधी रात को वापस लौट गए। इस पूरी घटना को लेकर वह बैठक कर रहे हैं। चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री पर सवाल उठाकर ये लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए सख्त फैसलों का बिहार के नेताओं ने किया स्वागत

### आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाए और उनका सफाया किया जाए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सख्त फैसलों का बिहार के नेताओं ने समर्थन किया है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने केन्द्र के फैसलों को सही ठहराते हुए कहा कि सरकार ने जो भी कदम उठाए हैं, पूरा देश उसके साथ खड़ा है। लेकिन अब वक्त है कठोरतम फैसलों का। उन्होंने मांग की कि आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाए और उनका सफाया किया जाए। साथ ही उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि इतने बड़े पर्यटक स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल क्यों नहीं थे और आखिर कहां चूक हुई? प्रशांत किशोर ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जो निर्णय लिए गए हैं, वे अब तक के सबसे कठोर फैसले हैं, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आतंकवाद के अड्डों को जड़ से खत्म किया जाए। वहीं, भाजपा विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने कहा कि जिस महिला के हाथों की मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था उसके पति की हत्या कर दी गई। इस तरह के जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले, किसी धर्म या जाति से नहीं होते, उनका एकमात्र मकसद दहशत फैलाना होता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इस हमले के बाद जो भी निर्णय लिए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। इनमें पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग को बंद करना, सिंधु जल समझौते पर रोक लगाना, पाकिस्तानी राजनयिकों को एक सप्ताह में देश छोड़ने का निर्देश देना और पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के कूटनीतिक संबंधों को सीमित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि अब यह समय सिर्फ कार्रवाई का है। भारत अब किसी भी सूरत में आतंकी गतिविधियों को सहन नहीं करेगा और आतंकियों के सरपरस्तों को भी इसका परिणाम भुगतना होगा। वहीं राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने भी इस आतंकी हमले को बेहद निंदनीय करार देते हुए कहा कि 26 निर्दोष लोगों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। भारत सरकार के ये फैसले सही हैं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब देश में मातम पसरा है और 26 लोगों की चिताएं ठंडी भी नहीं हुईं, ऐसे वक्त में राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस दर्द से आहत है और ऐसे समय में किसी भी राजनीतिक बयानबाजी को माफ नहीं करेगी।

## अंशिका जैन के यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर पटना जैन समाज में हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के निर्मल जैन बड़जात्या एवं बिमला देवी जैन की पोती तथा आईआरसीटी के चेयमैन संजय जैन तथा सोनिका जैन की सुपुत्री अंशिका जैन के यूपीएससी की परीक्षा में 278 स्थान पर पास करने पर पटना जैन समाज में खुशी की लहर है। अंशिका को जैन समाज के बिनोद पहाड़िया, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, अंशिका के बड़े पापा एवं मम्मी मनोज जैन बड़जात्या एवं प्रीति जैन, अशोक बड़जात्या जैन एवं बिमल देवी जैन, बिजय कासलीवाल, अशोक छाबड़ा जैन, बिहार अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ गीता जैन, अर्चना जैन, सरला छाबड़ा जैन सहित काफी अधिक ने लोगों ने बधाई संदेश दिया। सी ए अंशिका जैन ने इसका श्रेय अपने माता-पिता तथा दादा दादी को दिया।

## बिहार के ऊर्जा क्षेत्र को प्रधानमंत्री की सौगात

### 6204.65 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के ऊर्जा क्षेत्र को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी में 6204.65 करोड़ रुपए की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में बिहार को 'रीवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' के तहत 5030.74 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की योजना शामिल है जिससे राज्य में उपभोक्ताओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण, सतत और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।
इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती क्षेत्रों में 62 गांवों में आवासीय विद्युतीकरण, 59 नए पावर सब-स्टेशनों के निर्माण तथा पटना विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण से संबंधित 1173.91 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। ये परियोजनाएं राज्य में विद्युत बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है जिससे शहरी और ग्रामीण- दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय पंचायती मंत्री राजीव रंजन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा और अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आज बिहार की ऊर्जा यात्रा में एक ऐतिहासिक दिन है। इन परियोजनाओं के माध्यम से हम न केवल राज्य के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाएंगे, बल्कि हर घर तक गुणवत्ता पूर्ण बिजली पहुंचाने के अपने संकल्प को और मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और केंद्र सरकार का सहयोग हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हर उपभोक्ता को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली सेवा मिल सके।

## सहरसा और समस्तीपुर के बीच एक-एक जोड़ी नई पैसेंजर ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 25.04.2025 से अमहा पिपरा से सहरसा (वाया सुपौल) तथा सहरसा से समस्तीपुर (वाया अलौली, बिथान) के मध्य एक-एक जोड़ी नई पैसेंजर ट्रेन का नियमित परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 75249 अमहा पिपरा-सहरसा पैसेंजर - गाड़ी सं 75249 अमहा पिपरा-सहरसा पैसेंजर अमहा पिपरा से 06.00 बजे खुलकर 06.50 बजे सुपौल, 07.30 बजे गढ़बरूआरी सहित अन्य स्टेशनों/हाल्टों पर रूकते हुए 08.50 बजे सहरसा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 75251 सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर (वाया अलौली, बिथान) - गाड़ी सं 75251 सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर सहरसा से 08.55 बजे खुलकर 09.15 बजे सोनबरसा कचहरी, 09.30 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 10.28 बजे बदलाघाट, 10.48 बजे मानसी सहित विभिन्न स्टेशनों/हाल्टों पर रूकते हुए 11.05 बजे खगड़िया पहुंचेगी। खगड़िया से यह 11.07 बजे खुलकर 12.15 बजे अलौली पहुंचेगी तथा यहां से यह 13.15 बजे खुलकर वापस 14.05 बजे पुनः खगड़िया पहुंचेगी। खगड़िया से यह 15.35 बजे खुलकर 16.12 बजे सलौना सहित अन्य स्टेशनों/हाल्टों पर रूकते हुए 17.00 बजे हसनपुर रोड पहुंचेगी। हसनपुर रोड से यह 18.00 बजे खुलकर 18.30 बजे बिथान पहुंचेगी तथा बिथान से 19.30 बजे खुलकर वापस 20.00 बजे पुनः हसनपुर रोड पहुंचेगी।

## भारतीय खाद्य निगम ने किया 2000 वें किसान को सम्मानित

### राज्य में गेहूं की कुल खरीद 8535 मीट्रिक टन पार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी है। 24 अप्रैल को पश्चिमी चंपारण जिले के ननकर पंचायत, गेहूं खरीद केंद्र मैनाटांड़ में अनुज कुमार ने किसान के रूप में समर्थन मूल्य पर 62 क्विंटल गेहूं विक्रय किया जिसके लिए उनको भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय, मोतीहारी के मण्डल प्रबंधक राम गोपाल द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। 2000 वें किसान से खरीद के उपरांत राज्य में भारतीय खाद्य निगम की कुल खरीद 8535 मीट्रिक टन को पार कर गई है तथा भारतीय खाद्य निगम की त्वरित भुगतान प्रणाली से किसान बहुत खुश है। अमित भूषण, महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) ने किसान भाइयों से अपील की है कि वे सरकारी खरीद केंद्र पर अधिक से अधिक गेहूं बेचकर देश की खाद्य सुरक्षा का हिस्सा बनें तथा समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर का लाभ उठाये। राज्य में गेहूं की खरीद 15 जून तक जारी रहेगी। भारतीय खाद्य निगम द्वारा त्वरित भुगतान को लेकर उपस्थित किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## पॉलिसीधारक की अनुपस्थिति में टर्म इंश्योरेंस क्लेम करने की प्रक्रिया जानें : पॉलिसीबाजार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोगों के बीच आम धारणा यह है कि टर्म पॉलिसी खरीदने के साथ ही वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है, लेकिन ऐसा नहीं है। टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को खरीदना वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की तरह पहला कदम जरूर है, लेकिन आपकी अनुपस्थिति में आपकी संपत्ति को किस तरह संभाला जाएगा इसकी योजना बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्लेम फाइल करने का समय आमतौर पर बिना बताए आ जाता है और अगर ऐसा होता है तो नॉमिनी व्यक्ति को अक्सर समझ नहीं आता कि आगे क्या करना है। हालांकि कंपनियों ने क्लेम की प्रक्रिया को आसान बनाया है, लेकिन इस प्रक्रिया को जानना आवश्यक है। वरुण अग्रवाल, हेड-टर्म इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने कहा कि सही योजना और समय पर कार्रवाई मुश्किल समय के दौरान क्लेम की प्रक्रिया को आसान बना सकती है और यह सुनिश्चित कर सकती है कि आपके प्रियजन सुरक्षित हैं। बीमाकर्ता को पॉलिसीधारक की मृत्यु के बारे में जल्द से जल्द बताना चाहिए। इससे पहले लाभार्थियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पिछले प्रीमियम का भुगतान हो चुका है और पॉलिसी एक्टिव है। नॉमिनी व्यक्ति को क्लेम फॉर्म ऑनलाइन डाउनलोड करके या इसे नजदीकी शाखा से प्राप्त कर सभी डिटेल्स और सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स के साथ फॉर्म को जमा करना चाहिए ताकि क्लेम प्रक्रिया शुरू की जा सके।
अगली प्रक्रिया क्लेम का मूल्यांकन है जिसमें बीमाकर्ता भुगतान जारी करने से पहले डिटेल्स की जांच करता है। लाभार्थियों की मुश्किलों को कम करने और उनकी मदद करने के लिए, आईआरडीएआई ने क्लेम फाइल करने के 30 दिनों के अंदर क्लेम सेटल करने का निर्देश दिया है। अगर क्लेम सेटलमेंट आवश्यक अवधि के अंदर नहीं किया जाता है तो बीमा कंपनी ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगी।

# महागठबंधन की अहम बैठक 4 मई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने और सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन की अगली और अहम बैठक चार मई को होगी। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकात आश्रम में गुरुवार को हुई महागठबंधन की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। महागठबंधन के नेताओं ने बताया कि 4 मई को महागठबंधन की सभी पार्टियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी जिसमें सभी पार्टियों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।
महागठबंधन की गुरुवार को हुई बैठक में नेता तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के नेताओं नें पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान तेजस्वी यादव ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर सवाल उठाया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को सरकार और इंटेलिजेंस का फेलियर बताया। तेजस्वी यादव ने सरकार से पूछा कि आखिर घटना के 48 घंटे बाद भी आतंकी कैसे बचे हैं और सरकार ने अब तक क्या कदम उठाया है? उन्होंने कहा कि यह पूरी घटना सुरक्षा व्यवस्था में चूक के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना होगा कि इसके जिम्मेदार कौन है? किसकी लापरवाही से आतंकियों ने इतना बड़े हमले को अंजाम दिया है? तेजस्वी ने कहा कि बहुत बड़ा सिक्योरिटी लैप्स हुआ है। आतंकी कैसे सीमा पार पहुंचे? यहां पहुंचने के बाद उन्होंने हमले के लिए पहले रेकी की होगी। उसके बाद साजिश को अंजाम देने की प्लानिंग की गई होगी, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। देश की जनता जानना चाहती है कि यह चूक कहां से हुई है? तेजस्वी यादव ने कहा भाजपा नीत केंद्र सरकार और गोदी मीडिया के द्वारा आतंकी घटना को संप्रदाय के रंग देना सरकार की नाकामी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भाजपा की यह कोशिश देश, संविधान, लोकतंत्र और मानवता के लिए घातक है। महागठबंधन इसकी निंदा करता है। इस दौरान तेजस्वी ने कश्मीर में फंसे बिहार के लोगों को वहां से निकालने के लिए बिहार सरकार द्वारा कोई हेल्पलाइन नंबर नहीं जारी करने पर हैरानी जताई। तेजस्वी ने कहा कि किसी मंत्री की तैनाती वहां नहीं की गई। न ही बिहार के नागरिकों की सुरक्षा सुरक्षित वापसी सुनिश्चित किया है। बिहार सरकार प्रधानमंत्री की रैली में इतनी व्यस्त रही कि उसे अपने नागरिकों की सुधि लेने का भी समय नहीं है। राज्य के टॉप लीडरशिप से भी जानना चाहते हैं कि जो भी बिहारी पर्यटक कभी कश्मीर में है उनकी सुरक्षित वापसी के लिए आपने क्या प्रावधान किया है? उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों द्वारा समय-समय पर बिहार के अनेक श्रमिक भाइयों की हत्या की गई अब सरकार बताएं इसका जिम्मेदार कौन? हमारे बिहार से पलायन करके बाहर मजदूरी करने कई लोग गए बिहारी भाई, उनकी भी मौत हुई तो आखिर उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान पहलगाम की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सबने एक मिनट का मौन रखा। कल शाम 7 बजे से कैंडल मार्च होगा जिसमें गठबंधन के सभी लोग शामिल होंगे। मार्च इनकम टैक्स से डॉकबंगला तक होगा।

## प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की दी गयी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय, पाटलीपुत्रा औद्योगिक प्रांगण, पटना द्वारा मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन होटल बुद्धाहेरिटेज, पाटलिपुत्रा कॉलोनी में 24 अप्रैल को किया गया। मानक मंथन का विषय 'प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में भारतीय मानकों की भूमिका' रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक अपशिष्ट से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना, नवीन तकनीकी समाधान साझा करना तथा मानकों के अनुपालन को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर सीआईपीईटी के उपनिदेशक, तकनीकी अधिकारी, प्लास्टिक पाइप निर्माता तथा अन्य संबंधित उद्योगों के 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में हिमांशु कुमार, वैज्ञानिक-सी, बीआइएस ने बीआइएस की प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन, प्रमाणन प्रक्रिया तथा गुणवत्ता अवसंरचना में बीआइएस की भूमिका को विस्तार से बताया।
सुधांशु सुमन, वैज्ञानिक-सी, बीआइएस द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं उससे संबंधित भारतीय मानकों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अनुपम सिन्हा, तकनीकी अधिकारी द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और तकनीकी उन्नतियों की जानकारी दी। उन्होंने रीसाइक्लिंग तकनीकों, स्थायी उत्पादन पद्धतियों और नवाचार आधारित समाधानों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने प्रमाणन प्रक्रिया, अनुपालन की चुनौतियों तथा पर्यावरणीय मानकों पर प्रश्न पूछे। इस सत्र का संचालन चंद्रकेश सिंह, प्रमुख द्वारा किया गया जिन्होंने प्रतिभागियों को सभी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर संतोषजनक उत्तर दिए। भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से चंद्रकेश सिंह वैज्ञा.ई/निदेशक एवं प्रमुख हिमांशु कुमार(वैज्ञा सी/उप-निदेशक) सुधाशु सुमन (वैज्ञा सी/उप-निदेशक) एवं प्रशांत कुमार तिवारी, एसपीओ उपस्थित थे।

### कीटनाशक के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी

**पटना।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारी साथ गांव में गुरुवार की दोपहर कीटनाशक का सेवन से एक युवक की हालत बिगड़ गई। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उक्त युवक दीपक कुमार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर घर के सभी लोग अपने काम में व्यस्त थे। तभी उक्त युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

### आग की चपेट में आने से बुजुर्ग झुलसे

**पटना।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में आग की चपेट में आने से बुजुर्ग झुलस गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। झुलसे बुजुर्ग जमीरा गांव निवासी 75 वर्षीय कन्हैया यादव है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह गांव के बधार में कचरे को इकट्ठा कर जला रहे थे।

## सरकार नहीं चाहती कि पंचायतों को मजूबत किया जाए : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को राजद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तेजस्वी यादव ने बिहार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पंचायतों को डराने धमकाने का काम कर रही है। उनके हक को छीनने की कोशिश की जा रही है। सरकार नहीं चाहती कि पंचायतों को मजूबत किया जाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के अधिकार को छीना गया जिसके लिए उन्हें धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। मुखिया जी को धमकाया गया। इस सरकार में भय का वातावरण बनाया गया। अफसरशाही पूरी तरह से हावी है। मौजूदा सरकार न्याय देने की जगह आपका शोषण करने में लगी है। उन्होंने कहा राज्य में 20 साल और केंद्र का 11 साल देखा, लेकिन बिहार आज भी सबसे फिसड्डी राज्य है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि तीन से चार करोड़ लोग बिहार से पलायन कर रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय बिहार में सबसे कम है। न कल कारखाना है, न कोई धंधा है। किसानों की आय देश में सबसे कम है। तेजस्वी यादव ने केंद्र पर बिहार के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो सहयोग आर्थिक तौर पर बिहार को मिलना चाहिए वह नहीं मिला। संसद में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से मना कर दिया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर आने वाले चुनाव में राजद की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि अब सही समय है इस राज्य से 20 साल से चली आ रही सरकार को उखाड़ कर फेंकने का।

CMYK

# कैमूर के सभी स्कूलों में पूर्वाह्न 11:45 के बाद पढ़ाई पर रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में पूर्वाह्न 11:45 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। कैमूर जिले में हाल के दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, विशेष रूप से दोपहर के समय लू एवं अत्यधिक गर्मी की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी सावन कुमार द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार कैमूर जिले के समस्त विद्यालयों (सरकारी, गैर-सरकारी, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी सहित) सभी निजी विद्यालय, सभी निजी कोचिंग संस्थान में 24 अप्रैल 2025 से 15 मई 2025 तक पूर्वाह्न 11:45 बजे के बाद सभी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। निर्देश दिया गया है कि सभी विद्यालयों एवं संस्थानों के प्रबंधक/प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि 11:45 पूर्वाह्न के बाद कोई भी शैक्षणिक गतिविधि संचालित न की जाए। यह आदेश जिला दंडाधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर से निर्गत किया गया है एवं उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विद्यालय या संस्था के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं, विद्यालय प्रबंधनों एवं अभिभावकों से अपेक्षा की जाती है कि वे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आदेश का पूर्णतः पालन करें।

## 17 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 17 आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, दहेज हत्या, चोरी, विविध, अवैध खनन, वारंटी व शराब तस्कर है। 96 लीटर देशी शराब, बाइक, ट्रैक्टर जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख 71 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# पैक्स गोदाम का शटर तोड़ छह सौ बोरी धान की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दुर्गावती।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पैक्स गोदाम का शटर तोड़ अज्ञात चोरों द्वारा छह सौ बोरी धान की बोरी चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर गांव के पश्चिम सड़क किनारे उक्त गोदाम बना हुआ है। इसी गोदाम में धान से भरे बोरे रखे गए हैं। बुधवार की रात कुछ किसान गोदाम के अगल-बगल में खेतों की सिंचाई कर रहे थे। रात में गोदाम के निकट मालवाहक वाहन को देख एक किसान घुमते हुए गोदाम के तरफ गया। चोरों की नजर गोदाम की तरफ आ रहे किसान पर पड़ गयी जिसे देख चोर अपने माल वाहन सहित भाग खड़े हुए। किसान शटर टूटा हुआ देख सन्न रह गया। इसकी जानकारी पैक्स अध्यक्ष व परिजनों को दी। पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने इस सम्बन्ध में बताया कि रात दो बजे हम लोगों को जानकारी हुई तो पैक्स गोदाम पर पहुंचे तो देखा कि गोदाम का शटर टूटा हुआ है। बोरे में भरकर रखे गए धान गायब है तथा कुछ धान भरे बोरे बिखरे पड़े हैं। इसकी जानकारी तत्काल 112की पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची 112की पुलिस टीम रात में ही मुआयना कर चली गयी। लगभग छह सौ धान से भरे बोरे गायब होने का अनुमान है। चोरी हुई धान भरे बोरे का अभी मिलान किया जा रहा है। गोदाम के निकट चोरों के खड़ी वाहन के चक्के के निशान से अनुमान लग रहा है कि डीसीएम जैसी कोई वाहन रही होगा।

# दत्तक ग्रहण संस्थान में तीन दंपतियों को गोद में मिले बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बाल कल्याण समिति रोहतास के आदेशानुसार विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान सासाराम में आवासित परित्यक्त बालिका आर्या उम्र लगभग 6 माह को दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एनआरआई दत्तक ग्राही माता-पिता रुबेन थॉमस जार्ज व थाईपरमपील रूथ वर्गीस को, बालिका लक्ष्मी उम्र 6 माह पूणे, महाराष्ट्र निवासी दत्तक माता-पिता हिमांशु विश्वास अहीरे व श्रीमति संध्या हिमांशु अहीरे को एवं बालक विक्की उम्र 10 माह को रांची, झारखण्ड दंपत्ति मो. इद्रीस खान रुबीना खानम को उदिता सिंह (भा प्र से) जिला पदाधिकारी रोहतास द्वारा किशोर न्याय अधिनियम -2015, यथा संशोधित-2021 एवं केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए), नई दिल्ली के द्वारा पूर्ण कर अंतिम दत्तक ग्रहण आदेश पारित करते हुए तीनों दंपति को गोद दी गई। तीनों दंपत्तियां बालिकाएं एवं बालक आर्या, लक्ष्मी एवं विक्की को प्राप्त कर बेहद प्रसन्न हुए तथा उन्होंने जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित सभी पदाधिकारीगण को धन्यवाद अर्पित किए। इस दत्तक ग्रहण के अवसर पर मो. मिराजुद्दीन सदानी, बाल संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत), जिला बाल संरक्षण इकाई रोहतास, मिथिलेश कुमार, समन्वयक, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान रोहतास, मो. जफर हसन, प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा, रोहतास, आशीष रंजन, ओएसडी, रोहतास, संतोष कुमार अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति आदि पदाधिकारी व दत्तकग्राही माता-पिता उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी द्वारा दत्तक ग्राही माता-पिताओं को बच्चे के पालन पोषण उचित तरीके से करने तथा विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया तथा अनुरोध किया गया कि भविष्य में बच्ची के संबंध अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

## मुझे पूजने की नहीं पढ़े जाने की जरूरत

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समाज शिक्षा राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये। डालमियानगर के ई एस आई परिसर में इंटरनेशनल अंबेडकर इंस्टीट्यूट रिसर्च रिहैबिलिटेशन के तत्वावधान में आयोजित अंबेडकर जयंती के मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल अंबेडकर ने उक्त बातें बुधवार देर शाम कहीं। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर एक महान विचारक, समाज सुधारक व संविधान निर्माता थे। उन्होंने कहा था संविधान केवल वकीलों का डॉक्यूमेंट नहीं यह जीवन का एक माध्यम है। कहा कि राजनीतिक लोकतंत्र तब तक अधूरा है जब तक उसमें सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र न हो।

# ढाई करोड़ के हेरोइन के साथ दो तस्कर धराए

**▸ एसपी के निर्देश पर नुआंव पुलिस ने वाहन जांच में की कार्रवाई**

**▸ 2.513 किग्रा हेरोइन के साथ, दो मोबाइल जब्त**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** आरक्षी अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर नुआंव पुलिस ने ढाई करोड़ के हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्कर यूपी से हेरोइन लेकर बिहार के भोजपुर जिला जा रहे थे। मामले में पुलिस ने दो मोबाइल व एक बाइक भी जब्त किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने अकोल्हि मैदान के पास वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान में एक बाइक पर दो सवार आ रहे थे, पुलिस को देखते ही बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। भागने के दौरान बाइक सवार बाइक लेकर जैतपुरा पम्प कैनाल में गिर गए। घटना में दोनों सवार घायल हो गए। बाइक भी बुरी तरफ क्षतिग्रस्त हो गई। पूछताछ के दौरान बाइक सवार ने बताया कि बाइक के डिक्की में हेरोइन रखा है। पुलिस जब डिक्की खोला तो देखा कि उसमें भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि डिक्की से 2.513 किग्रा हेरोइन बरामद हुआ जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में ढाई करोड़ कीमत है। पुलिस ने बताया कि तस्कर यूपी से हेरोइन लाकर बिहार के भोजपुर जिला ले जा रहे थे। गिरफ्तार दोनों तस्कर रूपेश कुमार व प्रमोद कुमार पिता मंगल सिंह कुशवाहा यूपी के गाजीपुर जिला के दिलदारनगर थाना के कुसी गांव के निवासी हैं। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार, आशुतोष कुमार, अजीत महतो, धर्मपाल कुमार शामिल थे।

# श्री मां के स्थायी आगमन पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** श्री मां का जापान का कार्य पूरा हो चुका था। उन्होंने अपने अंतरस्त भगवान से प्रार्थना की और अपने अग्रिम जीवन के लिए निर्देश मांगा। निर्देश तुरंत प्राप्त हुआ और उन्हें श्री अरविंद के पास पांडिचेरी जाने का बहुत स्पष्ट संकेत प्राप्त हुआ। श्री मां ने उस आदेश का पालन किये बिना आगे पीछे किया वह दूसरे ही दिन जापान से जहाज द्वारा रवाना हो गई। पाली स्थित श्री अरविंद सोसाइटी केंद्र में श्री मां के स्थाई रूप 24 अप्रैल 1920 को पांडिचेरी पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में सोसाइटी की अध्यक्षा ज्योति उपाध्याय ने कही। उन्होंने कहा कि इसके बाद फिर उन्होंने एक क्षण के लिए भारत कभी नहीं छोड़ा। साधक कृष्णा प्रसाद ने कहा कि श्री मां के आते ही आश्रम के साधकों के जीवन में तीव्र सुधार परिलक्षित हुआ जहां पहले वह मुक्त और स्वच्छंद जीवन व्यतीत किया करते थे वहां अब श्री मां के स्नेह और प्रेम का उन पर ऐसा जादू चला कि उनकी वह सारी स्वच्छंदता सुंदर अनुशासन और व्यवस्था में बदल गई। श्री मां ने यहां आकर श्री अरविंद को गुरु के आसन पर प्रतिष्ठित किया। अपने व्यवहार और कार्यों से श्री मां ने लोगों को दिखाया कि शिष्य और गुरु के बीच संबंध किस तरह होना चाहिए। स्वयं जमीन पर बैठकर उन्होंने साधकों के समक्ष यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि किस तरह गुरु का सम्मान किया जाता है। प्रो संगीता सिंह ने कहा कि श्री अरविंद ने स्वयं श्री मां के गुणों का वर्णन करते हुए कहा था कि ऐसा आत्म समर्पण उन्होंने कहीं नहीं देखा। मैं प्रथम बार जाना शरीर के अंतिम कोषाणुओं तक संपूर्ण रूप से मनुष्य के लिए आत्मसमर्पण कर पाना संभव है। सरोज चौबे ने कहा कि चाहे पशु पक्षियों की हो फूल पौधों की अथवा भौतिक वस्तुओं की सबके लिए श्री माताजी के हृदय में असीम प्रेम था। राजेश तुलस्यान ने कहा कि आश्रम में की की नामक एक असाधारण बिल्ली थी जो सभी साधकों के साथ ध्यान करती थी और उसे समाधि लगती थी जैसे ही उसके बच्चे पैदा होते थे वैसे ही अपने बच्चों को श्री मां के चरणों में डाल देती थी। यह बिल्ली श्री मां को बहुत प्यारी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ उषा ध्यान से हुआ। भजन, मातृ ध्वजारोहण के बाद श्री मां के पांडिचेरी स्थाई आगमन के सम्बन्ध में परिचर्चा आयोजित किया गया। सचिव भोला जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आतंकी हमले की अधिवक्ताओं ने की निंदा

**सासाराम (नबिटा सं.)।** अधिवक्ता संघ सासाराम के अध्यक्ष कमल बहादुर के द्वारा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम के बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति श्रद्धांजलि हेतु एक शोक सभा का आयोजन संघ भवन में प्रातः10 बजे आहूत की गई जिसमें संघ के सदस्यों, ताईद, स्टाफ तथा अन्य उपस्थित लोगों द्वारा मारे गये सभी मृतक पर्यटकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई की इस दुःख की घड़ी में मृतकों के परिवार को ईश्वर इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। संघ के अध्यक्ष कमल बहादुर ने इस जघन्य अमानवीय आतंकी हमले की घोर निंदा की तथा उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# राजकीय सम्मान के साथ सीआरपीएफ जवान को दी गई अंतिम सलामी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** प्रखंड के सेमरी गांव निवासी कपिलमुनि पासवान के बड़े पुत्र दिलीप पासवान जो कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 196वीं बटालियन में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तैनात थे, मंगलवार की रात करीब एक बजे दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार के दौरान शहीद हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को दिलीप पासवान क्षेत्र में गश्ती के लिए निकले थे। इस दौरान उनका पैर एक दबाव संचालित विस्फोटक आईईडी पर पड़ गया जिससे जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके दोनों पैर और दायां हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। तुरंत उन्हें हवाई मार्ग से दिल्ली भेजा गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। दिलीप पासवान वर्ष 2017 में सेवा में शामिल हुए थे और उनकी पहली नियुक्ति मोकामा में हुई थी। वर्ष 2012 में उनकी शादी भभुआ प्रखंड के पियां गांव की अनिता देवी से हुई थी। उनके परिवार में दो पुत्र- रजनीश रंजन पासवान 13 वर्ष अनमोल पासवान 10 वर्ष तथा एक पुत्री संध्या कुमारी 11 वर्ष है। दिलीप पासवान अपने पिता कपिलमुनि पासवान के तीन पुत्रों में सबसे बड़े थे। उनके दो छोटे भाई महाबीर पासवान और राकेश पासवान हैं। दिलीप की शहादत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूरे गांव ने एक सपूत को खो दिया जिसकी वीरता और बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार, सीआरपीएफ डिप्टी कमांडेंट उत्तम कुमार, एसडीएम आशुतोष रंजन, एसडीपीओ दिलीप कुमार, बीडीओ प्रियंका कुमारी, थानाध्यक्ष रंजन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ ने पहलगाम में मारे गए लोगों की याद में की शोक सभा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला अधिवक्ता संघ कैमूर द्वारा गुरुवार को 12:30 बजे दोपहर में (भभुआ) के पुस्तकालय भवन में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22/04/0225 को आतंकवादियों के द्वारा 28 लोगों की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दिया गया और लगभग 16 लोग घायल हैं। मृतक लोगों के आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा घायल लोगों को स्वस्थ होने की प्रार्थना की गयी तथा देश से आतंकवाद एवं आतंकवादी को खात्मा करने की केन्द्र सरकार से मांग की गई। महासचिव मन्टू पाण्डेय, चन्द्रशेखर सिंह, दिलीप सिंह, रमन जी पाण्डेय, अजित कुमार, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र पाण्डेय, दाऊ जी सिंह, लक्ष्मी कान्त तिवारी, ओम प्रकाश, मनोज मिश्रा, शशि कुमार, विद्या कुमार पाण्डेय, अभिषेक कुमार, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, रवि कुमार सिन्हा, राधाकृष्णा प्रसाद, विपुल राय, राहुल चौबे, ऋषन मौर्य, अमित कुमार प्रदीप पाण्डेय काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे भारत : बोस फाउंडेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन ने कचहरी कैंपस में शोक सभा आयोजित कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में आईबी ऑफिसर मनीष रंजन की हत्या व छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में प्रेशर बम विस्फोट से चेनारी थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के सीआरपीएफ जवान दिलीप पासवान की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। दिवंगत दोनों आत्माओं की शांति और पीड़ित परिजनों को सहनशक्ति के लिए ईश्वर से कामना की गई और दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करते हुए अपने शोक संदेश में फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग भारत सरकार से की है। श्री पासवान ने कहा है भारत सरकार आतंकवाद और उसके आका पाकिस्तान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। हम देशवासी सभी प्रकार की कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं। आज भारत में रहने वाले सभी लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। शोक सभा की अध्यक्षता प्रोफेसर हरिहर सिंह ने किया। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से इंजीनियर नारायण राय, उपेंद्र राय, राम नारायण पासवान, बनारसी सिंह, गुड्डू पटेल, रासबिहारी सिंह, राजेश कुमार सिंह, अधिवक्ता रमाशंकर सिंह सहित अनेकों संभ्रांत नागरिक शामिल थे।

# पराली नहीं जलाएं, खेत और पर्यावरण दोनों को बचाएं

**कैमूर में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** कैमूर जिले में खेतों में पराली जलाने से उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग, कैमूर द्वारा आज एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में मोटरसाइकिल सवार किसान एवं स्वयंसेवक अपने हाथों में पराली न जलाने से संबंधित तख्तियां लिए हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जोरदार नारे लगाकर आम जनमानस को जागरूक कर रहे हैं। 'पराली जलाना बंद करो- खेतों को जिंदा रखो', 'धुंआ नहीं, हरियाली चाहिए' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। यह रैली न केवल शहरी क्षेत्रों में, बल्कि पंचायत स्तर पर भी चल रही है जहां प्रत्येक गांव में मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से किसानों से खेत में पराली न जलाने की अपील की जा रही है। कृषि विशेषज्ञों द्वारा यह भी बताया गया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है। पर्यावरण प्रदूषण और श्वसन रोग बढ़ते हैं। इसके स्थान पर पराली का उपयोग जैविक खाद या पशु चारे के रूप में किया जा सकता है। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे खेतों में पराली जलाने की बजाय वैकल्पिक उपाय अपनाएं और सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कृषि यंत्र सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाएं। यह पहल न केवल पर्यावरण की रक्षा है, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वस्थ और समृद्ध भविष्य देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# परशुराम जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए गांवों में जाकर परशुराम सेना ने किया जनसम्पर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** परशुराम सेना के सदस्यों द्वारा परशुराम जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए गांव- गांव जाकर जनसम्पर्क किया जा रहा है। वही परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी का कहना है कि परशुराम जन्मोत्सव कैमूर में लगभाग 4 साल से मनाया जा रहा है और इस बार भी भव्य रूप से परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी चल रही है। वही उन्होंने कहा कि परशुराम सेना के सदस्यों द्वारा परशुराम जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए जिले के अनेक गांवों में जा- जा कर जन सम्पर्क किया जा रहा है एवं समस्त ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ व प्रबुद्धजनों का सहयोग मिल रहा है। साथ ही साथ युवा वर्ग भी परशुराम जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ लगे हुए है। वही उन्होंने आगे कहा कि 29 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर संध्या 4 बजे शोभायात्रा नगर पालिका मैदान भभुआ से निकाली जाएगी। आपको बताते चलें कि परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने बताया कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में पूजा जाता है जिसका हिंदू परंपरा में बहुत धार्मिक महत्व है। यह हर साल वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पड़ती है। वही आगे उन्होंने बताया कि परशुराम जी का जन्म जमदग्नि ऋषि और रेणुका देवी के पुत्र के रूप में हुआ था। उनके पिता जमदग्नि एक ऋषि थे और भृगु महर्षि के वंशज थे। वे अपने पिता के प्रति अपनी गहन भक्ति और धर्म के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। वही जन-सम्पर्क में अभय पाण्डेय, राजन तिवारी, अंगद तिवारी, राजू तिवारी, राधे श्याम पाण्डेय, मनीष ओझा, अनिल दुबे, दिवाकर मिश्रा, दीपक दुबे, निरंकुश आजाद, भानु दुबे, हरिओम उपाध्याय, जय प्रकाश उपाध्याय, राजेश उपाध्याय, राम प्यारे उपाध्याय, राम स्नेही उपाध्याय, नागेन्द्र उपाध्याय, आलोक उपाध्याय, देवानंद उपाध्याय, हरिशंकर उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, देव मुनि उपाध्याय, अवधेश उपाध्याय, सत्यम कुमार उपाध्याय, यमुना उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, योगेश उपाध्याय, सौरभ उपाध्याय, अश्विनी उपाध्याय, अनीश तिवारी, अविनाश उपाध्याय, बृजेश उपाध्याय, अनुप उपाध्याय, सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurement Very Short Tender Notice (3rd Call)**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/06/2025-26 | Supply, Installation and Commissioning of VERTICAL TURBINE(VT) PUMP set with Motor and starter for shahpur intake well , Under Medininagar Municipal | 18,80,289/- | 37,700/- | 5,000/- | 8 माह |
| 2 | UDHD/MMC/07/2025-26 | Installation of Jalminar & Soak pit with Submersible pump set in exsisting borewell Under Medininagar Municipal Corporation. | 10,67,972/- | 21,400/- | 5,000/- | 3 माह |

| Sl. No. | Part – B | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 24/04/2025 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 24/04/2025 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 24/04/2025 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 02/05/2025 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 03 /05/2025 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350930 District(25-26).D

CMYK

# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि जनभागीदारी की आवश्यकता : डॉ. सुनील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**नवादा।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने बुधवार को जिला अतिथिगृह में वानिकी किसान, जीविका दीदियों और पर्यावरण मित्रों के साथ संवादात्मक बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य राज्य में हरित विकास और सामुदायिक सहभागिता को मजबूती देना था। मंत्री ने प्रतिभागियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें जनभागीदारी आवश्यक है। इस दिशा में वानिकी किसान, जीविका दीदी और पर्यावरण मित्रों की भूमिका अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली है। डॉ. कुमार ने कहा, हरित बिहार का सपना इन्हीं जमीनी कार्यकर्ताओं के समर्पण से साकार हो सकता है। राज्य सरकार आपके हर कदम पर साथ है और सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में मंत्री ने बिहार में इको टूरिज्म की असीम संभावनाओं की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजगीर और बोधगया जैसे स्थलों पर पर्यटकों की संख्या गोवा से भी अधिक हो गई है, जो बिहार के उभरते पर्यटन क्षेत्र की सफलता का संकेत है। अब सरकार की योजना राज्य के अनछुए पर्यटन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने की है।

मंत्री ने प्रदेशवासियों से हर रविवार को पौधारोपण संकल्प दिवस के रूप में मनाने की अपील की और कहा, प्रत्येक पौधा न केवल पृथ्वी की ऑक्सीजन है, बल्कि हमारी अगली पीढ़ी के लिए एक सुरक्षित भविष्य भी है। बैठक से पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने ककोलत जलप्रपात में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और वहां पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में वानिकी किसान, जीविका दीदी, पर्यावरण मित्र और समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक ने हरित विकास की दिशा में सामूहिक संकल्प और सहभागिता को नया आयाम दिया।

# पुलिस ने किया कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** हरनौत चेरो ओपी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के खरुआरा रेलवे हॉल के पास से एक व्यक्ति को एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने गुरुवार को बताया कि चेरो ओपी थाना पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली कि खरुआरा रेलवे हॉल के पास से एक व्यक्ति हथियार एवं गोली के साथ कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तलाशी ली गई तो एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। थानाध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत खरुआरा गांव के विश्वनाथ यादव के पुत्र नीतीश यादव हैं। हथियार एवं गोली के संबंध में विधि सम्मत धाराओं के अंतर्गत थाना में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान दरोगा परीक्षण पासवान, गंगा प्रसाद, सुबोध कुमार मंडल, सिपाही पिंटू कुमार यादव, विनय कुमार, विकास कुमार मौजूद थे।

# अधिकारी की उपस्थित में हुआ गेहूं फसल जांच कटनी प्रयोग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला कृषि पदाधिकारी नालंदा की अध्यक्षता में राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र सरमेरा में आज गेहूं फसल जांच कटनी प्रयोग संपादित किया गया। प्रक्षेत्र में कुल 4.5 हेक्टेयर में गेहूं बीज उत्पादन एवं एक हेक्टेयर में चना बीज उत्पादन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। गेहूं बीज उत्पादन का औसत उपज 50 स्क्वायर मीटर में 9 किलो 660 ग्राम रहा, जिससे अनुमानित उत्पादन 19 कुंतल 35 किलो प्रति हेक्टेयर रहने की संभावना है। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक पौधा संरक्षण संतोष कुमार, सहायक निदेशक उद्यान राकेश कुमार, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण अभिमन्यु कुमार, सहायक निदेशक शस्य भूमि संरक्षण अजीत प्रकाश, उपपरियोजना निदेशक आत्मा नालंदा अविनाश कुमार एवं सहायक निदेशक शस्य प्रक्षेत्र सह अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बिहारशरीफ विजेश कुमार सहित अन्य कृषि कर्मी भी उपस्थित रहे।

# नगर के व्यापारियों से संवाद में डॉ. अनुज को मिला अपार समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे समाजसेवी व शिक्षाविद् डॉ. अनुज सिंह जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लगातार लोगों से संपर्क साध रहे हैं। शनिवार को उन्होंने नवादा नगर के पंपु कल चौक से लेकर प्रजातंत्र चौक तक पदयात्रा कर व्यापारियों और आम जनता से संवाद किया। यह यात्रा पुरानी रेलवे स्टेशन, इंदिरा चौक, अस्पताल रोड और गोला रोड से होते हुए प्रजातंत्र चौक पहुंची, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।

पुरानी रेलवे स्टेशन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज ने कहा कि नवादा शहर आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। जाम की समस्या, सीवरेज की अनियोजित खुदाई और फुटकर व्यापारियों के लिए उचित व्यवस्था का अभाव जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी शहर में यातायात व्यवस्था दयनीय स्थिति में है, और सुबह की सैर के लिए कोई तय स्थान नहीं बनाया गया है। डॉ. अनुज ने व्यापारियों से अपील की कि वे इस बार केवल राजनीतिक दलों पर नहीं, बल्कि अपने मजबूत इरादों और इच्छाशक्ति पर विश्वास करें। उन्होंने कहा, ‌ल्लचुनाव जीतने के लिए पार्टी की नहीं, जनता के समर्थन की जरूरत होती है। आप सभी मेरे लिए मेरी पार्टी हैं।

यात्रा के दौरान स्टेशन रोड स्थित आर.के. प्लाई एंड हार्डवेयर के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार ने उनका स्वागत किया। वहीं इंदिरा चौक स्थित होटल सेलिब्रेशन में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार से मुलाकात कर उन्होंने समर्थन प्राप्त किया। डॉ. अनुज ने अपने अभिभाषण में स्पष्ट किया कि वे चुनाव जीतने के बाद नवादा की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा, मैं नवादा की जनता को वचन देता हूं कि आपके साथ रहकर, आपकी हर समस्या का समाधान मेरी प्राथमिकता होगी। इस पदयात्रा में डॉ. राजेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार झा (ज्योतिषाचार्य), राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त खेल शिक्षक अलखदेव प्रसाद यादव, युवा नेता चंदन कुमार, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद आशिक शाह, पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह, रामचरित्र सिंह, अधिवक्ता प्रमोद कुमार, मौसम कुमार, मुकेश सिंह, बिपलेंद्र कुमार, द्वारिका प्रसाद यादव, सुमित कुमार, अरुण कुमार, अभय रंजन, पारस कुमार, सोनू कुमार, ईश जी, अनिता कुमारी, निशा कुमारी, मधु देवी, रेणु देवी, राधा देवी सहित हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# अखंड कीर्तन से पूर्व 151 निकाली गई कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के हरीपुर गांव में गुरुवार को शिव मंदिर से भक्तिमय वातावरण में अखंड कीर्तन से पूर्व 151 कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। आयोजक प्रमोद पासवान ने बताया कि गांव में सुख, शांति और समृद्धि की लिए महिला श्रद्धालुओं द्वारा 151 कलश शुभयात्रा निकाली गई है, छात्र परिषद बाल्मीकि पासवान ने बताया कि बाढ़ स्थिति उमानाथ घाट से सुरक्षित वाहन द्वारा गंगाजल लाया गया था। जहां आज सुबह शिव मंदिर से पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण, विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर जलभरी किया गया, इसके बाद पैदल मार्च करते हुए सलमाबाद देवी स्थान होते हुए एसएच 78 मुख्य मार्ग के रास्ते पूरा क्षेत्र भ्रमण करते हुए, पुनः शिव मंदिर पहुंची जहां कलश स्थापित किया गया और आज 11 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है, हरे राम, हरे कृष्ण की जयघोष से पूरे गांव भक्ति माहौल में बदल गया है। इस कार्यक्रम के मौके पर मुकेश पासवान, बहादुर पासवान, नीरज पासवान, मुरारी पासवान, दिनेश पासवान, शंकर पासवान के अलावे सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हिसुआ के सफाई कर्मी पिछले 15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ।** हिसुआ नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जनसुराजी के हिसुआ विधानसभा के भावी प्रत्याशी कन्हैया कुमार बादल ने कहा कि जिस तरह से पहले कर्मी लोग काम कर रहे थे।उसी तरह होना चाहिए नहीं तो यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। शहर के मुख्य चौक-चौराहे सहित गलियों में कूड़े-कचरे का ढेर लग गया है। शहर पूरी तरह कचड़े में तब्दील हो चुका है। जिससे शहर के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सफाई कर्मियों की हड़ताल को परोक्ष रूप से स्थानीय लोगों का भी समर्थन प्राप्त है। जो इनकी मांगों को जायज बता रहे हैं। सफाई मजदूरों की हड़ताल के कारण फिलहाल नगर में पूरी तरह से सफाई व्यवस्था ठप है। दरअसल, नगर की सफाई दो तरह से कराई जा रही थी। जिसमें नगर परिषद के पुराने सफाई कर्मी पूर्व की भांति नगर परिषद की ओर से नगर परिषद के पुराने 17 वार्डों में सफाई करते थे। जिन्हे वेतन वगैरह सभी तरह के भुगतान नगर परिषद की ओर से किया जाता था। जिसके तहत पुराने 17 वार्डों में सफाई कार्य को लेकर नगर परिषद को मात्र 6 लाख 50 हजार रुपया खर्च होता है। जबकि मात्र दस विस्तारित वार्डों में आउटसोर्सिंग से कार्य कराने पर 12 लाख 50 हजार रूपये प्रतिवर्ष खर्च किया जाता है।

# जनसुराजी प्रशांत किशोर के आगमन को लेकर तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ।** प्रशांत किशोर के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। व्यवस्था परिवर्तन को लेकर सरला कर्ण, कन्हैया कुमार बादल हिसुआ क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 अप्रेल को जन सुराजी प्रशांत किशोर के अगवन को लेकर हिसुआ में जन सुराज पार्टी के तमाम कार्यकर्ता जुटेंगे, जिनमें पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर ऊर्ज़ा भरेंगे। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति तय की जाएगी। बादल ने कहा कि आम जनमानस की बस एक ही आवाज, बिहार के साथ-साथ हिसुआ का भी परिवर्तन हो की उठ रही आवाज। सांगा संजीत उर्फ कन्हैया कुमार बादल ने पत्रकारो से बात करते हुए कहा कि आज तक हिसुआ अनुमंडल नहीं बन सका क्योंकि बिहार विधानसभा में बोलने वाला कोई नेता नहीं गया। सभी मौनी बाबा बने रहे। बिहार विधानसभा में बोलने-गरजने वाले को जनता चुनेगी। सरला कर्ण ने कहा कि प्रशांत किशोर ही बिहार की तकदीर बदलेंगे। लोगों की समस्या का समाधान करेंगे।

# जारी है जन्मोत्सव मनाने का सिलसिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 जन्मोत्सव के तहत पकरीबरावां के दिव्या देवधा गांव में दलित युवकों क्रमशः कुलदीप दास, हजारी दास, आनंदी मांझी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया, अध्यक्षता भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार ने की। जन्मोत्सव को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कॉम भोला राम ने कहा जय भीम लाल सलाम को एक मंच पर आकर ही फासीवाद को हराया जा सकता है और संविधान लोकतंत्र की रक्षा होगी। मौके पर अजीत कुमार मेहता, नरेंद्र सिंह, महावीर मांझी समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया।

# नवादाः शराब के नशे में गिरफ्तार एंबुलेंस चालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में नशे की हालत में एंबुलेंस चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार एंबुलेंस चालक जिले के थाना अंतर्गत झिकटौरा निवासी गणेश प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र दीपक राज के रूप में किया गया है वह सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज में एंबुलेंस चालक बताया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम में सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज में हंगामा कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। एएसआई राजेश के लिखित शिकायत पर उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 159/2025 दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी के लिए गश्ती दल थाने से जा रही थी। इस गश्ती दल में एएसआई राजेश कुमार पुलिस बल के साथ में थे तभी सूचना मिली कि सीएचसी में हंगामा कर रहा है। हंगामा मचा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू किया गया।तब वह अपना नाम दीपक राज पिता गणेश प्रसाद मुफस्सिल थाना के झिकटौरा गांव का निवासी बताया। वह शराब के नशे में था।सीएचसी में जांच कराने के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर पंचायत अंतर्गत मड़पो गांव में गुरुवार की दोपहर उमेश साव,पिता-प्रभु साव के पक्का मकान में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि बिजली की शॉर्ट सर्किट के कारण घर में अचानक आग लग गई। जिससे घर में रखा बिचाली, जलावन, कमरा का दरवाजा आदि सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों एवं अग्निशमन की टीम के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जिससे अधिक नुकसान होने से बचाव हो सका। गृहस्वामी ने कौआकोल सीओ को आवेदन देकर मुआवजा की गुहार लगाई है।

### पीएम मोदी के कार्यक्रम का दिखाया गया सजीव प्रसारण



**कौआकोल।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी जिला में आयोजित पीएम मोदी के विशेष कार्यक्रम का गुरुवार को कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय के सभागार भवन में लाइव प्रसारण दिखाया गया। बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों एवं अन्य सम्बंधित कर्मियों के साथ मधुबनी में आयोजित पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार के लाइव सम्बोधन को सुना गया। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो सहित सभी पंचायत सचिव,विकासमित्र,मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### वन विभाग की नर्सरी में अचानक लगी आग

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड परिसर अवस्थित वन विभाग के नर्सरी के पास अचानक आग लग गई। जिससे एक शीशम का पेड़ एवं आस-पास की झाड़ी पूरी तरह लपेटा में आ गया। संयोग अच्छा था कि अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। अन्यथा एक बहुत बड़ी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। बता दें कि जिस जगह आगजनी को घटना हुई,उसके बगल में ही एफसीआई का गोदाम भी है। जो नुकसान होने से बच गया। बताया जाता है कि सूखे पत्ता एवं झाड़ी को जलाने के लिए आग लगाया गया था, परंतु आग की लपटें काफी तेज हो गई। जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना देकर आग पर काबू पाया गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जेहादी आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर की गई निर्मम हत्याओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, नवादा द्वारा पुरानी रेलवे स्टेशन परिसर स्थित तिरंगा झंडा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं को पुष्प अर्पित कर और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। सभी ने एक स्वर में मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए– भारत माता की जय, आतंकवादी होश में आओ, पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुओं पर हमला बंद करो, जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा, एक रहेंगे, सेफ रहेंगे। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा धर्म के आधार पर लोगों की हत्या अत्यंत निंदनीय और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस जघन्य हमले के पीछे एक बार फिर पाकिस्तान का हाथ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान बार-बार अपनी औकात भूल जाता है, लेकिन भारत की सरकार पहले भी मुंहतोड़ जवाब दे चुकी है और आगे भी देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस पर चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नवादा भाजपा की ओर से हम सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और इस कायराना हमले की तीव्र निंदा करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, मुकेश कुमार, वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, तरुण राजवंशी, सूर्यनारायण गुप्ता, हर्षिकेश महतो, अजीत शंकर, गौतम भारती, राहुल चंद्रवंशी, चिंता चौधरी, संजय भोजपुरी, पंकज नारायण गुप्त, मनोज गुप्ता, संतोष मोदी, चिरंजीवी पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस श्रद्धांजलि सभा ने नवादा में गहरी संवेदना और राष्ट्रहित के प्रति एकजुटता का संदेश दिया।

# खड़सारी पंचायत में पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव का गोविंदपुर विधानसभा सभा के कौआकोल प्रखण्ड में तूफानी दौरा लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। जनसम्पर्क अभियान के तीसरे दिन पूर्व विधायक कौशल यादव ने प्रखण्ड के खड़सारी पंचायत के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर सम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से पूर्णिमा यादव के समर्थन में अगले चुनाव में मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक ने कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के लोगों का मैं और मेरा पूरा परिवार शुरु से ऋणी रहा हूँ। यहां के एक-एक व्यक्ति के साथ उनका पारिवारिक सम्बन्ध हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ गलतियों के वजह से उन्हें पिछले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन अब उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। खड़सारी पंचायत के साथे, रुस्तमपुर,करमाटांड़,कदहर आदि गांवों में विधायक का ग्रामीणों ने जबरदस्त स्वागत कर अगले चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। वहीं पार्टी के सवाल पर पूर्व विधायक से ग्रामीणों ने कहा कि वे यदि निर्दलीय भी लड़ेंगे तो जीत की गांरटी यहां की जनता की लेगी। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन,प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,उप प्रमुख नवीन यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# तेज आंधी और रफ्तार की कहर, एक की मौत, दो जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** प्रकृति की मार और लापरवाही की रफ्तार ने एक बार फिर इंसानी जीवन को गंभीर आघात पहुँचाया है। नालंदा जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में जहाँ एक युवक की जान चली गई, वहीं एक शिक्षक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना थरथरी थाना क्षेत्र की है, जहां आंधी-तूफान में घायल एक युवक ने इलाज के 13 दिन बाद दम तोड़ दिया। दूसरी घटना लहेरी थाना क्षेत्र की है, जहाँ नशे में धुत ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए।

**तेज आंधी की चपेट में आकर प्रमोद यादव की गई जान**

थरथरी थाना क्षेत्र के पलटू बीघा गांव निवासी प्रमोद यादव (पुत्र स्व. सरयुग यादव), 10 अप्रैल को गांव के मंदिर में अखंड कीर्तन के लिए जा रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अचानक तेज आंधी आई और एक भारी पेड़ की डाल टूटकर उनके गले पर गिर गई। गंभीर रूप से घायल प्रमोद का शरीर लगभग सुन्न हो गया था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें नूरसराय पीएचसी और फिर पावापुरी मेडिकल कॉलेज होते हुए एम्स तक पहुंचाया। इसके बाद उन्हें एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहाँ बुधवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। थरथरी थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल को आई तेज आंधी-बारिश में जिले में 29 लोगों की जान गई थी।

**नशे में धुत ट्रैक्टर चालक की टक्कर से शिक्षक दंपती घायल**

वहीं दूसरी घटना गुरुवार सुबह लहेरी थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक के पास हुई। शाहपुर (रहुई) निवासी प्रमोद कुमार और उनकी पत्नी संजू कुमारी बाइक से बिहारशरीफ बस पकड़ने जा रहे थे। संजू सिलाव प्रखंड के गोरमा स्कूल में शिक्षिका हैं। तभी अस्पताल चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टर्निंग पर अचानक बिना ब्रेक लगाए बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय युवकों ने बहादुरी दिखाते हुए ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और तत्काल डायल 112 तथा लहेरी थाना पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई है।

# विकास योजनाओं को लेकर सदर विधायक विभा देवी का तूफानी दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** क्षेत्रीय विकास को गति देने के उद्देश्य से सदर विधायक विभा देवी ने गुरुवार को दोहरे अभियान के तहत विभिन्न गांवों का व्यापक दौरा किया। एक ओर जहां उन्होंने सोनसिहारी पंचायत के कई गांवों में जाकर विकास योजनाओं का चयन किया, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. अंबेडकर समग्र विकास सेवा शिविर को लेकर लोगों को जागरूक किया। विधायक विभा देवी ने बेलधार, सितारामपुर, त्रिलोकी बिगहा, मंझनपुरा, अंबिका बिगहा, माधोबिगहा सहित आधा दर्जन गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी जरूरतों के अनुरूप विकास योजनाओं का चयन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान हेतु निर्देश दिए।

विधायक ने अपने स्तर पर दो अलग-अलग टीमें गठित कर पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण शुरू कराया है। इसी क्रम में शंभु मालाकार के नेतृत्व में एक टीम ने नारदीगंज प्रखंड के नारदीगंज सदर, जगजीवन नगर, संदोहरा, आदमपुर और कहुआरा जैसे दलित बस्तियों में जाकर 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले समग्र विकास सेवा शिविर के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर में महादलित परिवारों को 22 प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर दिया जाएगा। टीम द्वारा लोगों को शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से उठा सकें।

इस अभियान दल में सुरेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, घुटर यादव, मदन कुमार, उदय कुमार, धीरज यादव, नागेंद्र यादव, मुकुलेश कुमार, चंदन कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने जनजागरूकता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

CMYK

# हिंदुओं पर आतंकी हमला के विरोध में बिहार प्रदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने निकाला कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जम्मू-कश्मीर के पुलगाम क्षेत्र में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में निर्दोष हिंदू नागरिकों की हत्या से पूरा देश आक्रोशित है। यह कायरतापूर्ण कृत्य मानवता को शर्मसार करने वाला है। इस दुखद घटना के बाद बिहार प्रदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने मृतकों की आत्मा की शांति हेतु एक कैंडल मार्च का आयोजन किया। यह मार्च संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर अपने गुस्से और दुख व्यक्त किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जो देश या संगठन आतंकवादियों को शरण देता है, उसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत शांति प्रिय देश है, लेकिन जब बात देश की सुरक्षा और नागरिकों की जान की आती है तो हमारे सैनिक किसी भी सीमा तक जाने को तैयार हैं। यदि भारत को शहरों के बीच जाकर भी लड़ना पड़े तो भारतीय सेना पूरी तरह से सक्षम और तैयार है। आतंकवादियों और उनके सरपरस्तों को मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है। कैंडल मार्च के माध्यम से न सिर्फ शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, बल्कि एक सशक्त संदेश भी दिया गया कि पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है। इस दौरान भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने केंद्र सरकार से यह मांग की कि आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और जम्मू-कश्मीर में रहने वाले निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद उर्फ काला नाग, राघवेंद्र दत्त, नीरज कुमार सिन्हा, अजय भट्टाचार्य, डॉ विकास सिंह, रामबालक पांडे, डॉ अजय यादव, सुनील यादव, अमित कुमार, धर्मेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद सिंह, बबलू गुप्ता, महेश यादव, मंटू कुमार, ललन कुमार, सीता देवी, ज्योति कुमारी, नीलम कंडुलना, माला सिन्हा, जिया वर्मा, शंभू शरण सिंह, राजेश तिवारी, दिनकर कुमार मिश्रा, संदीप कुमार, डॉ शशि भूषण मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, समीम खान, सुखनंद तिवारी, ललन दास, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वीप गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश

**गया(नबिटा सं.)।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम द्वारा विभिन्न कोषांग का गठन किया गया है जिसमें मतदाताओं को मतदान देने तथा मताधिकार का अधिकाधिक प्रयोग हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग का गठन किया गया है। विदित हो कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम द्वारा स्वीप कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में डीडीसी नवीन कुमार तथा नोडल पदाधिकारी के रूप में डीपीओ, आईसीडीएस डॉ0 रश्मि वर्मा को नामित किया गया है। गुरुवार को नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीपीओ आईसीडीएस की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग में शामिल सभी कर्मियों के साथ बैठक कर स्वीप गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधि को अधिक सुचारू बनाने के उद्देश्य से स्वीप गया के लिए सोशल मीडिया पेज को पुनः ईक्टिव करने का निर्देश दिया गया जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं ट्विटर पर जागरूकता संबंधी फोटोग्राफ्स तथा समय-समय पर जागरूकता संदेश को साझा किया जाएगा।

## अपराधियों ने एक को गोली मार किया घायल

**गया(नबिटा सं.)।** मंगलवार को रात्रि में डायल 112, बाराचट्टी थाना को सुचना प्राप्त हुई कि छिनरी पुल के पास अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया गया है। प्राप्त सूचना से वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष बाराचट्टी थाना के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंच कर घटनास्थल को संरक्षित किया गया तथा घायल व्यक्ति को इलाज हेतु ए.एन.एम.एम.सी.एच गया भेजा गया। घायल व्यक्ति की स्थिति सामान्य है। एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीटी एसपी के मार्गदर्शन एवं डीएसपी शेरघाटी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। साथ ही एफएसएल एवं तकनीकी टीम को भी घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन हेतु भेजा गया। उक्त टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन कर लगातार छापामारी की जा रही है। शीघ्र ही इस मामले का सफल उद्भेदन करते हुए इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में बाराचट्टी थाना द्वारा कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## 20 मई को रसोइयों की एकदिवसीय हड़ताल

**गया(नबिटा सं.)।** बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ (एक्टू) जिला शाखा गया के सदस्यों की बैठक गुरुवार को महासंघ भवन गया में जिलाध्यक्ष बीमा भारती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रीता वर्णवाल, रामचंद्र प्रसाद, अनीता देवी, सुमित्रा देवी, अंजू देवी, अनिल कुमार, शारदा देवी, बासो देवी सहित 35 रसोइया ने भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के जिला सचिव रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि इस बढ़ती महंगाई में सरकारी स्कूल में बच्चों को ताजा भोजन बनाकर खिलाने वाली रसोईया को मानदेय के रूप में मात्र 1650 प्रतिमाह देना घोर अपराध है। उसपर भी काम 12 माह और मानदेय 10 माह का दिया जा रहा है जो न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। महिलाओं के विकास की रट लगाने वाली मोदी सरकार 2014 से शासन में रसोईया को एक रुपया नहीं बढ़ाया। बिहार के मुख्यमंत्री वही नीतीश कुमार ने श्रम विभाग के दोबारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं करवाया है। राज्य कमिटी की बैठक के निर्णयानुसार 20 मई 25 को एकदिवसीय हड़ताल को सफल करने का संकल्प लिया गया जिसके लिए प्रखंड स्तर का दौरा किया जाएगा।

## एएसपी ने किया कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण

**गया(नबिटा सं.)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को एएसपी नगर पीएन साहू द्वारा सिविल लाइन थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों तथा कर्मियों के साथ गया कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर के सुरक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तारपूर्वक जांच की गई। तत्पश्चात कोर्ट परिसर में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर सतर्क निगरानी रखें। यदि परिसर में कुछ भी संदिग्ध प्रतीत हो तो तत्काल संबंधित थाने एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करें।

## इंकलाबी छात्र ने छात्र समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना बैठे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गया)।** मगध विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अराजकता और विश्वविद्यालय में छात्र समस्याओं को लेकर इंकलाबी छात्र संगठन ने मगध विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के समक्ष गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे। छात्रों का कहना है कि मगर विश्वविद्यालय छात्र समस्याएं चरम पर पहुंच गई है। आज विश्वविद्यालय में छात्र अपना एक छोटा से काम के लिए महीनों चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई निवारण नहीं निकल रहा है। धरना का संचालन कर रहे हैं। इंकलाब छात्र के संयोजक दीपक कुमार दांगी ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय छात्र अपने का छोटा-छोटा समस्या को ले कर आज महीनों- महीनों चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या है कि खत्म ही नहीं हो रहा है। आज छात्र अपना अंक प्रमाण पत्र में भी एक छोटा सा सुधार के लिए महीनों का चक्कर लगा रहे हैं। फिर भी उनका अंक प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के नाम पर शिक्षा में लूट मचा हुआ है। कॉलेज और विश्वविद्यालय अपने मनमर्जी अनुसार छात्रों से पैसा वसूल रही है। वही मौके पर उपस्थित इंकलावी छात्र के संरक्षक कमलेश यादव ने छात्रों शिक्षको और आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारे आंदोलन का उद्देश्य शांति और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाना है। हम सभी छात्रों, शिक्षक वर्ग और समाज से अपील करते हैं कि वे हमारे साथ इस न्यायोचित संघर्ष में शामिल हों, ताकि हम एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। अनिश्चितकालीन धरना में सैकड़ो की संख्या में छात्र उपस्थित हैं और उनका कहना है कि जब तक हम छात्रों की तमाम मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हम अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। धरना प्रदर्शन में रोहित, विक्रम, विमल, अभिषेक नीतीश, रोहित,भूषण, राहुल, राजेश, विकाश सहित स्नातक, स्नाकोत्तर एवं पीएचडी के सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

## शमशान घाट पर पिता पुत्री की अर्थी एक साथ जली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** क्षेत्र के पंचानपुर स्थित शमशान घाट पर पिता पुत्री की अर्थी एक साथ जली। बेटी की मौत के बाद पिता की मौत की खबर सुनते ही हर लोग अचंभित हो गया। जानकारी के अनुसार पंचानपुर बाजार निवासी 70 वर्षीय कृष्णा दास की 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी विगत कई वर्षों से असाध्य बीमारी से जूझ रही थी। प्रियंका का इलाज कराने कृष्णा दास विगत कुछ दिन पूर्व अपने बेटे संतोष दास के पास नरकटियागंज चले गये थे जहां संतोष रेलवे अस्पताल में अपनी बहन का इलाज करा रहा था। संतोष नरकटियागंज में भारतीय रेलवे में बतौर लोको पायलट तैनात है। इलाज के क्रम में प्रियंका की मौत हो गई। प्रियंका के पार्थिव शरीर को लेकर पिता पंचानपुर लौट रहे थे। इसी क्रम में बेटी की मौत के सदमे को कृष्णा दास बर्दाश्त नहीं कर सके व रास्ते में ही कृष्णा दास की हृदय गति रुक गई। घटना के बाद दोनों का पार्थिव शरीर पंचानपुर लाया गया जहां स्वजनों के क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। गुरुवार को पिता पुत्री के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी हो कि विगत वर्ष अप्रैल माह में कृष्णा दास की पत्नी का भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। घटना को लेकर नेशनल यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष रौशन गहलौत, समाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## दो भाइयों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के बड़गांव में दो भाइयों के बीच मारपीट का मामला दर्ज किया गया है जिसमें दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि वादी उपेन्द्र पासवान के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसमें पंकज कुमार एवं अजय पासवान को आरोपी बनाया गया है। ये पिता पुत्र हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**इमामगंज(नबिटा सं.)।** पुलिस ने मारपीट के एक आरोपी को गुरुवार के देवजरा गांव से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के देवजरा गांव में सात फरवरी को हुई मारपीट को लेकर प्राथमिकी अभियुक्त मनोज यादव को गिरफ्तार किया गया है जिसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेशी करते हुए जेल भेज दिया गया।

## कांग्रेस कमिटी की बैठक

**गया(नबिटा सं.)।** गुरुवार को कांग्रेस कमिटी के जिला मुख्यालय राजेन्द्र आश्रम कार्यालय के सभागार में गया जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गया जिला के अंतर्गत दस विधानसभा में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के बारे में मंडल अध्यक्ष और प्रभारी से चर्चा की गई। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार प्रभारी एवं भिलाई नगर के वर्तमान विधायक, देवेन्द्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सहाबुद्दीन रहमानी एवं बिहार प्रखंड कांग्रेस के प्रभारी राजीव पयासी, कार्यक्रम के प्रभारी मनोज कुमार, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमर खान, ए आईसीसी सदस्य कैलाश पाल, युवा अध्यक्ष विकास कुमार, महिला अध्यक्ष पिंकी कुमारी, किसान सेल के अध्यक्ष जुगल किशोर सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बुद्ध सेवक प्रसाद, शिक्षक विभाग अध्यक्ष विद्या सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार निराला, पूर्व प्रत्याशी अश्विनी कुमार, पूर्व प्रत्याशी शशि राजशेखर, पूर्व प्रत्याशी मोहन श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्याशी सुमत कुमार, पूर्व प्रत्याशी प्रियरंजन उर्फ डिंपल, पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका यादव,सादुल्ला फारुकी, राम उदय पासवान, गगन कुमार मिश्रा सम्मिलित हुए।

## डॉ. अनिंद्य देब अमेरिका के जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय में शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिंद्य देब को यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय में अगले सप्ताह आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने आमंत्रण प्राप्त हुआ है। डॉ. अनिंद्य देब, हयात रीजेंसी डलेस, हर्नडन, वीए, यूएसए में 1 से 3 मई 2025 तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन डीसी हेल्थ कम्युनिकेशन कांफ्रेंस 2025 में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा के साथ मीडिया विभाग के डीन एवं अध्यक्ष प्रो के. शिवा शंकर तथा विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने डॉ देब को बधाई और शुभकामनाएं दी है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने गुरुवार को बताया कि सम्मेलन के लिए चयनित शोधपत्र का शीर्षक है ऑनलाइन स्वास्थ्य समुदाय किस प्रकार रोगी-प्रदाता प्रकटीकरण को सुगम बनाते हैं तथा स्वास्थ्य सेवा गतिशीलता को नया स्वरूप देते हैं। यह शोध पत्र डॉ. अनिंद्य देब और उनकी पीएचडी शोधकर्ता सुश्री अंजलि जोशी द्वारा संयुक्त रूप से लिखा गया है जिसे सम्मेलन में डॉ. देब द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। यह शोधपत्र ऑनलाइन स्वास्थ्य समुदायों में रोगियों और स्वास्थ्य प्रदाताओं के बीच संचार की भूमिका विशेष रूप से एंडोमेट्रियोसिस जैसी जटिल बीमारी से पीड़ित महिलाओं के संदर्भ में पर प्रकाश डालता है। शोध में इन महिलाओं द्वारा डॉक्टरों से अपने पेल्विक दर्द को साझा करने या छिपाने में सामना की जाने वाली संचार चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है।

## आतंकी हमले के विरोध में इमामगंज में निकाला कैंडल मार्च, लोगों में दिखा आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**इमामगंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला जो यह कैंडल मार्च इमामगंज गांधी मैदान से प्रारंभ मुख्य बाजार होते हुए डुमरिया मोड़ के पास समापन हुआ जहां सभी लोगों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं मार्च के दौरान लोग हाथों में हिंदुस्तान जिंदाबाद, हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान, बटोगे तो कटोगे जैसे नारों वाली तख्तियां थीं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंक के खिलाफ एकजुटता दिखाई। वहीं इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनल सिंह और अप्पू सिंह ने कहा कि हिंदू पर्यटकों पर हमला न केवल अमानवीय है बल्कि यह मानवता के खिलाफ भी है। पूरा देश इस बर्बर हमले से आहत है। चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि हम इस जघन्य अपराध की कठोर निंदा करते हैं जो संगठन इस हमले की जिम्मेदारी ले रहा है और जो देश (पाकिस्तान) इसका समर्थन कर रहा है, उसकी भी घोर निंदा की जाती है। वहीं सोलन सिंह ने कहा कि अगर भारत सरकार से देश नहीं समझ रहा है तो हम लोगों पर छोड़ दो हम लोग बिहार के लोग भी पाकिस्तान में घुसकर सभी को छक्के छुड़ा देंगे। और पाकिस्तान में घुसकर सभी को चुन चुन कर मारेंगे। वहीं गिरधारी बाबा उर्फ रौशन मिश्रा ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले निर्दोषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कड़ा विरोध दर्ज किया। इस तरह के जो घटना से हम सभी हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। अगर हम लोग सभी हिंदू अभी भी एग्जिट नहीं होंगे तो बाटेंगे और कटोगे। इस मौके पर सोनल सिंह, नीरज सिंह, अप्पू सिंह, अनुराग पाठक, विकास कश्यप, गिरधारी पाठक, सुशांत पाठक, राजेश पांडे सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एफसीआई गेहूं क्रय केन्द्र में खरीदारी संतोषजनक नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** प्रखण्ड में भारतीय खाद्य निगम के द्वारा किसानों से गेहूं खरीद के लिए सर्वोदय उच्च विद्यालय के समीप क्रय केंद्र का प्रारंभ एक अप्रैल से किया गया है। इस क्रय केंद्र में किसानों द्वारा संतोषजनक गेहूं की बिक्री नहीं की जा रही है। गेहूं की एफ सी आई केन्द्र में बिक्री के लिए सुश्री सीमा एवं क्रय केंद्र सेंटर प्रभारी अमरीश चंद्र को गांव-गांव किसानों को प्रेरित करते हुए देखा जा रहा है, परन्तु फिर भी किसानों द्वारा एफसीआई को गेहूं नहीं देकर स्थानीय व्यापारियों के हाथों बेचा जा रहा है। बजह यह है कि एफसीआई द्वारा चौबीस सौ पच्चीस रुपए (2425) प्रति क्विंटल गेहूं क्रय किया जा रहा है और पैसा 48 घंटे में बैंक खाता में देने की बात कही जा रही है। इसके विपरीत स्थानीय व्यापारियों द्वारा पच्चीस सौ (2500) रूपए प्रति क्विंटल खरीद किया जा रहा है और पैसा भी तुरन्त दिया जाता है। अब प्रश्न उठता है कि पचहत्तर रूपए प्रति क्विंटल घाटा सहकर एफसीआई को किसान गेहूं क्यों दें।

## राजस्व और फुटफॉल में डीडीयू-गया के बीच में रहा अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी ऑन सोन स्टेशन हर साल की भांति वित्तीय वर्ष 2024-25 भी राजस्व और फुटफॉल में डीडीयू-गया के बीच में अव्वल रहा। रेल सूत्रों के अनुसार डिहरी ऑन सोन का राजस्व 490511589 और फुटफॉल 5608877 सासाराम राजस्व 465599269 और फुटफॉल 5042312 अनुग्रह नारायण रोड राजस्व 314613497 और फुटफॉल 2360312 भभुआ रोड राजस्व 196174819 और फुटफॉल 2172860 रहा है। टीम डिहरीयंस के सदस्यों ने डिहरी ऑन सोन को फिर से गया -डीडीयू के बीच नम्बर एक स्टेशन का दर्जा प्राप्त करने में हार्दिक बधाई दिया है और डीडीयू मण्डल में तीसरा सबसे बड़ा स्टेशन होने का गौरव प्राप्त हुआ है। डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर टीम डिहरीयंस संगठन प्रमुख ट्रेनों का ठहराव की मांग रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, मण्डल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीणा एवं रेलवे के अधिकारियों से करता है। डिहरी ऑन सोन के राजस्व और फुटफॉल डाटा के अनुसार डीडीयू - गया के बीच अगर किसी स्टेशन को ठहराव मिलना चाहिए तो उसका पहला हकदार डिहरी ऑन सोन है जबकि रेलवे ने सारे नियम कानून को ताखपर रखकर कम राजस्व और फुटफॉल वाले स्टेशन को 10 ट्रेनों का ठहराव ज्यादा दिया गया जो कि कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। डिहरी पुलिस जिला मुख्यालय के साथ-साथ शाहाबाद के बड़े शहरों में से एक है। डिहरी ऑन सोन में जिला और प्रमंडल स्तर के कई कार्यालय पहले से ही मौजूद है। डिहरी ऑन सोन दक्षिण बिहार का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल शहर है। साथ में डिहरी ऑन सोन को औद्योगिक जिला बनाने की मांग भी जोरो पर ह। बियाडा के दो इंडस्ट्रियल एरिया है एक एनिकट और दूसरा सुअरा में। अभी हाल में 230 एकड़ का विशेष आर्थिक क्षेत्र भी घोषित किया गया है। आने वाले समय में रेलवे के द्वारा एक्सेल वैगन मरम्मत और कपलर निर्माण कारखाना प्रस्तावित है। रेलवे यात्रियों के सुविधा और राजस्व के देखते हुये निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर जल्द से जल्द प्रदान किया जाये।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिहारशरीफ (नबिटा सं.)।** रहुई थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक अशोक प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार था। युवक की दो महीने फिर ही शादी हुई थी। परिवार के सदस्य दिलीप कुमार ने बताया कि मां और पिता खेत में काम करने चले गए थे। घर में सिर्फ पति पत्नी थी। पत्नी ऊपर के कमरे में खाना बना रही थी। इसी दौरान वह नीचे कमरे में फांसी लगा लिया। थोड़ी देर बाद जब पत्नी नीचे आकर अच्छी तो कमरे का नजारा देख चीख पुकार करने लगी।

## अकोढ़ी गोला प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष अंशुतोष कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रवि रंजन, पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। दशरथ पासवान- प्रदेश महा सचिव लोजपा (रा) सह प्रभारी जिला गया, बनारसी कुशवाहा - प्रदेश महासचिव (रालोमो), अशोक चंद्रवंशी- प्रदेश महासचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जदयू, डब्लू कुशवाहा- जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य, सदस्य शशि भूषण राय, पूनव देवी, मो. परवेज आलम, कामेश्वर पासवान, विरेन्द्र शर्मा, नागेन्द्र पासवान, श्याम प्रसाद गुप्ता, पवन मेहता, अरविन्द कुमार, मनोज कुमार, विनय सिंह, मंजू देवी, सुरेन्द्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## नारी सशक्तिकरण की ध्वजवाहिका सविता डे पंचतत्व में विलीन, हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणास्रोत, सामाजिक क्रांति की अग्रदूत और सैकड़ों बच्चियों की मसीहा सविता डे का बुधवार की रात्रि हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। 23 अप्रैल की रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तिलौथू से डिहरी के अदरी देवी अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने तुरंत जमुहार अस्पताल रेफर किया। वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी मृत्यु का कारण हार्ट अटैक था। सविता डे की अंतिम यात्रा तिलौथू स्थित परिवर्तन विकास कार्यालय, जगदेव चौक से प्रारंभ होकर सरैया गांव पहुंची जहां हजारों लोगों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, बच्चे और आम नागरिकों की भारी भीड़ इस महान विभूति को अंतिम विदाई देने उमड़ी।

**एक महिला जिसने बदला हजारों का जीवन**

1989 में पश्चिम बंगाल से अकेली चलकर तिलौथू आईं सविता डे ने 35 वर्षों तक रोहतास जिले में महिला जागरूकता और सशक्तिकरण की नींव रखी। उन्होंने सैकड़ों बाल विवाह रोके, 500 बच्चियों को गोद लिया और उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के अधिकार दिलाने का अथक प्रयास किया। उन्होंने 'परिवर्तन विकास' नामक संस्था की स्थापना की जिसके माध्यम से उन्होंने महिला पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर और नेतृत्व के योग्य बनाया। उनके कार्य क्षेत्र में करगहर, नौहट्टा, यदुनाथपुर, केरपा, रामडिहरा, सेवही, बंजारी के कैमूर पहाड़ी क्षेत्रों तक शामिल रहे।

**सामाजिक बदलाव की मिसाल बनीं सविता**

सविता डे ने बाल विवाह उन्मूलन को एक जन आंदोलन का रूप दिया। उन्होंने न सिर्फ लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन की राह दिखाई। समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अनेक प्रशिक्षण शिविरों और जनजागरण अभियानों का संचालन किया।

सविता डे ने जीवनकाल में ही अपने शरीर को दधीचि देहदान समिति, पटना को दान कर दिया था। 12 सितंबर 2023 को उन्होंने समिति को अपना शरीर दान करने का संकल्प पत्र सौंपा था। संस्था के प्रतिनिधि तिलौथू पहुंचे और उनकी अंतिम यात्रा के पश्चात पार्थिव शरीर को समिति के सुपुर्द कर दिया गया।

## शोक सभा कर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला सशक्तिकरण की मजबूत हस्ताक्षर सामाजिक संस्था परिवर्तन विकास की अध्यक्ष सबिता डे नहीं रहीं। कल रात तिलौथू में उन्होंने अंतिम सांस लिया। बाल कल्याण समिति रोहतास में आज एक शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक सभा की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। सबिता डे रोहतास में किशोर न्याय परिषद की प्रथम सदस्य 2008 से 2013 तक और पुनः 2015 से 2018 तक रहीं। अभी वह जिला स्तरीय स्पॉनसोरशिप कमिटी और जिला वृद्धाश्रम समिति की सदस्य थीं। जिले के कई प्रखंडों में उन्होंने बालिका सशक्तिकरण, महिला उत्थान और महिला पंचायत प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। सामाजिक क्षेत्र में उनकी कमी निकट भविष्य में पूर्ण होने वाली नहीं है। समाज के लिए पूरी तरह समर्पित सबिता डे ने अपना पार्थिव शरीर दधीचि देह दान समिति पटना को जीवित रहते दान कर दिया था। मरने के बाद भी उन्होंने अपने शरीर को समाज के लिए समर्पित कर दिया। ऐसी महान विभूति के खोने से समाज को बड़ी क्षति हुई है। शोक सभा में बाल कल्याण समिति के सदस्य ददन पाण्डेय, पत्रकार राजू दुबे, अधिवक्ता गोपाल ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक जनक राज किशोरी, कौशल किशोर, शेष नारायण सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

संपादकीय

# बाबा को सही फटकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव द्वारा अपना शरबत उत्पाद बेचने के लिए एक पुराने शरबत ब्रांड रूह अफजा पर शरबत जिहाद छेड़ने के आरोप पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचाने वाला है। कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद बाबा रामदेव के वकील ने बाबा के शरबत प्रचार से सम्बंधित सभी वीडियो और अन्य प्रचार सामग्री हटाने का वचन दिया। योग गुरू बाबा रामदेव सत्ता से अपनी नजदीकी के चलते धंधा बढ़ाएं, वहां तक तो ठीक है, लेकिन अपना प्रॉडक्ट बेचने के लिए वो इस निचले स्तर तक जाएंगे, यह सोचना भी मुश्किल है। बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कड़ा आदेश जारी करने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस बयान का कोई औचित्य नहीं था। बाबा रामदेव ने तीन अप्रैल को अपने शरबत ब्रांड का प्रचार करते हुए हमदर्द कंपनी के शरबत पर नाम लिए बिना टिप्पणी की थी। इसका मकसद अपने गुलाब शरबत का प्रचार करना था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वायरल हुए बाबा के वीडियो में दावा किया गया था कि रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया गया। जबकि पतंजलि के शरबत से गुरूकुलम खुलेंगे। इस शरबत की लांचिंग 3 अप्रैल को की गई थी। बाबा ने कहा था कि देश में शरबत जिहाद चल रहा है। बाबा ने यह बात किस बिना पर कही, पता नहीं। लेकिन जब इस पर बवाल हुआ तो रामदेव ने कहा कि मैंने किसी का ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया। लेकिन उनका स्पष्ट इशारा बरसों से यूनानी दवा बनती आ रही कंपनी 'हमदर्द' की ओर था। कंपनी के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि बाबा का यह बयान अपमान से परे है और यह 'सांप्रदायिक विभाजन' पैदा करने का मामला है। यह नफरत फैलाने वाला भाषण है। उधर कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी वीडियो हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं। कोर्ट इस सम्बंध में रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। बाबा के विवादित प्रचार के खिलाफ हमदर्द कंपनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि बाबा रामदेव ऐसी बातें अपने दिमाग तक सीमित रखें, इन्हें जाहिर ना करें। इसके पहले भी बाबा रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण अपने उत्पाद बेचने के लिए भ्रामक विज्ञापन करते रहे हैं। विवाद बढ़ा तो 12 अप्रैल को रामदेव ने एक और वीडियो पोस्ट किया। इसमें रामदेव ने कहा, 'मैंने एक वीडियो डाला, उससे सबको मिर्ची लग गई। मेरे खिलाफ हजारों वीडियो बनाए गए। कहा जाने लगा कि मैंने शरबत जिहाद का नया शिगूफा छोड़ दिया। बाबा के इस बयान पर राजनीति भी शुरू हो गई। कांग्रेस नेता दिग्विजयसिंह ने कहा कि योग गुरु रामदेव अपने प्रोडक्ट की बिक्री बढ़ाने के लिए धर्म और नफरत का सहारा ले रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि रामदेव अपने शरबत का खूब प्रचार करें, लेकिन हमदर्द कंपनी के रूह अफजा शरबत को जिहाद से न जोड़ें। गौरतलब है कि दिल्ली हमदर्द कंपनी करीब सौ साल से यूनानी दवाइयां और शरबत रूह अफजा बना रही है। रूह अफजा का अर्थ होता है' आत्मा को तरोताजा करने वाला। लेकिन बाबा के इरादे इसके ठीक उलटे हैं। बाबा रामदेव को भी अपने उत्पाद बेचने का पूरा हक है, लेकिन वो प्रतिस्पर्द्धी कंपनी के उत्पाद को बदनाम कर ऐसा करते हैं तो यह निंदनीय ही नहीं, अस्वीकार्य भी है। अपनी कमीज को उजली बताने के लिए दूसरे की कमीज को मैली बताना जरूरी नहीं है।

# क्या होगी ट्रम्प के टोटकों की परिणति?

**तब नए जुमले गढ़ने वाले अकादमिक जगत में अरब दुनिया के लिए 'चौथी दुनिया' पद भी प्रयोग किया जाने लगा था और इजरायल से शांति के साथ अरब जगत की उपनिवेशवादी शोषण से मुक्त नई दुनिया की तरह उभरने की भविष्यवाणी भी की जाने लगी थी। कहा गया था कि अरबों को वह सब नहीं भोगना पड़ेगा जो कई सौ साल के औपनिवेशिक शासन के चलते हमको या तीसरी दुनिया के देशों को भुगतना पड़ा है। तब समाजवादी चिंतक किशन पटनायक ने कहा था कि यह अरब समृद्धि मृगमरीचिका ही बनेगी और अमेरिका समेत पश्चिमी देश अरबों को भोग-विलास का ऐसा गुलाम बना देंगे कि उनके पास दौलत तो रहेगी, लेकिन राष्ट्रीय या क्षेत्रीय गौरव का मान नहीं होगा। समृद्धि और सम्मान अब सिर्फ पश्चिम की चीज रह जाएंगे।**

**अरविन्द मोहन**

सांठ-पेंसठ साल पहले, जब अरब देशों में तेल की खोज और उत्पादन परवान पर था और उनकी समृद्धि से अमेरिका और यूरोप भी मालामाल हो रहा था, तब इन अरब देशों ने 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कन्ट्रीज' (ओपेक) समेत कई संगठन बनाए जिनके पीछे अकूत पैसों की ताकत के चलते कई तरह की संभावनाएं नजर आ रही थीं। इनमें एक संभावना तो उनके राजनैतिक और राजनयिक रूप से इतना मजबूत होने की भी थी कि लगता था कि अरब-इजरायल संघर्ष में इस नई उभरती ताकत के चलते सम्मानजनक फैसला हो जाएगा और इजरायल को समर्थन देने वाले अमेरिका और यूरोप ही समाधान कराने वाले होंगे, क्योंकि उनको तेल की ही नहीं अरब जगत के पैसों की भी जरूरत थी।

तब नए जुमले गढ़ने वाले अकादमिक जगत में अरब दुनिया के लिए 'चौथी दुनिया' पद भी प्रयोग किया जाने लगा था और इजरायल से शांति के साथ अरब जगत की उपनिवेशवादी शोषण से मुक्त नई दुनिया की तरह उभरने की भविष्यवाणी भी की जाने लगी थी। कहा गया था कि अरबों को वह सब नहीं भोगना पड़ेगा जो कई सौ साल के औपनिवेशिक शासन के चलते हमको या तीसरी दुनिया के देशों को भुगतना पड़ा है। तब समाजवादी चिंतक किशन पटनायक ने कहा था कि यह अरब समृद्धि मृगमरीचिका ही बनेगी और अमेरिका समेत पश्चिमी देश अरबों को भोग-विलास का ऐसा गुलाम बना देंगे कि उनके पास दौलत तो रहेगी, लेकिन राष्ट्रीय या क्षेत्रीय गौरव का मान नहीं होगा। समृद्धि और सम्मान अब सिर्फ पश्चिम की चीज रह जाएंगे। आज अमेरिकी गौरव लौटाने (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के दावे के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो कुछ कर रहे हैं उसमें भी कहा जा सकता है कि यह 'चौबेजी' के 'छब्बेजी' बनने की आकांक्षा



में 'दुबेजी' बनकर लौटना साबित होगा। सीमा शुल्क की दरों में अतार्किक बढ़ोत्तरी के बाद दुनिया में जो क्रिया-प्रतिक्रिया हो रही है और अमेरिका जिस तरह प्रभावित हो रहा है उससे साफ लगता है कि यह संकट जब भी खत्म होगा अमेरिका अपनी पुरानी या वर्तमान हैसियत से छोटा होकर ही लौटेगा। एक ओर ट्रम्प सैकड़ों देशों के 'गिड़गिड़ाने,' अर्थात् सीमा-शुल्क की दरों में कमी करके अमेरिका से संबंध सुधारने की पेशकश का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों समेत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीमा-शुल्क की वृद्धि को नब्बे दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला भी करते हैं। उनके सामने डटकर खड़ा चीन इतने पर भी नहीं मान रहा है। उसने न सिर्फ अमेरिकी सामानों पर जबाबी सीमा-शुल्क बढ़ाया है, बल्कि अपने यहां से अमेरिका को होने वाले खास निर्यात को भी रोक दिया है। इससे अमेरिका के वे बहुमूल्य उत्पाद प्रभावित होंगे जो सत्तर से अस्सी फीसदी चीनी पुर्जों या सेवाओं पर निर्भर हैं।

फैसले के बाद काफी सारी चीजों पर की गई सीमा-शुल्क बढ़ोत्तरी को रोकने का फैसला अकेले चीन की जबाबी कार्रवाई के चलते नहीं किया गया है। चीन समेत कई देश विरोध वाले हैं तो वियतनाम जैसे देश पूरा समर्पण करने वाले भी हैं। अपना भी हाल लगभग वही है, पर यह विषय ही हमारी प्राथमिकता से दूर है। हमारी शासक जमात अभी वक्फ के बहाने मुसलमानों को 'ठीक' करने में जुटी है। बढ़ोत्तरी रोकने की असल वजह अमेरिकी वित्त-बाजार में आया भूचाल था जिसने एक दिन में ही हमारे 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) की तीन गुनी रकम भस्म कर दी थी। अगले दिन सरकारी फैसले के बाद बाजार वापस उमड़ा, लेकिन पुरानी स्थिति से काफी नीचे रहा। अमेरिकी सरकारी बांड और वित्तीय उपकरणों को दुनिया का सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। सन् 2008 के बाद एक बार फिर दुनिया अमेरिकी सरकारी वित्तीय उपकरणों पर शक करती नजर आती है। दूसरी तरफ सुरक्षित और फलदायी निवेश के लिए सोने-चांदी की खरीद भी बढ़ी है। अमेरिकी मुद्रा की गिरावट भी जारी है। पेट्रोलियम सस्ता होता जा रहा है और अमेरिकी समाज अचानक चीजें महंगी होने और अपना भविष्य देखकर चिंतित है। लोगों का सड़क पर आना जारी है।

मामला अमेरिका भर का नहीं है। अब अमेरिका वापस इस्पात, अल्युमीनियम और अन्य धातु, आटोमोबाइल-कार, इलेक्ट्रॉनिक सामान से लेकर जरूरत की हर चीज पैदा करने में फिर से पुराने दिनों जैसी स्थिति में आ जाए और अमेरिकी लोग फिर फैक्टरियों में काम ही न करें, बल्कि कंप्यूटर और साफ्टवेयर के काम में प्रवीण होकर अपना पूरा सिस्टम संभाल लें - यह कल्पना तो अच्छी है, लेकिन व्यावहारिक नहीं है। खुद अमेरिका ने अपने यहां मुख्य रूप से साफ्टवेयर, जैव-रसायन, दवा, बीज वगैरह का उत्पादन केंद्र बनाया है और रसायन से लेकर वे सारे उद्योग बाहर भेज दिए हैं जिनमें श्रम ज्यादा लगता है और प्रदूषण का खतरा है।

सन् 2021 में, जब जेलेन (जैनेट) येलेन अमेरिकी वित्तमंत्री बनी थीं तब उन्होंने ऐसे ही चुनिंदा उद्योगों की रखवाली का इंतजाम पुख्ता किया था। भूमंडलीकरण का अभियान भी इसी सोच से चला था। इससे यह भी होना ही था कि दुनिया को अपने उत्पाद और निवेश से पाटने की इच्छा के बावजूद अमेरिका और यूरोप के बाजार चीन और सस्ते, श्रम-प्रधान देशों के उत्पाद से पट गए।

आज अमेरिकी कदम से वहां का और दुनिया का नुकसान सबको समझ आता है, लेकिन चीन जैसे देशों पर उसका असर वैसा ही होगा। अगर अमेरिका और चीन, अर्थात दुनिया की दोनों प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होंगी तो दुनिया की अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में आये बगैर नहीं रह सकती। करों की यह दर बाजार की मांग घटाएगी, क्योंकि इससे सामान महंगे होंगे। अमेरिका की तो दिक्कत ही यह है कि अब उसके यहां ही नहीं, वैश्विक मामलों में आम तौर पर उसका साथ देने वाले यूरोप के पास भी न तो काम करने वाली आबादी है, न उसका पहले जैसा मानस ही बचा है।

चालाकी, व्यापार के अनुकूल नियमों, पूंजी-निवेश की पक्षपातपूर्ण नीतियों और फैसलों के साथ मानव आव्रजन के मामलों में भेदभाव उसके स्वभाव में शामिल हो गया है। अभी तक उसको समृद्धि और शान की आदत पड़ी है। यह चीज काफी कुछ उपनिवेशवाद और उसके बाद दुनिया में सौ साल से चल रही नीतियों का परिणाम है। अर्थशास्त्री उत्सा पटनायक का मानना है कि अंग्रेजों ने भारत पर अपने शासन के दौरान 45 ट्रिलियन डालर की लूट की थी। आज जितना भी कहा जाए, जुल्म किया जाए पर इस किस्म का अनर्थ तो नहीं ही चल सकता। इसलिए ट्रम्प की हरकतें अमेरिका और दुनिया को कहीं ले जा पाएंगी, यह दिखाई नहीं देता। (सप्रेस)

अध्यात्म

## ज्ञान का सार्थक प्रयोग

किसी ब्राह्मण के चार पुत्र थे। उनमें परस्पर गहरी मित्रता थी। चारों में से तीन शास्त्रों में पारंगत थे, लेकिन उनमें बुद्धि का अभाव था। चौथे ने शास्त्रों का अध्ययन तो नहीं किया था, लेकिन वह था बड़ा बुद्धिमान। एक बार चारों भाइयों ने परदेश जाकर अपनी-अपनी विद्या के प्रभाव से धन अर्जित करने का विचार किया। चारों पूर्व के देश की ओर चल पड़े।

रास्ते में सबसे बड़े भाई ने कहा - हमारा चौथा भाई तो निरा अनपढ़ है। राजा सदा विद्वान व्यक्ति का ही सत्कार करते हैं। केवल बुद्धि से तो कुछ मिलता नहीं। विद्या के बल पर हम जो धन कमाएँगे, उसमें से इसे कुछ नहीं देंगे। अच्छा तो यही है कि यह घर वापस चला जाए।

दूसरे भाई का विचार भी यही था। किंतु तीसरे भाई ने उनका विरोध किया। वह बोला - हम बचपन से एक साथ रहे हैं, इसलिए इसको अकेले छोड़ना उचित नहीं है। हम अपनी कमाई का थोड़ा-थोड़ा हिस्सा इसे भी दे दिया करेंगे। अतः चौथा भाई भी उनके साथ लगा रहा।

रास्ते में एक घना जंगल पड़ा। वहाँ एक जगह हड्डियों का पंजर था। उसे देखकर उन्होंने अपनी-अपनी विद्या की परीक्षा लेने का निश्चय किया। उनमें से एक ने हड्डियों को सही ढंग से एक स्थान पर एकत्रित कर दिया। वास्तव में ये हड्डियाँ एक मरे हुए शेर की थीं।

दूसरे ने बड़े कौशल से हड्डियों के पंजर पर मांस एवं खाल का अवरण चढ़ा दिया। उनमें उसमें रक्त का संचार भी कर दिया। तीसरा उसमें प्राण डालकर उसे जीवित करने ही वाला था कि चौथे भाई ने उसको रोकते हुए कहा, 'तुमने अपनी विद्या से यदि इसे जीवित कर दिया तो यह हम सभी को जान से मार देगा।'

तीसरे भाई ने कहा - तू तो मूर्ख है! मैं अपनी विद्या का प्रयोग अवश्य करुँगा और उसका फल भी देखूँगा।' चौथे भाई ने कहा, 'तो फिर थोड़ी देर रुको। मैं इस पेड़ पर चढ़ जाऊँ, तब तुम अपनी विद्या का चमत्कार दिखाना।' यह कहकर चौथा भाई पेड़ पर चढ़ गया।

तीसरे भाई ने अपनी विद्या के बल पर जैसे ही शेर में प्राणों का संचार किया, शेर तड़पकर उठा और उन पर टूट पड़ा। उसने पलक झपकते ही तीनों अभिमानी विद्वानों को मार डाला और गरजता हुआ चला गया। उसके दूर चले जाने पर चौथा भाई पेड़ से उतरकर रोता हुआ घर लौट आया। इसीलिए कहा गया है कि विद्या से बुद्धि श्रेष्ठ होती है।

# नए वक्फ कानून पर 'अंतरिम निर्देश': सवाल तो उठ रहे हैं....

**उच्चतम न्यायालय के इतिहास में शायद यह पहला मौका है, जब कोई याचिका संसद द्वारा पारित कानून को चुनौती देने के लिए प्रस्तुत की गई हो और उसकी प्राथमिक सुनवाई (सुनवाई हेतु स्वीकार किए जाने के लिए) के समय ही सुप्रीम कोर्ट याचिका की मेरिटस् पर ही तुरंत सुनवाई प्रारंभ कर देती है। ऐसे समय सामान्यतः याचिका सुनवाई हेतु स्वीकार की जाकर समस्त पक्षों को जवाब देने हेतु अगली सुनवाई का नोटिस जारी करने के आदेश करती रही है। उच्चतम न्यायालय ने यहां अंतरिम आदेश तो नहीं, लेकिन अगली सुनवाई की तारीख तक केंद्रीय सरकार व राज्य सरकारों की तरफ से अटॉर्नी जनरल के आश्वासन को ही अंतरिम निर्देश का प्रभाव दे दिया है, जो सामान्यतः सुप्रीम कोर्ट करती नहीं है। क्या यह आश्वासन जबरन (फोर्स्ड कंसेंट) तो नहीं है? जो उच्चतम न्यायालय के द्वारा पूर्व दिवस हुई सुनवाई के दौरान कुछ मुद्दों को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने के स्पष्ट संकेत देने के रिस्पांस में है?**

**राजीव खंडेलवाल**

आधा गिलास खाली है अथवा भरा है।'' यह आपके विवेक पर निर्भर करता है कि आप आशावादी हैं या निराशावादी। शायद यही फॉर्मूला सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 जिसे संक्षिप्त में 'उम्मीद' कहा गया, पर हुई प्रारंभिक बहस पर लागू करते हुए इस मामले में 'अंतरिम आदेश तो नहीं परन्तु 'अंतरिम निर्देश' जरूर दिया है। एक तरफ उच्चतम न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर रोक लगाने से इनकार करता है, जो आमतौर पर सुनवाई की इस अवस्था में एक सामान्य प्रक्रिया होती है, दूसरी तरफ उसी सांस में उसके कुछ प्रमुख प्रावधानों को अगली सुनवाई तक लागू करने पर अंतरिम आदेश पारित किये बिना 'प्रभावी' भी रोक लगा देता है। इस प्रकार उक्त संशोधन अधिनियम को अगले आदेश तक अपंग हो जाता है। यानी कि 'रिंद के रिंद रहे हाथ से जन्नत न गई'। उच्चतम न्यायालय ने निम्न मामलों में यथा स्थिति बरकरार करने की बात कही है। प्रथम कोई वक्फ संपत्ति गैर अधिसूचित (डी नोटिफाई) नहीं होगी। दूसरी केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डो में धारा 9 एवं 14 के अंतर्गत कोई नई नियुक्ति नहीं होगी।

'वक्फ बाय यूजर' को संशोधन अधिनियम 2025 में हटा दिया गया है, जिस पर सबसे ज्यादा आपत्ति की गई है। चूंकि संशोधन अधिनियम पर उच्चतम न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इसलिए यह धारा नए अधिनियम में न होने के कारण उसके प्रभाव को आगामी आदेश तक निष्प्रभावी न होने का अंतरिम निर्देश अटॉर्नी जनरल के आश्वासन के रूप में दिया है। मतलब कोई भी संपत्ति डी नोटिफाई नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक जो भी संसद द्वारा पारित कानून असंवैधानिक घोषित किए हैं, जैसा कि चुनावी बॉन्ड का, उनमें से किसी भी कानून को असंवैधानिक घोषित करने वाली याचिका सुनवाई हेतु स्वीकार करने के बाद सामान्यतया सभी याचिकाओं में पारित कानून के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी नहीं किए हैं। लिहाजा संशोधन कानून 2025 को स्थगित कर दिया जाएगा, इसकी आशा न तो किसी वकील को थी और न ही ऐसी कोई मजबूत मांग उनकी तरफ से आई।




उच्चतम न्यायालय के इतिहास में शायद यह पहला मौका है, जब कोई याचिका संसद द्वारा पारित कानून को चुनौती देने के लिए प्रस्तुत की गई हो और उसकी प्राथमिक सुनवाई (सुनवाई हेतु स्वीकार किए जाने के लिए) के समय ही सुप्रीम कोर्ट याचिका की मेरिटस् पर ही तुरंत सुनवाई प्रारंभ कर देती है। ऐसे समय सामान्यतः याचिका सुनवाई हेतु स्वीकार की जाकर समस्त पक्षों को जवाब देने हेतु अगली सुनवाई का नोटिस जारी करने के आदेश करती रही है। उच्चतम न्यायालय ने यहां अंतरिम आदेश तो नहीं, लेकिन अगली सुनवाई की तारीख तक केंद्रीय सरकार व राज्य सरकारों की तरफ से अटॉर्नी जनरल के आश्वासन को ही अंतरिम निर्देश का प्रभाव दे दिया है, जो सामान्यतः सुप्रीम कोर्ट करती नहीं है। क्या यह आश्वासन जबरन (फोर्स्ड कंसेंट) तो नहीं है? जो उच्चतम न्यायालय के द्वारा पूर्व दिवस हुई सुनवाई के दौरान कुछ मुद्दों को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने के स्पष्ट संकेत देने के रिस्पांस में है? क्या यह उचित है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वयं आदेश पारित न कर मामले की एक पार्टी को कोर्ट की इच्छा के अनुरूप जबरदस्ती सहमति देनी पड़े। यह उच्चतम न्यायालय द्वारा तुरत फुरत की गई कार्रवाई और मामले की गंभीरता को भी दर्शाता है। इस प्रकरण में जल्दी सुनवाई का एक कारण यह भी हो सकता है कि मुख्य न्यायाधीश 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। फिर भी 13 तारीख तक सुनवाई पूरी नहीं हो सकती। तब क्या नई बेंच गठित होकर पूरे मामले में फिर से सुनवाई होगी? यह एक बड़ा प्रश्न है। इस सुनवाई हेतु सुप्रीम कोर्ट के समस्त जज हिंदू है। जबकि श्री राम जन्मभूमि व बाबरी मस्जिद मामले में एक मुस्लिम जज भी थे। हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट के आत्मविश्वास और निष्पक्षता को भी दर्शाता है। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू का इस सुनवाई के संबंध में दिया गया बयान कि 'कोर्ट विधायिका के मामले में दखल नहीं देगा। हमें एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए''। अगर सरकार न्यायपालिका में हस्तक्षेप करती है, तो यह उचित नहीं होगा'', अवांछनीय है। वह कहीं न कहीं अप्रत्यक्ष रूप से उच्चतम न्यायालय पर दबाव बनाने का प्रयास तो नहीं है? ठीक उसी प्रकार जैसे ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी की यह धमकी है कि 'यदि फैसला पक्ष में नहीं आया तो आंदोलन किया जाएगा।' शायद इसी कारण सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर कहना पड़ा कि जब उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चालू है, तब आंदोलन करने का औचित्य क्या है? अभी उपराष्ट्रपति ने 'जज सुपर संसद की तरह काम कर रहे है'', कहकर उच्चतम न्यायालय की अनुच्छेद 142 की शक्ति पर प्रश्न उठाया है। यद्यपि संविधान में विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के कार्यक्षेत्र की पृथक-पृथक स्वतंत्र व्यवस्था की है। परन्तु हमारी इस व्यवस्था में अक्सर यह प्रश्न उठता है कि क्या उच्चतम न्यायालय 'विधायिका' के ऊपर है, जब वह संसद द्वारा पारित कोई कानून अवैध घोषित कर देता है। इसी प्रकार जब विधायिका न्यायपालिका द्वारा पारित आदेश को शून्य बनाने के लिए नया कानून बनाती है, तब क्या विधायिका न्यायपालिका ऊपर हो जाती है? इसी प्रकार कोर्ट के लगभग 114 ऐसे निर्णय है, जिन्हे विधानसभा या संसद ने 'पलटा' है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। संतान को परीक्षा में सफलता हासिल होगी। भाई बहनों में चल रही अनबन भी दूर होगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको कोई काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर आलस्य दिखाएंगे, जिससे कल पर टालने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क**
आप कोई नया बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। आप कोई सरकारी काम में इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो वह आपके लिए ज्यादा अच्छा रहेगा।

**सिंह**
मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं। माताजी की सेहत में समस्या रहने से भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम को कार्यक्षेत्र में अपने सीनियर से बातचीत करके करना बेहतर रहेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। मन की इच्छा की पूर्ति होने से खुशियां भरपूर रहेगी। बेफिजूल के खर्चों पर रोक लगानी होगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी बात के लिए बिना सोचे समझे हां ना करें। आपको अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह लेनी पड़ सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप किसी दूसरे पर डिपेंड रहें, तो इससे आपके काम अवश्य लटकेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आपको अपने बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के बाद अच्छी सफलता मिलेगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कुछ नई खुशियां लेकर आएगा, क्योंकि आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपका कोई गुप्त धन आपको मिलने की संभावना है।

# देश से आतंकवादियों का हो पूर्ण सफाया : एबीवीपी

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई के द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला गया। साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। आक्रोश मार्च का नेतृत्व कॉलेज अध्यक्ष आलोक कुमार एवं नगर सह मंत्री अजय कुमार ने किया। आक्रोश मार्च महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से होते हुए यह आक्रोश मार्च महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर जाकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारी सदस्य सह एलएनएमयू छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा की पहलगाम में आतंकी हमले का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करी शब्दों में निंदा करती है। आतंकवादियों के द्वारा कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को पचा नहीं पा रहे। आतंकवादियों के द्वारा धर्म के आधार पर किया गया। यह हमला केवल नागरिको की हत्या मात्र नहीं है। यह हिंदू समुदाय को डराने की कोशिश है। वैश्विक स्तर पर हिंदुओं के उत्थान को जिहादी मानसिकता के लोग पचा नहीं पा रहे हैं। मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक विकाश झा एवं नगर सह मंत्री सोनू कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का स्पष्ट कहना है कि जम्मू कश्मीर में बार-बार इस प्रकार की घटना ना हो। इसके लिए सरकार स्पेशल फोर्स का गठन करें। एवं जम्मू कश्मीर को पूर्ण रूप से केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देकर इसे राज्यपाल के हाथों दिया जाए। जिहादियों के साथ खड़े वामपंथी गैंग आज चुप्पी साधकर यह दर्शा रहा है कि वह एक जिहादी मानसिकता के लिए ही कार्य करते हैं। मौके पर नगर कोषाध्यक्ष स्वराज एवं कलेज उपाध्यक्ष अनुभव कुमार ने कहा कि इस प्रकार का हमला बर्दाश्त योग्य नहीं है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति के बाद राष्ट्रपति शासन के दौरान हमले में बिल्कुल कमी आई थी। किंतु न्यायपालिका के दबाव में चुनाव कराकर पुनः एक बार आतंकियों को पनपने का अवसर दे दिया गया। विद्यार्थी परिषद ऐसी घटना की कड़ी निंदा करती है। मौके पर कलेज सह मंत्री कुनाल, अनन्या, कलेज उपाध्यक्ष यश, प्रिंस, आशीष, अनुराग, रोहित, राजा, गोलू, आदर्श, आदित्य सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अभाविप ने पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**बखरी।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का शिकार हुए लोगों को अभाविप ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हाथों में कैंडल लिए अभाविप कार्यकताओं ने नम आंखों से मृतकों के प्रति शोक व्यक्त किया। बुधवार देर संध्या अभाविप के तत्वाधान में निकाली गई कैंडल मार्च मुख्य बाजार के महादेव स्थान चौक से शुरूहुई जो अंबेडकर चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहां हमले का शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए आरएसएस के जिला संचालक मनोरंजन कुमार वर्मा ने कहा कि पहलगाम की घटना से संपूर्ण देश आज मर्माहत है। कश्मीर जो कि देश का सिरमौर है वहां ऐसी कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना हुई जिसमें हमारे देश के 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए। मृतकों के प्रति हम सबों की संवेदनाएं हैं। इस कार्यतापूर्ण हमले पर संपूर्ण देश जवाबी कार्रवाई की मांग करती है। इस दौरान लोगों ने पाक प्रायोजित हमले पर जमकर नारेबाजी की। अंत लोगों ने पहलगाम में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर अभाविप नगर मंत्री रविंद्र कुमार, पूर्व नगर मंत्री प्रिंस सिंह परमार, राजेश राज, जयशंकर जायसवाल, ललित पासवान, मनोज कुमार, रिशु वर्मा, नीरज कुमार, ललित पासवान, दिलखुश, सौरभ, पुष्पम, धर्मराज, अमरनाथ पाठक, विनोद राम, गौतम सिंह राठौड़, प्रियांशु सिंह, आदित्य गुप्ता, रोहित केसरी, अनुराग केसरी, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### पहलगाम घटना पर कैंडल मार्च

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर मे पहलगाम में आतंकी हमले में मृत लोगो को श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार के देर साम पीसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व मे दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कैंडल जलाया गया। इस अवसर उपस्थित वक्ताओ ने भारत सरकार से अनुरोध किया की दोषियों पर ऐसी करबाई हो। जिससे की भविष्य मे कभी भी कोई भी ऐसी हरकत नहीं कर सके। साथ ही मृत के पीड़ित परिजन को 1 करोड़ रुपया मुआवजा और प्रत्येक मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। आज के इस श्रद्धांजलि सभा मे मंडल अध्यक्ष मो नवाब, नवीन सिन्हा, डा बकील अहमद, गंगा महतो, इसामूल हक, मो मेहराज, मो आमिर, बिट्टू शर्मा, अमित कुमार नीरज सिंह चंदन साह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने भाग लिया।

### मजहब के नाम पर बेगुनाहों का हुआ कत्ल : डा. सहर

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले जीडी कलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा सेहत केंद्र में देश के सिरमौर कहे जाने वाले कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया।साथ ही साथ घटना में शामिल सभी आतंकी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि इस आतंकी घटना में विरोध में पूरा देश एकजुट है और आतंकी को पनाह देने वाले लोगों पर भी सख्त से सख्त कार्यवाही हो। सेहत केंद्र की नोडल अफिसर सह राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने कहा कि पहलगांव में हुए बेगुनाह लोगों की हत्या ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर दिया है।मजहब के नाम पर बेगुनाहों का कत्ल करना ऐसा जुर्म है जो माफी के लायक नहीं। देश में इस प्रकार का कायरतापूर्ण हमला बर्दास्त करने के लायक नहीं है। देश की एकता व अखंडता को खंडित करने वाले आतंकी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो और आतंकी को पनाह देने वाले लोगों का सामाजिक बहिष्कार हो। इस मौके पर नीतीश कुमार,सुमित कुमार,अजित कुमार,विक्रम राठौर, राहुल कुमार,गुलशन कुमार, श्रीराम कुमार, उज्जवल कुमार, गुलशन, सुमित, मुस्कान, अंकिता कुमारी, शफक इरशाद, सादिया प्रवीण, शिवानी, सोनी कुमारी सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### माउन्ट लिट्रा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल उलाव में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अयोजन का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या डाक्टर शीतल देवा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के क्षेत्रीय समन्वयक हर्षवर्धन कुमार गायत्री परिवार के जिला सह संयोजक ज्ञानचंद राय ने सम्मिलित रूप से किया। इस अवसर पर स्वागत करते हुए डाक्टर शीतल देव ने कहा यह बहुत ही सराहनीय कार्य है ।विषय वस्तु का ज्ञान हर विद्यालय में दिया जा रहा है। परंतु इस प्रकार नैतिक मूल्यों के उत्थान हेतु जो विशेष कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में राष्ट्र स्तर पर किया गया यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी चाहिए। वही क्षेत्रीय समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस दक्षिण बिहार हर्षवर्धन कुमार ने संबोधित करते हुए कहा आज के समय में बच्चे बड़े-बड़े पद पर चले जा रहे हैं। बड़ा डाक्टर बन रहा है, बड़ा इंजीनियर बन रहा है। लेकिन नैतिक मूल्यों का भी ह्रास हो रहा।आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है यह कि नैतिक मूल्य से बच्चे जुड़े जिससे उनके समग्र व्यक्तित्व विकास हो सके। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों का समग्र व्यक्तित्व विकास ही है। बच्चे कम से कम 5 मिनट ध्यान करें। विद्यालय का शिक्षक बबी राज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण सहयोग किया। बच्चे पुरस्कार पाकर बहुत ही प्रसन्न थे। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र मोमेंटो एवं जीवन मूल्यों से जुड़ा हुआ साहित्य प्रदान किया गया।

### स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों को मिला परिचय पत्र

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा गुरुवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारियों के बीच परिचय पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर महापौर पिंकी देवी, उपमहापौर अनिता राय, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, प्रभारी पदाधिकारी, जिला समान्य शाखा सहित स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारी उपस्थित थे।जिला पदाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के 11 उत्तराधिकारियों को परिचय पत्र एवं 7 उत्तराधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया है। बताया कि बेगूसराय जिले में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी रहे है, उनके परिवार को अभियान चलाकर परिचय पत्र एवं प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। शेष बचे हुए लोगों को भी जल्द ही परिचय पत्र उपलब्ध करा दिया जयेगा। बतातें चलें कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में बिहार राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों, जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है के उत्तराधिकारियों के रूप में दो पीढ़ी तक के व्यक्तियों को यथा पति अथवा पत्नी, पुत्र अथवा पुत्री, पोता अथवा पोती एवं नाती अथवा नतिनी सभी व्यक्तियों को चाहे इनकी संख्या जिनती हो, को स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत किया जाता है। आवेदकध्आवेदिका द्वारा स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत करने हेतु उनके द्वारा दिये गये आवेदन पत्र के आलोक में आवश्यक जाँचोपरांत स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत किया जाता है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत होने के पश्चात आवेदकध्आवेदिका द्वारा पुनः आवेदन तथा विहीन प्रपत्र जमा करने के पश्चात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

## बिना विलंब शुल्क के पंजीयन अब 5 मई तक : डॉ घनश्याम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर/रोसडा।** गुरुवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के संकायाध्यक्षों, सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को विज्ञान समाज एवं विकास विषय पर 17-18 मई (शनिवार-रविवार) को यू.आर. कॉलेज, रोसड़ा में आयोजित चतुर्थ बिहार सामाज विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने के लिए ब्रोसियर एवं आमंत्रण पत्र दिया गया। ज्ञातव्य है कि विशेष आग्रह पर एब्सट्रेकपत्र एवं पंजीयन की तिथि 05 मई, 2025 तक निर्धारित की गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ घनश्याम राय ने बताया कि संकाय सदस्यों के लिए 200/रुपये तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए 100/- रुपये विलंब शुल्क के साथ पंजीयन 06 मई से 17 मई, 2025 तक ी https://forms-gle/oXzh5Dq92UDstejf9 पर किया जायेगा। सम्मेलन के वेबसाइट https://sites-google-com/view/4th&bssc&conference/home पर विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

## पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए सिटी सेन्ट्रल स्कूल में मनाया गया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**समस्तीपुर।** सिटी सेंट्रल ग्रूप के मोहनपुर रोड, भुईधारा, मूसापुर तथा जितवरिया शाखाओं में मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का नेतृत्व करते हुए विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार पांडेय ने कहा इस तरह के आतंकी हमलों से बचने के लिए सरकार को कठोरतम कदम उठाना चाहिए। पूरा देश प्रतीक्षा में है कि अबकी बार सरकार ऐसा कठोर फैसला करे कि फिर कभी कोई आतंकवादी या देश हमारे देश में ऐसा कुछ करना तो दूर हमारे भारत की तरफ सपने भी झांकने का दुस्साहस न कर सके। बताते चलें कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में करीब 7 आतंकवादियों ने बडी बरहमी से 26 सैलानियों की हत्या कर दी और आराम से जंगलों में गुम हो गये थे। इस घटना से आहत पीडित परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि दुनिया की श्रेष्ठतम खुफियातंत्र में गिनी जाने वाली रॉ की नाक के नीचे से यह सब हो गया, कैसे इसकेलिए जिम्मेदार कौन है निश्चित ही इसके लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। लेकिन अभी वक्त आतंकियों को सबक सिखाने का है। इस शोक सभा में छात्र-छात्राओं में वंदना, श्रेया, आकृति, साक्षी, सक्षम, प्रिंस कुमार, अनमोल, आदि उपस्थित थेस वरीय प्राचार्य सी.के. ठाकुर, प्राचार्य मुल्लथारा. कविथा. करुणाकरन, तन्मय चक्रवर्ती, मनीष पांडे और प्रबंधक मनीष भारद्वाज शिक्षक शिक्षिकाओं में नवनीत झा, पूनम कुमारी, राधेश्याम, शिवेश कौशल, फैयाज अहमद, राहुल पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## पीएम के बिहार आगमन पर आशा कार्यकर्ताओं का पीएचसी पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**समस्तीपुर/पूसा।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री के बिहार आगमन के मौके पर महासंघ गोप गुट/ऐक्टू से संबद्ध प्राप्त बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ के बैनर तले आशा कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता पीएम-सीएम झूठे हैं आशा कार्यकर्ताओं के बच्चे भूखे हैं, 6 माह से वेतन क्यों नहीं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जवाब दो बिहार की एक लाख आशा करे पुकार आशा विरोधी है डबल इंजन की सरकार नारे के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कल्पना सिंह के संचालन प्रखंड सचिव उषा देवी ने किया। सभा को संबोधित आशा कार्यकर्ता संघ के संरक्षक व भाकपा माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भाजपा-जदयू की सरकार में आशा कार्यकर्ता के साथ बार-बार छलावा कर रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के बिहार आगमन के मौके पर आशा कार्यकर्ता शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रहे हैं भाकपा माले पूर्ण समर्थन करती हैं। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ के प्रखंड सचिव उषा देवी ने कहा कि बिहार के आशा कार्यकर्ता को 6 माह से वेतन नहीं दिया गया है। इसलिए बिहार में मुख्यमंत्री के आगमन पर सत्याग्रह करने के लिए आशा कार्यकर्ता मजबूर हैं। भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य रौशन कुमार ने कहा आशा कार्यकर्ता व फैसिलिटेटर को न्यूनतम 21000 रुपए मासिक मानदेय क्यों नहीं पीएम-सीएम जबाव देना चाहिए इस महंगाई, बेरोजगारी के दौर में 1हजार में किस तरह से आशा कार्यकर्ता जीवनयापन कर रहे हैं। मौके पर रेखा देवी, सीमा कुमारी, सुशीला देवी, बबीता कुमारी, अनिता कुमारी, गुड़िया कुमारी, राजकुमारी देवी, सविता कुमारी, प्रमिला कुमारी, कविता कुमारी, प्रीतिवाला, सुनीता देवी, आनंदी कुमारी, डोली कुमारी, चांदनी कुमारी, विभा कुमारी, रजनी कुमारी सहित दर्जनों आशा कार्यकर्ताओं व फैसिलिटेटर मौजूद थे।

## लक्ष्य को निर्धारित करने से मिलती है सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फतेहा पंचायत के फतेहा चौक स्थित अल इन वन कोचिंग के परिसर में मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान को लेकर एक समारोह आयोजित किया गया। जहां क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से समाजसेवी, बुद्धिजीवी, गुरूजन एवं अभिभावक शिरकत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक उपेंद्र नारायण चौधरी ने तो संचालन निदेशक ऋषिकेश कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसके मैथमेटिक्स संचालक सच्चिदानंद राय, हाई स्कूल शिक्षक आलोक कुमार, चंदन कुमार, जय बाबा भंडारी कंप्यूटर निदेशक रूपक चौधरी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आचार्य सुमन कुमार चौधरी, सवेरा भारती संस्था निदेशक गुरूदेव कुमार पटेल समेत अन्य वक्ताओं ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर कहा कि लक्ष्य को निर्धारित करने से सफलताएं मिलती है। और आज आपके आत्मविश्वास और मेहनत ने यह परिणाम दिया है कि अल इन वन में पढ़ने वाले तमाम मैट्रिक के छात्र-छात्रा सफल होकर अपने अभिभावक, गुरूजन और संस्थान समेत इलाके को गौरवान्वित किया है। संस्था के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण चौधरी ने कहा कि पढ़ने वाले छात्र कठिनाइयों के बावजूद भी पढ़कर सफल होते हैं।

## बढ़ते तापमान व लू चलने से स्कूल संचालन के टाइम में बड़ा बदलाव, डीएम ने जारी किया आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले में बढ़ते तापमान व लू चलने से बच्चों के स्वास्थ्य एवं जनजीवन पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ना संभावित है। इसको देखते हुए (24 अप्रैल) गुरुवार को न्यायालय, जिला दंडाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के संचालन का समय बदलने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सभी कक्षाओं के लिए सुबह 11:45 बजे के पश्चात शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जो 25 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा। आदेश में बताया गया है कि जिले में बढ़ते तापमान एवं लू चलने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित है। अतः मैं, तनय सुल्तानिया, जिला दण्डाधिकारी, भोजपुर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा-163 के तहत भोजपुर जिला के सभी निजी सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 11:45 बजे के पश्चात प्रतिबंध लगाता हूं। सभी विद्यालय प्रबंधन उपरोक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेंगे। उपरोक्त आदेश 25 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेंगा। यह आदेश गुरुवार 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से निर्गत किया गया।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूसा।** पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बिरौली के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय संभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता समारोहपूर्वक सम्पन्न हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ आर के तिवारी ने प्रतिभागियों को उत्साह वर्धन करते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि खेल से बच्चों में मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। वहीं नेतृत्व कौशल, रणनीति कौशल, सामुहिकता आदि भावना को भी विस्तार मिलता है। डॉ तिवारी ने खेल को सद्भावना का परिचायक बताते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनायें दी। इसके पुर्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी.एन. शर्मा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में डॉ शर्मा ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई और शुभकामनायें दी। इस अवसर पर पटना रीजन के बास्केटबॉल प्रभारी एवं जेएनवी वैशाली के खेल शिक्षक शरद कुमार ने बताया कि बालिका के अंडर 14 में कटिहार विजेता दल एवं पटना उपविजेता रहा, वहीं बालिका के अंडर 17 में पटना विजेता व कटिहार उपविजेता रहा। इसी तरह बालिका के अंडर-19 में कटिहार विजेता एवं पटना उपविजेता इसके अलावा बालक वर्ग के अंडर में 14 पटना विजेता व कटिहार उपविजेता बना इसी तरह बालक के अंडर 17 में पटना विजेता एवं रांची उपविजेता रहा। वहीं इसी वर्ग के अंडर 19 में रांची विजेता एवं पटना उपविजेता दल रहा। उन्होंने ने कहा कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों का टीम मध्यप्रदेश में होने वाले नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पटना रीजन का प्रतिनिधित्व करेंगा। शिक्षिका अर्चना कुमारी, एवं आदर्श, निधि, सौरभी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्य आर.एस. झा ने किया। मौके पर विद्यालय के खेल प्रभारी पी.के. जायसवाल, डॉ. बी.बी. ठाकुर, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राकेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किये गए राष्ट्रकवि दिनकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** राष्ट्रकवि स्व रामधारी सिंह दिनकर की 51वीं पुण्यतिथि पर जिले में विभिन्न स्थानों पर जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा उनके पैतृक ग्राम सिमरिया अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत सिमरिया एक में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दिनकर जी के आवास पर उनके आदमकद प्रतिमा एवं तैलीय चित्र पर भी माल्यार्पण किया गया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जीरोमाईल स्थित दिनकर जी की आदमकद प्रतिमा पर, दिनकर कला भवन एवं स्वर्ण जयंती पुस्तकालय परिसर में स्थित दिनकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी के कारण भारत में जिला की अलग पहचान है। दिनकर की रचनाओं का बेगूसराय के विकास में अहम योगदान रहा है और आगे भी रहेगा। युवाओं, छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए दिनकर जी द्वारा लिखी गई कविताओं से प्रेरणा लेने की बात भी कहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, महापौर पिंकी देवी, उपमहापौर अनिता राय, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त नगर निगम, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने दिनकर जी के प्रमिता पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## नहर के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक

**आरा।** डीएम तनय सुलतानिया की अध्यक्षता में धरहरा नहर के सौंदर्यीकरण को लेकर समीक्षा बैठक गुरुवार को हुआ। इस बैठक में जिलाधिकारी ने नहर के दोनों किनारों पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण कराने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि लगाए जाने वाले पौधे उच्च गुणवत्ता वाले हों और प्लांटेशन कार्य बेहतरीन तरीके से हो।

# खेल के विकास के लिए पंचायत स्तर पर खेल के मैदान का कराया जा रहा निर्माण : नगर आयुक्त

**डीडीसी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और टॉर्च टूर में शामिल सभी खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों का किया अभिनंदन**

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स - 2025 के टॉर्च टूर यात्रा का किया गया भव्य स्वागत**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में जिला प्रशासन एवं खेल प्रेमियों के द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स - 2025 के टॉर्च टूर यात्रा में शामिल खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। जिला प्रशासन की तरफ से नेतृत्व नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव के द्वारा किया गया। उनके साथ उप विकास आयुक्त एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल विभाग बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 4 मई से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार के पटना, गया, भागलपुर, राजगीर एवं बेगूसराय में किया जा रहा है। इस आयोजन के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जन जागरण के लिए बिहार के सभी जिलों में खेलो इंडिया टॉर्च यात्रा का आयोजन किया गया है जो दिनांक 14 अप्रैल से प्रारंभ है। आज इसी क्रम में खेलो इंडिया टॉर्च टूर यात्रा दल का पूर्वी चंपारण जिला में आगमन हुआ जिसका मोतिहारी के गांधी मैदान में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इस टूर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया एवं खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गईइस स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों एवं नागरिक गण को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव ने कहा कि बिहार में वर्ल्ड क्लास स्टेडियम का निर्माण किया गया है। यहां पर खेलों को प्राथमिकता दी जा रही हैद्य उन्होंने यह भी कहा कि मोतिहारी में भी खेल के विकास के लिए ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा पंचायत स्तर पर खेल के मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। यह आवासीय प्रशिक्षण पिछले 3 अप्रैल से चल रहा है जो 2 मई तक खेल भवन मोतिहारी में संचालित होगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शम्भु शरण पाण्डेय ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और टॉर्च टूर में शामिल सभी खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी शुभम के द्वारा बताया गया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में कुल 27 खेलों का आयोजन बिहार के पटना, गया, भागलपुर, राजगीर एवं बेगूसराय में किया जा रहा है। पटना में सबसे अधिक 11 खेल जिसमें एथलेटिक्स, रग्बी, वॉलीबॉल, ई स्पोर्ट्स,बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, टेनिस, कुश्ती, जुडो, टेबल टेनिस रोड साइकलिंग शामिल है।वही राजगीर में चार खेल तलवारबाजी, हॉकी, भारतोलन, कबड्डी। गया में सात खेल- मलखंब, कलेरीपेट्टू, योगासन, गटका, खो खो, था गनटा, स्विमिंग। भागलपुर में दो खेल तीरंदाजी एवं बैडमिंटन तथा बेगूसराय में फुटबॉल का आयोजन कराया जा रहा है।इस खेल में भारत के सभी राज्यों के लगभग 10000 चयनित खिलाड़ी, टीम प्रशिक्षक, टीम प्रबंधन एवं 1020 तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, डीसीएलआर सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कृषि विभाग के पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला खेल पदाधिकारी एवं जिला खेल प्रशाखा के सभी कर्मी गण उपस्थित थे।

# लंबित एलपीसी को शीघ्र तैयार करवाएं : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अनुमंडल कार्यालय, सिकरहना (ढाका) में भरतमाला परियोजना (चोरमा - बैरगनिया पथ) के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सिकरहना अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ढाका अंचल अंतर्गत लंबित मामले में 30 स्ट्रक्चर सरकारी भूमि पर है, 57 रैयतों का एलपीसी अंचल स्तर से जिला भू अर्जन कार्यालय को भेज दिया गया है, 07 रैयतों का एलपीसी भेजने हेतु अंचल में तैयार है। 10 रैयतों को नोटिस नहीं मिला है। 07 विवादित मामला है। 06 रैयतों को जमीन में आपत्ति है तथा 01 रैयत को भुगतान हुआ है। वहीं जिलाधिकारी द्वारा लंबित एलपीसी को शीघ्र तैयार कराने, जिनका भुगतान हो चुका है, उनका स्ट्रक्चर तोड़वाते हुए पथ निर्माण कराएंगे। साथ ही जिनका भुगतान नहीं हुआ है, उसमें जिला भू अर्जन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर भुगतान करने एवं परियोजना के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया जिनका भुगतान निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका), भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिकरहना (ढाका), सहायक अभियंता, एनएचएआई प्रोजेक्ट मैनेजर, धारीवाल एजेंसी (भारतमला) एवं परियोजना से जुड़े अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पहलगाम हमले के शिकार पर्यटकों को श्रद्धांजलि

**मोतिहारी।** सुगौली स्थित प्रेम पुस्तकालय की कार्यसमिति की बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

बैठक की अध्यक्षता पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष दीनबंधु मोदी ने की। इस दौरान के.सी.टी.सी. कॉलेज, रक्सौल के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) संत साह और सांसद प्रतिनिधि व तिरहुत सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप सर्राफ को माला व उत्तरीय पहनाकर सम्मानित किया गया। दोनों ही पुस्तकालय की कार्यसमिति के सम्मानित सदस्य हैं। उनकी उपलब्धियों से सुगौली का गौरव बढ़ा है, और पुस्तकालय परिवार को गर्व की अनुभूति हुई है। बैठक में कई अहम निर्णय भी लिए गए। इस मौके पर समिति के संरक्षक सदस्य कन्हैया प्रसाद बरनवाल, उपाध्यक्ष त्र्यंबकेश्वर कुमार, सचिव डॉ. पवन कुमार, संयुक्त सचिव अंकुर चौधरी, कोषाध्यक्ष सागर खंडेलवाल, तथा सदस्य नंदकिशोर पांडेय, शंभूनारायण सर्राफ, रमेश कसेरा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भारत की संस्कृति रोजगार देने की रही है: प्रो राजेश

**मोतिहारी।** शहर के एल एन डी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में उद्यम जागरूकता से संबंधित एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत की संस्कृति पुरातन काल से रोजगार देने की रही है और सरकार भी चाहती है कि आप रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उद्यम संयोजक नवीन कुमार ने सरकार के द्वारा स्टार्टअप के लिए चलाई जा रही कई सारी योजनाओं से संबंधित जानकारी छात्र छात्राओं को दी और इनसे लाभान्वित होने की अपील की। मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय के चंद्रशेखर सिंह ने कई सारे उदाहरण के माध्यम से छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपकी सोच ही आपको सफल बना सकता है इसलिए सदैव नए नए रोजगार के बारे में हमें सोचना चाहिए। बीसीए संयोजक डॉ दीपक कुमार ने बताया कि छात्र छात्राएं कोई स्टार्टअप योजना करना चाहते हैं तो महाविद्यालय के तरफ से भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार ने चंपारण मटन,चनपटिया में कपड़ा बैग उद्योग का उदाहरण देते हुए कि बताया कि स्टार्टअप के मदद से धन के साथ साथ शोहरत भी कमाया जा सकता है। इस अवसर पर बीबीए संयोजक प्रो दुर्गेश मणि तिवारी, प्रधान सहायक राजीव कुमार, प्रो निखिल कुमार, प्रो श्वेता जोशी,प्रो नीतू, शोधार्थी अवध बिहारी सिंह सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले में शहीद वीरों को श्रद्धांजलि

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने हेतु पकड़ीदयाल के नेहरू चौक पर बुधवार की शाम युवाओं द्वारा कैंडल मार्च और शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सभा में वक्ताओं ने आतंकी घटना को अमानवीय और राष्ट्र विरोधी बताते हुए कहा कि निर्दोषों की हत्या कर आतंकियों ने कायरता का परिचय दिया है। लोगों ने बताया कि आतंकियों ने पहले जाति पूछी, फिर कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया, और न पढ़ने पर गोली मार दी। इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ युवाओं ने नेहरू चौक से अनुमंडल गेट तक कैंडल मार्च निकालते हुए जमकर नारेबाजी की। युवाओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस नृशंस हमले में शामिल आतंकियों को अविलंब फांसी दी जाए ताकि शहीदों की आत्मा को शांति मिल सके और देश की जनता को न्याय का विश्वास हो।

### अनुश्रवण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** अनुमंडल सभागार में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा के बाद विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों द्वारा गंभीर चिंता जताई गई। सदस्य उमेश कुमार सिंह ने नगर पंचायत वार्ड नंबर एक की दलित बस्ती में बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं होने की बात कही और इसे अविलंब दुरुस्त करने की मांग की। लालबाबू सिंह ने देवापुर गांव में नदी से हो रहे अवैध मिट्टी और बालू खनन का मुद्दा उठाया। सदस्य संतोष कुमार ने बताया कि बलुआ जुल्फिकाराबाद पंचायत के बड़का बलुआ में अज्ञात चोरों ने कृषि फीडर से जुड़े करीब 120 पोलों के तार और चार ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली है, जिससे किसानों को खेतों में पटवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी सदस्यों की मांगों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में संतोष कुमार सिंह, महेश पासवान, किरण कुमारी, बच्चा प्रसाद यादव समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### शराब कारोबार में उप मुखिया व पत्नी गिरफ्तार

संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)। मधुबनी पंचायत के उप मुखिया शशि महतो और उसकी पत्नी रीता देवी को शराब कारोबार के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान 26 लीटर विदेशी शराब (ऑफिसर्स चॉइस, फूरिटी ब्रांड) और 2 लीटर देशी शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शराब को घर के भुसोली और पानी टंकी के पास छिपा कर रखा गया था। छापेमारी के दौरान दोनों को रंगे हाथ पकड़ा गया। शशि महतो वर्तमान में उत्तरी मधुबनी पंचायत का उप मुखिया है। पुलिस ने जब्त शराब को सील करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसके अलावा कुर्की वारंट के तहत इंद्रगाछी गांव के मंटू महतो और पुराने मामले में वांछित दिलीप महतो को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं, शराब सेवन के आरोप में हीरापुर कोटवा गांव के शंकर सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

### पंचायत सरकार भवन बनाने को ले पुतला दहन

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** शहर के सुभाष चौक पर बसपा कार्यकर्ताओं ने बसपा के जिला प्रभारी नागेन्द्र सहनी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत राज बैशाहां का पंचायत सरकार भवन बैशाहां गांव में निर्माण नहीं करने के विरोध में स्थानीय विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव तथा बैशाहा मुखिया रिमझिम देवी का पुतला दहन किया। सर्वप्रथम मन चौक पर सभी बसपा कार्यकर्ता एकत्र हुए व वहां से विधायक, मुखिया का पुतला तथा विभिन्न नारा लिखे तख्ती हाथ में लिए जुलूस निकाल उक्त स्थान पर पहुंच पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया।

# महिला संवाद में 95 हजार महिलाएं हुईं शामिल, 18 जून तक होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में महिला संवाद कार्यक्रम के सातवें दिन भी जीविका ग्राम संगठन के माध्यम से जिले सभी प्रखंडों में महिला संवाद का आयोजन किया गया। जिले में अब तक 392 ग्राम संगठन में हो चुका है महिला संवाद का आयोजन जिसमे 95 हजार से ज्यादा महिलाये शामिल होकर सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में जाना और अपने गांव और समाज के विकास के लिए अपनी अपेक्षाएं सभा में साझा की। अपने अपने घरों से निकल कर हजारों ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रही हैं साथ ही महिलाएं अपने गांव की समस्याओं पर खुलकर बातें कर रही हैं। अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचा रहीं हैं। इसके अलावा महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं समस्या के साथ-साथ अपना सुझाव भी साझा कर रहीं हैं। गुरुवार को जिले के 27 प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों के 56 ग्राम संगठनों में बंजरिया के आशियाना ग्राम संगठन, हरसिद्धि के हरियाली ग्राम संगठन, मेहसी के मुश्कान ग्राम संगठन , पिपरा कोठी के संस्कार ग्राम संगठन, घोडासहन के चांदनी ग्राम संगठन, सुगौली के चांद ग्राम संगठन, रक्सौल के राजन ग्राम सगठन, कल्याणपुर के दीपक ग्राम संगठन, और संग्रामपुर के आकाश ग्राम संगठन सहित कुल 56 ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गावं में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा व्यवस्था और गांव की सुरक्षा को और बेहतर करने, सोलर लाइट की सुविधा, जीविका भवन, खेलकूद की व्यवस्था सहित किसानो के लिए उपयुक्त बाज़ार इत्यादि पर जीविका दीदी एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं द्वारा खुलकर सरकार से मांग की गयी। महिला संवाद कार्यक्रम के दोनों पाली में बिहार सरकार की योजनाओ पर बनी फिल्म को दिखाया गया। इसके साथ ही महिलाओं में योजनाओ का लीफलेट और मुख्यमंत्री के द्वारा लिखे गये सन्देश पत्र का भी वितरण किया गया। महिलाओं को मुख्यमंत्री का सन्देश पत्र पढ़कर भी सुनाया गया। संवाद कार्यक्रम का असर गांव में दिखने लगा है और महिलाएं खुलकर अब अपनी समस्याएं और सुझाव बता रही हैं।

# एफसीआई बिहार क्षेत्र ने सहरसा और भागलपुर में गेहूं खरीद अभियान को दी गति, दो घंटे में किसानों को मिला भुगतान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सहरसा/भागलपुर।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित भूषण ने बुधवार को सहरसा एवं भागलपुर ज़िलों में गेहूं अधिप्राप्ति केंद्रों का दौरा कर रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं की खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। बलुआहा चौक, सहरसा स्थित क्रय केंद्र पर श्री भूषण की निगरानी में की गई खरीद के बाद किसानों को महज़ दो घंटे के भीतर भुगतान किया गया, जिससे किसानों के चेहरों पर प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। इसके अतिरिक्त, भागलपुर ज़िले में भी गेहूं अधिप्राप्ति केंद्र का मुआयना करते हुए महाप्रबंधक ने त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर सहरसा और भागलपुर मण्डल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने एफसीआई के खाद्य संग्रह भण्डारों का निरीक्षण करते हुए कार्यप्रणाली की सराहना की और पारदर्शिता को बनाए रखने की बात दोहराई। एफसीआई बिहार क्षेत्र द्वारा राज्य भर में 151 क्रय केंद्रों पर गेहूं अधिप्राप्ति की जा रही है। संस्था की ओर से यह संपूर्ण प्रक्रिया – क्रय से लेकर भुगतान तक – ऑनलाइन माध्यम से और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 22 अप्रैल 2025 तक 1,825 किसानों से कुल 7,481 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। यह पहल न केवल किसानों को राहत पहुंचा रही है, बल्कि एफसीआई की कार्य संस्कृति में बढ़ती पारदर्शिता और तत्परता की मिसाल भी पेश कर रही है।

# एस.एस. कॉलेज में पोषण पखवाड़ा जागरूकता अभियान संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएस कॉलेज में 8 अप्रैल से 23 अप्रैल तक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य कुपोषण से मुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, और समाज के वंचित वर्गों में पोषण संबंधी जानकारी का प्रसार करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार ने अपने संदेश में कहा कि कुपोषण से बचाव के लिए पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है, जिसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की संतुलित मात्रा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज, फल एवं हरी सब्जियां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. कुमार ने छात्रों से आह्वान किया कि वे समाज में महिलाओं व बच्चों के बीच पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, आज की सुपोषित किशोरी ही कल की सशक्त नारी बनेगी। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अंशु कुमार मल्लिक ने स्वयंसेवकों को इस अभियान से जुड़ने और ग्रामीण महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा, हमारे शिक्षित युवा तार्किक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने में सक्षम हैं और यही सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संगोष्ठियों, पोस्टर प्रदर्शनियों, और संवाद सत्रों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को संतुलित आहार, साफ-सफाई और जीवनशैली से जुड़े पोषण पहलुओं की जानकारी दी।

# जिलाधिकारी ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय फेनहरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी की उपस्थिति देखी गई एवं सभी उपस्थित पाए गए। अंचल कार्यालय में आरटीपीएस काउंटर पर जाकर वहां के कार्यों का अवलोकन किया। सभी कार्यपालक सहायक एवं डेटा एंट्री ऑपरेटर से उनके कार्य करने का विवरण प्राप्त कर ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा कार्यालय के साफ सफाई का भी अवलोकन किया गया साथ ही सभी कर्मियों को बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करने एवं सभी स्तर पर लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादन हेतु भी निर्देश दिया।

# दो दिनों से कोकरसा बधार बना अग्निकुंड, लाखों रुपए के गेंहू खाक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड में गुरुवार की दोपहर में एक बार फिर अग्निकांड ने भयावह रूप धारण कर लिया। प्रखंड के कोकरसा, बिशुनपुर एवं लोदीपुर के बधार में आग के प्रचंड रूप ने किसानों के कड़ी मेहनत से उपजा गेहूं के फसल को चंद मिनटों में स्वाहा कर दिया। बताया जाता है कि यहां चालीस एकड़ से अधिक गेंहू का फसल देखते देखते राख में तब्दील हो गया। आग की विकरालता देख खेतों में काम कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। हार्वेस्टिंग कर रहे हार्वेस्टर को भी बधार से बाहर भागना पड़ा। आग की विकराल लपटे तथा उठ रहे धूंए के गुबार के बीच लोगों की चीख पुकार से अफरातफरी के माहौल के बीच हर कोई बेबश नजर आ रहा था।इस घटना में लगभग चालीस एकड़ गेहूं का फसल नष्ट हो गया है। बताया गया कि अधिकतर कौकरसा एवं विशुनपुर गांव के किसानों की क्षति हुई है। मौके पर हुलासगंज एवं जहानाबाद से दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई। हालांकि इस बीच ग्रामीणों ने अपने हिम्मत का परिचय देते हुए आग को बुझाने में तनिक भी कमजोरी नहीं दिखाई। बच्चों से लेकर वृद्ध तक हाथ में पेड़ की हरी हरी डालियां लेकर बाधार में उतर गए और लहकते हुए आग को डालियों से मार मार कर बुझा रहे थे। फिर भी आग से व्यापक क्षति बताई जा रही है। गौरतलब है कि कल बुधवार को भी इन्हीं दोनों गांव के बाधार में आग लगी थी जिसमें लगभग 20 से 25 बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया था। आग लगने के कारणों के संबंध में किसानों ने बताया कि लोदीपुर के एक किसान द्वारा खेत में मूंग बोने के लिए गेहूं के पराली को जलाने का काम किया और जब आग अपने प्रचंड रुप में आया तो फैलना शुरू किया इस बीच हवा का सहयोग मिला और वह लगभग तीन गांव के बधारो को देखते-देखते खत्म कर दिया। बताया जाता है कि कोकरसा गांव निवासी किसान उपेंद्र शर्मा, रविंद्र शर्मा पैक्स अध्यक्ष बमेश्वर सिंह, नागेंद्र शर्मा, राजीव कुमार के साथ साथ बिशनपुर के जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार एवं बचन सिंह का पूरा गेहूं का फसल समाप्त हो गया है। मौके पर अंचल अधिकारी सदाब आलम ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा उन्होंने किसानों को आपदा राहत से मिलने वाली मुआवजा के संबंध में दिशा निर्देश भी दिया।

# हृदय रोग से पीड़ित पूर्वी चंपारण के छह बच्चे इलाज के लिए रवाना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिले के गंभीर हृदय रोग से ग्रसित छह बच्चों को बुधवार सुबह मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी से राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना भेजा गया। वहां से बच्चों को चिकित्सकीय निगरानी में सत्य साईं अस्पताल, अहमदाबाद ले जाया जाएगा, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस क्रम में शाम को दो अन्य बच्चों को पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएसी) भेजा गया, जहां उनकी डिवाइस क्लोजर सर्जरी की जाएगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह जिले के लिए खुशी की बात है कि इन बच्चों को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के माध्यम से नवजीवन मिलने जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्कूलों में नियमित रूप से चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाती है। जांच में जब बच्चों में हृदय रोग की पुष्टि होती है, तो उन्हें रेफर कर आवश्यक प्रक्रिया के बाद उपयुक्त चिकित्सा संस्थानों में भेजा जाता है। सत्य साईं अस्पताल, अहमदाबाद में बच्चों के दिल में छेद की सर्जरी कराई जाती है। सरकार द्वारा न केवल यात्रा की व्यवस्था (फ्लाइट से) की जाती है, बल्कि रहने और खाने की सुविधा भी पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जाती है। इस पहल से न केवल बच्चों का जीवन सुरक्षित होता है, बल्कि उनके परिवारों को भी आर्थिक बोझ से राहत मिलती है।

# टेहटा मठ पर विद्यालय भवन का सपना हुआ साकार

**भवन के अभाव में कई साल से विद्यालय में पठन-पाठन कार्य था बंद**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के टेहटा मठ गांव में स्कूल भवन की बहुप्रतीक्षित सपना साकार हो गया है। स्कूल भवन का निर्माण तेज गति से चल रहा है। गुरुवार को स्थानीय विधायक सतीश कुमार बिहार राज्य विद्यालय आधारभूत संरचना के कार्यपालक अभियंता व कनीय अभियंता के अलावा कई अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ विद्यालय भवन का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अधिकारियों के साथ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कारू यादव व राजद नेता शारिक फतह समेत कई लोग मौजूद थे। इस मौके पर विधायक ने बताया कि भवन जर्जर रहने के कारण पिछले कई साल से प्राथमिक विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बंद था। उन्होंने बताया कि टेहटा मठ गांव पर अति पिछड़ी जाति एवं महादलित परिवार की संख्या अधिक है। भवन के अभाव में गरीब बच्चों को पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि टेहटा मठ पर बहुत जल्द ही देवी स्थान से रविदास टोली की ओर जाने वाली सड़क का पीसीसी कार्य भी शुरू कराया जाएगा।

# महिला संवाद कार्यक्रम के सातवें दिन 16 ग्राम संगठनों में सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर गुरुवार को जहानाबाद जिले के 07 प्रखंडों के 16 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम के प्रातःकालीन सत्र में- घोषी प्रखंड के साहोबिगहा पंचायत में प्रकाश ग्राम संगठन, हुलासगंज प्रखंड के खुदौरी पंचायत में शंकर ग्राम संगठन, जहानाबाद सदर प्रखंड के पंडुई पंचायत के उमा ग्राम संगठन, काको प्रखंड के वारा पंचायत अंतर्गत नन्दनी ग्राम संगठन, मखदुमपुर प्रखंड के मलाठी एवं सुमेरा पंचायत अंतर्गत गंगा एवं जनसेवा ग्राम संगठन, मोदनगंज प्रखंड के देवरा पंचायतअंतर्गत शंकर ग्राम संगठनएवं रतनी- फरीदपुर प्रखंड के नेहालपुर पंचायत अंतर्गत सुप्रिया ग्राम संगठन की महिलाओं ने संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका ने जानकारी दी कि 'महिला संवाद' के सातवें दिन भी ग्रामीण महिलाओं ने संवाद रथ के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी भावनाओं व आकांक्षाओं को साझा करते हुए सरकार से महिला-हितैषी नीतियों की अपील की। संवाद रथ के माध्यम से महिलाओं के बीच इन प्रमुख योजनाओं पर आधारित वीडियो प्रदर्शित किया गया जिनमें महिला आरक्षण, बिहार महिला सशक्तिकरण नीति, नशामुक्ति अभियान,जीविका कार्यक्रम, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना, इत्यादि शामिल है।

# बिहार आईएमए के अध्यक्ष डॉ.आशुतोष शरण का अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए ), बिहार के अध्यक्ष पद को सुशोभित करने वाले बिहार के ख्यातिलब्ध चिकित्सक व चंपारण के अमूल्य धरोहर डॉ. आशुतोष शरण का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को शहर के एमकेडी पब्लिक स्कूल परिसर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। मॉ कौशल्या देवी एजुकेशनल एण्ड डेवलपमेंट ट्रस्ट, मोतिहारी के तत्त्वावधान में आयोजित समारोह का विधिवत उद्घाटन डॉ. चन्द्रलता झा, डॉ. आशुतोष शरण, डॉ. जे. एन.गुप्ता, डॉ. स्वस्ति सिन्हा, डॉ. सी. बी. सिंह, डॉ. तबरेज अजीज, डॉ. सुशील कुमार सिन्हा, डॉ.




विनीता वर्मा, प्रो. रामनिरंजन पाण्डेय एवं संजय पाण्डेय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. चंद्रलता झा ने की। आगत अतिथियों का स्वागत वरीय संस्कृतिकर्मी व पत्रकार संजय पाण्डेय ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए वरीय चिकित्सक डॉ.अतुल कुमार ने कहा कि इंटलेक्चुअल्स के समूह का नेतृत्व करना बड़ी बात है। युवा साहित्यकार डॉ.विनय कुमार सिंह ने डॉ. आशुतोष को चंपारण का धरोहर बताया एवं कहा कि चंपारण के लिए गर्व की बात है कि यहॉ डॉ. आशुतोष शरण की जैसा गुणवान चिकित्सक है। मानस मर्मज्ञ प्रो. रामनिरंजन पाण्डेय ने कहा कि डॉ. आशुतोष की इस उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति हो रही है, जिनता आह्लादित हूँ, उसके लिए शब्द-पुष्प नही है। वरीय चिकित्सक डॉ. तबरेज अजीज ने कहा कि डॉ. आशुतोष का बिहार आईएमए का अध्यक्ष बनना सिर्फ चंपारण ही नही, बल्कि पूरे चिकित्सा जगत के लिए गौरव की बात है। वरीय चिकित्सक डॉ. सी बी. सिंह ने कहा कि डॉ. आशुतोष शरण के इस पद पर चुने जाने से चंपारण की इज्जत बढ़ी है एवं हमसबो का मान- सम्मान भी बढ़ा है। अपने अभिनंदन सह सम्मान समारोह से आह्लादित डॉ. आशुतोष शरण ने भावुक लहजे में कहा कि आज का दृश्य देखकर यह अहसास हुआ कि जीवन में मॉ-बाप के बाद अभिभावक, रिश्तेदार व दोस्त भी होते हैं, जो आपसे असीम गहराइयो तक जुड़े होते हैंद्य डॉ. चन्द्रलता झा से अपने स्नेह व पारिवारिक रिश्ते का बखान करते हुए डॉ. आशुतोष ने कहा कि डॉ. चन्द्रलता ने अपने परिवार को सांस्कारित कर चिकित्सा के क्षेत्र में तीन पीढ़िया सौगात स्वरुप दी हैं।

# हिट वेब से निपटने के लिए डीएम ने की समीक्षा

## आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति करने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभागार में भीष्ण गर्मी एवं लू से बचाव के तैयारीयों को लेकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार समीक्षा की। गर्मी के कारण जिले में हो रहे हीट वेव (लु), सुखाड़, पीने का पानी की कमी, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस घोल, दवाइयां, मरीज के लिए बेड, डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ती, कुलर आदि का समुचित व्यवस्था किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी परिस्थिति लू से ग्रसित मरीजों के इलाज में कोताही नहीं बरती जाए। जिलाधिकारी के द्वारा सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से संबंधित वार्डो में पेयजल की समस्या की तैयारी किस प्रकार कर रहे हैं, इसकी बिंदुवार जानकारी ली एवं वार्डो में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था टैंकर, वाटर एटीएम एवं प्याऊ के माध्यम से माध्यम से करने का निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी से चापाकल की मरम्मत की स्थिति, नल जल की मरम्मत की स्थिति, नए चापाकल अधिष्ठापन की स्थिति एवं कितना जगह चापाकल फ़ेल हुआ है, उसकी स्थिति का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में अधिकांश जगह आग लग रही है जो बेहद ही चिंता का विषय है। इस पर काबू पाया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारीयों से आग लगने का मुख्य कारण अवगत हुए एवं फसल कटनी के बाद आग लगाने वाले किसानों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी को दिये।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के द्वारा जिले में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की तैयारी से संबंधित समीक्षा की गई आवश्यक दिशा संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिये। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, अपर समर्थ आपदा उपेंद्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता मेराज जमील एवं रितेश कुमार यादव, कार्यपालक अभियंता पीएचडी एवं विद्युत, सिविल सर्जन एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जनता दरबार में डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी द्वारा कुल-सात ग्रामीणों की परिवाद सुनवाई करते हुए त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के पास परिवाद पत्र भेजते हुए यथाशीघ्र मामला को निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। दायर परिवाद पत्र में ओबरा प्रखंड के कंचनपुर निवासी राजाराम चौधरी एवं अन्य के द्वारा ग्राम पंचायत कंचनपुर में पंचायत सरकार भवन पंचायत मुख्यालय में न बनाकर ग्राम तेंदुआ हरकेश में अवैध तरीके से बनाने के संबंध में, नबीनगर के अंकोरहा पंचायत के मिर्ज़ापुर निवासी रीता देवी, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के द्वारा ग्राम मिर्ज़ापुर में लक्ष्मी एसएचजी के सदस्य रीता देवी से अगरबती मशीन खरीद के दौरान अवैध ढंग से पैसा निकासी के संबंध में, बारूण प्रखंड के मखरा पंचायत के बगाही निवासी देवती कुमारी के द्वारा पिता के मृत्यु के बाद नौकरी एवं पैसा पर रोक लगाने के संबंध में, नवीनगर प्रखंड के अंबा धमनी निवासी अशोक पाण्डेय के द्वारा खतियानी जमीन में मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क में गलत तरीका से अंचल अधिकारी, नवीनगर के मापी के संबंध में इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा अन्य ग्रामीणों का परिवाद पत्र का सुनवाई किया गया।

## एनएच- 19 का पाथवे रोड गड्ढे में तब्दील, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** शिवगंज बाजार के समीप शिवगंज-रफीगंज रोड के एनएच-19 का संपर्क रोड में उभरे गढ़ों में जल जमाव से आवागमन प्रभावित हैं। इसमें छोटी-बड़ी गाड़ियां फंस कर दुर्घटना ग्रस्त हो रही हैं। वहीं बाजार पैदल आने जाने वाले लोगों को गंदे पानी में प्रवेश कर गुजरना पड़ रहा है। इससे धार्मिक अनुष्ठान करने लोगों का पवित्रता भी भंग हो रहा है। हालांकि एनएचआई के अधिकारियों से गढ़ों को भरने के लिए आग्रह की गई। लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सका है। इससे लोगो में भारी आक्रोश है। मामले में शिवगंज निवासी मुंशी प्रसाद मेहता, भीखारी गुप्ता, गोकुल सिंह, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि एनएचआई के अधिकारी रोड में उभरे गढ़ों को जल्द भराई और नालों की मरम्मत नहीं करते हैं तो रोड़ जाम कर विरोध जताया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवगंज रफीगंज रोड़ काफी व्यस्तम है। औरंगाबाद से रफीगंज और रफीगंज से औरंगाबाद जाने वाली बड़ी गाडियां उस गढ़ों के जद में फंस कर असंतुलित हो पलट जाती है। नतीजा लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

## अस्पताल कर्मियों पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** रेफरल अस्पताल कुटुंबा, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय बारुण एवं देव प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय भरकुर तथा आंगनबाड़ी केंद्र भरकुर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने औचक निरीक्षण किया। रेफरल अस्पताल कुटुंबा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही अस्पताल के महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, ओपीडी, दवा भंडारण कक्ष, एक्सरे रूम, टीकाकरण कक्ष सहित विभिन्न प्रकार का पंजीयों के साथ विभिन्न बिंदुओं को बारीकी से निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवा एवं टीके की उपलब्धता, उपकरणों, बेड, भवन की स्थिति आदि की भी जांच किया गया। उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई एवं रख-रखाव की स्थिति को देखा और इसे और अधिक बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए। दवा भंडारण कक्ष निरीक्षण के दौरान दवा का कार्टून अव्यवस्थित एवं दवा फर्श पर बिखरा हुआ पाया गया। दवा भंडार में फ्रीज कार्यशील नहीं पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत सुधार लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा हीट वेव कक्ष में मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया और निर्देश दिया गया कि लू से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए पहले से पूर्ण रूप से तैयारी कर ले ताकि लू से पीड़ित मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान हीट वेव कक्ष में एक भी कुलर और एसी नहीं पाए जाने पर नाराजगी जाहिर किया गया एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अविलंब ओपीडी एवं हीट वेव कक्ष में लू के मद्देनजर एयरकूलर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल में स्वच्छता का बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने तथा रोगियों को उपलब्ध तमाम तरह की सुविधाओं का समुचित लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भरकुर निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, पोषण योजना की स्थिति तथा बुनियादी सुविधाओं जायजा लिया गया।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर राजद ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा स्थित सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क के समीप राजद कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा व संचालन झुग्गी-झोपड़ी स्वच्छकार श्रमिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने की। जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार में अफसरशाही चरम पर है, अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। नौजवान बेरोजगारी की मार से सड़कों पर घूम रहे हैं। बिहार की स्थिति बदहाल होती जा रही है। तेजस्वी प्रसाद यादव के आह्वान पर आज जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना दिया। उन्होंने कहा कि सभी भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने हेतु नया कानून बनाया जाय। माई-बहिन मान योजना के तहत सभी माताओं-बहनों को पच्चीस सौ रुपया प्रतिमाह दिया जाए। निःशक्त दिव्यांगजनों, विधवा पेंशन प्रति माह पंद्रह सौ रुपया देने की सरकार घोषणा करें। वृद्धजन पेंशन के तहत प्रत्येक महीने मिलने वाला चार सौ रूपये को बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपया किया जाय। प्रत्येक गरीब परिवार को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त में दिया जाय। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि राजद की सरकार बनने पर नौजवानों को रोजगार की गारंटी दी जाएगी। पूर्व में भी जब 17 महीने का तेजस्वी यादव का सेवा कार्य रहा था तो उन्होंने बीपीएससी के माध्यम से रिकॉर्ड तोड़ अब तक का सबसे अधिक नियुक्ति पत्र देने का रिकॉर्ड बनाया है। नीतीश कुमार और तेजस्वी का कार्यकाल काफी अलग रहा है। तेजस्वी यादव के 17 महीने के कार्यकाल में बिहार में काफी रोजगार की बढ़ोतरी हुई थी। घूसखोरी चरण सीमा पर है। ब्लॉक में कोई भी काम के लिए बिना कमीशन दिए कोई कार्य नहीं होता है। सैकड़ों लोग प्रतिदिन दफ्तर का चक्कर काट रहे है, लेकिन किसी का कार्य नहीं हो रहा है। मांगो के साथ-साथ लोकल स्तर पर जो भी समस्या है उसको लेकर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। 2025 में राजद की सरकार बनने के बाद सभी घोषणाएं पूरी की जाएगी और किसानों को खेती के लिए मुफ्त में बिजली दी जाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेश मेहता, प्रदेश महासचिव कालेश्वर प्रसाद यादव, प्रदेश सचिव युसूफ अंसारी, पूर्व अध्यक्ष संजय यादव, जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, छात्र जिलाध्यक्ष चंदन कुमार, जिला प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, युवा जिलाध्यक्ष ई. राहुल यादव, जिला महासचिव चंद्रशेखर कुशवाहा, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार यादव, विकास कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जयंती पर याद किए गए महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** महान स्वतंत्रता सेनानी व वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती जनेश्वर विकास केंद्र एवं जन विकास परिषद के द्वारा शहर के अधिवक्ता संघ भवन में मनाई गई। सभी लोग वीर कुंवर सिंह की छायाचित्र के ऊपर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए लोगों ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामानुज पांडे, विधि संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी, पूर्व प्रोफ़ेसर दिनेश प्रसाद, रेड क्रॉस के वरिष्ठ पदाधिकारी अजीत सिंह, ज्योतिषाचार्य शिव नारायण सिंह, प्रोफ़ेसर संजीव नारायण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला करवा अरुण सिंह, डा सुमन लता शामिल हुए। सभी लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र की अध्यक्ष रामजी सिंह ने की, और संचालन सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने की। रामानुज पांडेय, अजीत सिंह एवं विधि संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने बताया कि वीर कुंवर सिंह देश में 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अप्रतिम योद्धा थे। उन्होंने अपनी उम्र को खुद पर हावी नहीं होने दिया और अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। संजीव नारायण सिंह एवं शिव नारायण सिंह और दिनेश प्रसाद ने बताया कि वीर कुंवर प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे, जिन्होंने 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ाई कर विजय हासिल किया था। सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं डा सुमन लता ने कहा कि सन 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह जयंती सरस्वती शिशु मंदिर में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, राकेश पाण्डेय एवं सुरेश प्रसाद मेहता ने संयुक्त रुप से वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य ने सभी को वीर कुंवर सिंह जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और जीवन कृत्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीत एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। साथ ही उन्होंने वीर कुंवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया। मौके पर आदिती कुमारी के प्रेरणादायी और ओजस्वी वाणी से श्रोता मनमुग्ध हो गए। आचार्य चंदशेखर सिंह एवं रामकिंकर चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए जिसमे मीडिया प्रभारी रविरंजन कुमार उपस्थित थे। साथ ही जम्मू -कश्मीर में हुई दर्दनाक घटना के बारे बताए एवं सभी ने उनकी आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

## महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं की दी गयी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। आज सदर प्रखंड के कर्मा भगवान, देव प्रखंड के बनुआ, हसपुरा के पुरहारा, कुटुंबा प्रखंड के पिपरा बगाही एवं मदनपुर प्रखंड के दधपी इत्यादि में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में क़रीब सात हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई जिसमें महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक पहल है। इसके माध्यम से महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है। ग्रामीण महिलाएं इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही है जिससे की आगे चलकर उसका समुचित लाभ ले पाएगी। इसके साथ ही महिलाओं से सुझाव को भी लिया जा रहा है कि व्यक्तिगत अथवा सार्वजानिक हित में और सरकार से क्या अपेक्षाएं है। उनके द्वारा बताये गये अपेक्षाएं को संकलित कर प्राथमिकता निर्धारण की जा रही है एवं उसका दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। आगे उसे जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को भेजा जाएगा ताकि उस पर विचार कर समाधान एवं नीतिगत निर्णय लिया जा सके। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अभी तक लिए गए निर्णय एवं किए गए कार्यों की जानकारी ऑडियो विजुअल के माध्यम से सभी महिलाओं को दी जा रही है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण के दिशा में संचालित राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लीफ्लेट्स के माध्यम से दिया जा रहा है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश भी सभी को दिया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं संजू देवी, कलावती देवी, सकुंती देवी, लालमुन्नी देवी, खुशबू कुमारी आदि ने अपना अनुभव साझा किया की, कैसे राज्य सरकार के योजना से लाभ ले कर उनके परिवार का जीवन स्तर मे सुधार हो रहा है और गांव के अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रही है। कुटुंबा के पिपराबगाही में गौतम ग्राम संगठन के महिला संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, कुटुंबा प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका एवं सभी महिलाओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी द्वारा महिला संवाद के बारे बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है । जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, नली गली, नल योजना एवं अन्य सरकारी योजना का लाभ सभी पात्र को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

## उत्तर कोयल नहर में पानी की मांग पर किसानों के धरना के 100 दिन पूरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर का पानी किसानों के खेत में पानी आने तक के संकल्प ले किसान मजदूर मोर्चा द्वारा रफीगंज ब्लॉक परिसर में धरना का वृहस्पतिवार को 100 दिन पूरे हो गये। धरना के100वें दिन पूरे होने और सरकार द्वारा कोई भी प्रतिनधि धरना स्थल पर आकर नहीं मिलने और उत्तर कोयल नहर में कुटकु डैम अभी तक नहीं लगाने की पहल होने पर गया जिला,गुरारू, गोह, कोंच सहित विभिन्न जिलों से किसान समर्थन देने पहुंचे तथा आगे आंदोलन को और तेज करने की रूप रेखा पर बैठक कर मंथन किया। धरना की अध्यक्षता अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां, सीधी यादव एवं संचालन डॉ तुलसी यादव एवं पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने किया। लड्डू खां ने कहा कि कि धरना का आज 100 दिन यानि गोल्डन जुबलि है अगर मगध की धरती पर किसानों को कुटकु डैम में फाटक लगाकर पानी नहीं मिला तो धरना का डायमंड जुबलि भी होगा। इन्होंने ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा सत्याग्रह आंदोलन से शर्मसार होकर विदेशी देश छोड़कर चले गये। अब तो हम आजाद देश में हैं और हमारे द्वारा चुने गये नेता इसी देश के हैं। फिर भी यहां के किसानों के खेतों में पानी मूलभूत जरूरत है। जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है। अपने देश के ही नेता को समझ क्यों नहीं आ रहा। चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि धरना के 100 दिन हो गया। इस बीच व्यवस्था के कोई पदाधिकारी नहीं आये और न ही जनप्रतिनिधि संतोषजनक बात किये। जलस्तर लागतार गिरता जा रहा है। किसानों के बीच आक्रोश है। किसानों की बात नहीं सुनी गयी तो अब हमलोग आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं। रेल चक्का जाम भी करेंगे। शिवनन्दन यादव ने कहा कि मेन मकसद कुटकु डैम में फाटक लगाना है। डॉ तुलसी यादव ने कहा कि 100 दिन से धरना पर हमलोग बैठे हैं केंद्र सरकार को कोई लाज शर्म नहीं है। सन्तोष गिरी ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक देश है।जहांजनता मालिक होती है।लेकिन यहां की जनता को व्यवस्था के खिलाफ अपने कार्य के लिए धरना पर बैठना पड़े इससे पता चलता है कि यह व्यवस्था आम जनता की नहीं है कार्पोरेट की है। जब तक उत्तर कोयल नहर का पानी हमारे खेतों तक नहीं आता तब तक धरना जारी रहेगा। यही नहीं आक्रोश फूटा तो अनिश्चित कालीन रेल चक्का जाम भी हो सकता है। इस मौके पर चंद्रशेखर प्रसाद यादव, कामेश्वर यादव, विष्णु देव यादव, उमेश सिंह मेहता उर्फ फौजी, नागदेव यादव, विधेशी यादव, भोलानाथ वर्मा, सुभाष पासवान, सुखेंद्र यादव, जयप्रकाश प्रजापति, विनोद यादव, वीरेंद्र यादव,लालधारी चौधरी, छोटू कुमार, प्रमोद साह आदि थे।

## एक नजर

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों की याद में कैंडल मार्च

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद, कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष सभी पर्यटकों नागरिको की याद में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई। आम लोग,समाजिक कार्यकर्ता सहित युवाओं ने हसपुरा रेफरल अस्पताल से मुख्य बाजार होते हुए काजी विगहा तक कैंडल मार्च निकाला गया। शांतिपूर्ण मार्च का नेतृत्व पूर्व उपप्रमुख अनिल आर्य ने किया। मार्च के दौरान उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद का खात्मा हो, जैसे नारों से पूरा बाजार गूंज उठा। पूर्व मुखिया विजय कुमार अकेला, मुखिया संतोष शौंडिक, सुनील शर्मा, सुरेश आर्य, वीरेंद्र विधायक, मनोज शर्मा, राजा चौधरी, राजू भारती, अभिषेक शौंडिक, रंजन कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीणो ने कैंडल मार्च में शामिल हुये और एक स्वर से देश की सुरक्षा और शांति व्यवस्था मजबूत बनाने पर बल दिया।

### ज्योति सिंह ने वीर कुंवर सिंह को किया याद

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुरी अभिनेता और काराकाट लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रहे पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने जगदीशपुर नगर में बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी वीरता को नमन किया। साथ ही कुंवर सिंह की याद में बने संग्रहालय का अवलोकन करने के बाद किला निवासी पुष्पा सिंह से मुलाकात की। ज्योति सिंह ने कहा कि यह दिन उनके लिए गौरव का क्षण है।

### कुंवर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के भाजपा के विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत ने जगदीशपुर में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके संग्रहालय का भ्रमण किया। इससे पहले भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. अनिल सिंह, सतीश सिंह, आकाश कुमार, रोहित सिंह उर्फ पंकज सिंह, पिंटू सिंह, आस नारायण सिंह, कुंवर अभिजीत सिंह, मनी सिंह राठौर, दीपक सिंह, अरुण सिंह, सुमित सिंह उर्फ गोलू, आदित्य कुमार, अर्जुन प्रसाद, गणेश सोनी, छात्र नेता ऋतिक रोशन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शराब बिक्री एवं सेवन करने वाले दो व्यक्तियों को फ़ेसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है। पकड़े गए कारोबारी में थाना क्षेत्र के पोखराही गांव निवासी दूधेश्वर सिंह एवं सेवन करने वाले में बगईया गांव निवासी अरुण यादव शामिल है। इस दौरान पुलिस ने दूधेश्वर सिंह के घर से 20 लीटर देसी शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि शराब बिक्री एवं सेवन मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया गया हैं। पूर्व से सूचना मिल रही थी कि दूधेश्वर सिंह द्वारा आसपास के क्षेत्रों में शराब का कारोबार किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज वह पकड़ा गया। उसके पास से 20 लीटर देसी शराब भी बरामद किया गया हैं। साथ ही एक दारूबाज को गिरफ्तार किया गया गया हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव में फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि बैजलपुर गांव निवासी वर्तमान में जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिले के उलीडीह थाना अंतर्गत केदार बागान शंकोसाई निवासी रामप्रवेश शर्मा के पुत्र शिव कश्यप पर बोड़ाम थाना में कांड संख्या 15/2022 दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त द्वारा नजायज मजमा बनाकर गाली गलौज करते हुए जान मारने की नीयत से मारपीट कर जख्मी करना, तथा बन्दूक से फायरिंग किया गया था। हालांकि जिस बन्दूक से गोली चली थी, उसे पूर्व में ही बरामद कर लिया गया था। परंतु अभियुक्त अभी भी फरार रह रहा था, जिसके पैतृक निवास पर इश्तेहार चिपकाया गया है।

### दो किसानों के 29 बीघा पुआल में लगी आग

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के कजपा पंचायत के केशोपुर गांव में दो किसान देवा सिंह के 17 बीघा और सुरेंद्र यादव के 12 बीघा के पुआल कुल 29 बीघा के पुआल में आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ। काफी मस्कत 14 घंटे के बाद देर रात्रि दमकल एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग काबू पाया गया। पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ गोपाल प्रसाद ने कहा कि अगर ठीक समय पर दमकल नहीं आता तो पूरा गांव जलकर राख हो जाता। उन्होंने सरकार से मिलने वाली मुआवजा राशि के लिए वरीय पदाधिकारीयों से मांग किया। वही प्रभारी अंचलाधिकारी रामकुमार रमन ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा सूचना पर छोटी दमकल भेजी गई जब उससे आग पर काबू नहीं पाया गया तो बड़ी दमकल भेजी गई जिसके बाद काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित कागजी कार्रवाई उपरांत सरकार से मिलने वाली उचित मुआवजा राशि दी जाएगी। इस मौके पर अग्निक चालक रामनाथ कुमार अग्निक सुनील सिंह, सौरव कुमार,अमीषा कुमारी के साथ सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह, ग्रामीण देवा यादव, राम लखन यादव, महावीर यादव, लालू यादव, नाथून यादव के साथ सैकड़ो ग्रामीण जनता मौजूद रहे हैं।

### गेहूं का बोझा जलकर राख

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को देवकुंड थाना क्षेत्र के नेमन बिगहा गांव में आग लगने से खलिहान में काटकर रखा पांच सौ गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान बदरी पासवान ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है। वहीं पंसस रामकुमार पासवान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। फायर ब्रिगेड की टीम को जब तक सूचना मिलती इससे पहले ही गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया जिससे आग का फैलाव दूर तक नहीं हुआ। पंसस ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग किया है।

### प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय पंचायतराज दिवस के अवसर पर गुरुवार को बड़हरा प्रखंड के सभागार में पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, कचहरी सचिव, न्यायमित्र समेत अन्य कर्मियों ने भाग लिया। साथ ही विहित प्रपत्र में नाम, पदनाम, मोबाइल समेत अन्य दर्ज किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्द्धन के लिए निर्गत दिशा-निर्देशों के आलोक में पूर्व से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप किया गया। प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का लीव प्रसारण मधुबनी से केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पंचायती राज विभाग के द्वारा किये जा रहे विकास समेत अन्य की जानकारी कर्मियों को मिली। मौके पर सभागार में बीडीओ मोहित भारद्वाज, डाटा ऑपरेटर मनीष कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# 52 घर आए आग की चपेट में

## नई नवेली दुल्हन के जल गये सारे आभूषण, पांच घरों में होनी थी शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप बीते बुधवार को हुए झोपड़पट्टी में आगलगी कांड में कुल 52 घरों में 200 परिवार बेघर हो गए हैं। किसी के घर में बेटी की शादी होनी थी, तो किसी के घर में नई नवेली दुल्हन आई थी, तो कोई रोजगार करने के लिए कर्ज में पैसे रखे थे, सबों का घर आग के खौफनाक मंजर में जलकर खाक हो गया है। ऐसे में मोतिहारी से शादी होकर मसौढ़ी पहुंची रुखसाना खातून पति मोहम्मद शहनाज के सपने उजड़ गए उनके सारे शादी के आभूषण सामग्री आग खाक हो गए, वहीं पांच घरों में बेटी की शादी होनी थी जहां सारा सामान आग में तबाह हो गया, इस आग के खौफनाक मंजर में शहजादी खातून, सजवा खातून, सज्जन खातून, आशियाना खातून, नजीर, सबीना, शबनम, खुशबू, शबाना इसके अलावा नजीर खातून के 50 हजार जल गये, मोहम्मद मेराज, मुख्तार, अख्तार ,जुगनू, बिट्टू, मिराज, सिराज, पप्पू मियां, तकरीबन 200 घर बेघर हो गए हैं। वहीं अनुमंडल प्रशासन द्वारा इन सभी अग्नि पिडित परिवारों के लिए सामुदायिक किचन की व्यवस्था की है, ठहरने के लिए बगल में सामुदायिक भवन की व्यवस्था की गई है, एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि सबों को चिन्हित कर उन्हें पॉलीथिन और राशन की व्यवस्था की जा रही है, जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव सभा को मदद की जाएगी। मौके पर अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, शंभू सिंह, किरी यादव, वार्ड पार्षद सभी लोग राहत कार्य में जुटे हैं।



## पीड़ितों को प्रशासन ने दी सहायता राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप झोपड़पट्टी में लगी आग के बाद अनुमंडल प्रशासन लगातार राहत कार्य में जुटी हुई है। ऐसे में गुरुवार को आपदा विभाग की ओर से सभी अग्निकांड पीड़ितों के बीच विशेष सहायता राशि के तहत उन सबों को चेक का वितरण किया गया। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार पटेल, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, बीडीओ प्रभाकर कुमार, वार्ड पार्षद शंभू सिंह, वार्ड पार्षद शौकत अली, मुकेश कुमार एवं अन्य नगर परिषद के कर्मी उपस्थित रहे। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे बसे हुए झोपड़पट्टी में अचानक



आग लगा जाने से तकरीबन 52 घर जल गए थे, ऐसे में लगातार अनुमंडल प्रशासन के द्वारा उन्हें रहने और खाने की व्यवस्था की गई थी और अब आपदा विभाग से उन्हें त्रीपाल और 12000 का चेक का वितरण किया गया है। जिसमें 7000 कपड़ा और बर्तन की सामग्री के लिए और 5000 आवास को लेकर आपदा विभाग की ओर से यह विशेष सहायता राशि सभी अग्निकांड पीड़ितों के बीच वितरण किया गया है। इसके अलावा अन्य बचे हुए लोगों का भी जांच और मूल्यांकन किया जा रहा है। वही चेक वितरण के दौरान मसौढ़ी के पूर्व विधायक अरुण मांझी, जदयू ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा के साथ कई अन्य समाज से भी शामिल रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च

### सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि, लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की हत्या के विरोध में मसौढ़ी में जोरदार प्रदर्शन हुआ। भाजपा और एनडीए की ओर से सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च तारेगना रेलवे स्टेशन से शुरू होकर कर्पूरी चौराहे तक निकाला गया। इसमें युवा, महिलाएं सहित शहर के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। लोगों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर भारत माता के जयकारे लगाए। मार्च के दौरान 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' और 'आतंकवाद हाय-हाय' के नारे गूंजते रहे।

भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव, महिला मोर्चा के आशा किरण सिंह, मुन्ना पासवान, सुनील कुमार वर्मा, चंद्रकला देवी, राकेश कुमार लालमोहन सिंह आदी ने कहा कि निर्दोष नागरिकों पर यह हमला कायरता की पराकाष्ठा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने का अनुरोध किया।शहर में कई स्थानों पर श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गईं कार्यक्रम में संजय केसरी, मंतोष पासवान, सुनील गावस्कर, नीरज कुमार, विजय यादव, अनीश कुमार, अजय शर्मा, विश्वनाथ केसरी, समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## दो बदमाशों की पकड़ कर लोगों ने की पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** बेउर थाना क्षेत्र में चोरी की कोशिश कर रहे दो युवक धराए, भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी। बेउर थाना क्षेत्र के भूपतिपुर मोहल्ले में गुरुवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब चोरी की नीयत से घर में घुसे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। घर के मालिक की सतर्कता और मोहल्लेवासियों की मदद से दोनों चोरों को हरिश्चंद्र नगर इलाके से धर दबोचा गया। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सीतामढ़ी जिले के साहिल कुमार और नारायण पंजियार के रूप में हुई है। दोनों युवक पटना न्यू बाईपास इलाके में भेलपुरी और गोलगप्पा का ठेला लगाकर दिनभर घूम-घूम कर सामान बेचते थे। गृहस्वामी रेखा देवी ने बताया कि आरोपियों ने घर से 50,000 नकद और एक स्मार्टफोन चोरी कर भागने की कोशिश की थी। लेकिन शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए और दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। गुस्साई भीड़ ने दोनों की जमकर धुनाई भी कर दी, जिसके बाद उन्हें बेउर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। बेउर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 457 (रात में घर में घुसपैठ) और 380 (चोरी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मौके से बरामद नकदी और मोबाइल को पुलिस ने जब्त कर लिया है.दोनों युवकों से पूछताछ जारी है और उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है.पुलिस का मानना है कि ये युवक गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं जो दिन में भोली-भाली महिलाओं को निशाना बनाते हैं। ये लोग पहले मोहल्ले की रेकी करते हैं और फिर मौका देखकर घटना को अंजाम देते हैं। बेउर पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और इलाके की अन्य चोरी की घटनाओं से इनका कनेक्शन जोड़ने में जुटी है।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर महिला शोधकर्ताओं को किया जाएगा सम्मानित

### महिला पशु चिकित्सकों को उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिलेगा सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर महिला शोधकर्ताओं को बामेती ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम मे सम्मानित किया जाएगा। देश भर की महिला पशु चिकित्सकों को उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सम्मान मिलेगा जिनमे 347 शोध पत्रों में से 145 को चुना गया उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए इनमें 67 डॉक्टरेट और 78 स्नातकोत्तर शोध पत्र शामिल हैं.शोध कार्य त्वरित रोग निदान, पर्यावरण-अनुकूल पशुपालन और पशु कल्याण पर केंद्रित हैं। आई.वी.ए. महिला विंग अध्यक्ष डॉ. निधि रावत ने इसे प्रेरणादायक कदम बताया। देश के नामी पशु चिकित्सा संस्थानों से ये शोध पत्र भेजे गए थे। कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह बोले– यह सम्मान महिला नवाचार की पहचान है।

## बस चालक की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीरो माइल इलाके में नीतू राज नामक बस चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी. अब इस मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

बेतिया निवासी बस चालक दुष्यंत मिश्रा की हत्या के बाद बस मालिक वैशाली निवासी मनोज यादव ने रामकृष्ण नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से पांच नामजद हैं और छह अज्ञात बताए गए हैं। प्राथमिकी में उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके बस नीतू राज के ड्राइवर दुष्यंत मिश्रा की हत्या आपसी टाइमिंग के विवाद के चलते की गई है. बताया जा रहा है कि जीरो माइल बस स्टैंड पर समय को लेकर दूसरी बसों के चालकों व स्टाफ से विवाद हुआ था, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में दिलशाद नाम का बस का खलासी भी जख्मी हुआ था. पुलिस ने मौके पर मौजूद घायल दिलशाद से भी पूछताछ की है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो हत्या की यह वारदात पहले से चले आ रहे विवाद का नतीजा है. मृतक नीतू राज पर पहले भी धमकियां दी जा रही थीं. अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है। फिलहाल इस घटना से जीरो माइल क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें। रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष आशुतोष ने जानकारी दी कि इस मामले में बस स्टैंड में काम करने वाले स्टाफ विपिन सिंह, शंभू सिंह और शशिकांत यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना सामाजिक परिवर्तन संभव नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** भाकपा (माले) फुलवारी-कुम्हरार एरिया कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कंकड़बाग स्थित पार्टी कार्यालय (चांगर) में आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता कामरेड पन्ना लाल सिंह (सचिव, कंकड़बाग एरिया कमिटी) ने की। इस अवसर पर पार्टी की दर्जनों महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। बैठक के मुख्य वक्ता केंद्रीय कमिटी सदस्य एवं विधायक फुलवारीशरीफ गोपाल रविदास ने अपने संबोधन में कहा कि आज के सामंतवादी युग में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना सामाजिक परिवर्तन संभव नहीं है. उन्होंने कहा कि महिला संगठनों को अधिक जागरूक और सशक्त बनाना होगा ताकि गरीब विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जा सके। विधायक गोपाल रविदास ने पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि महिला साथियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और अन्य महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि पार्टी के संचालन में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर होनी चाहिए और सभी महिला सदस्यों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ें। बैठक में कॉमरेड अभ्युदय (सचिव, पटना महानगर), कॉमरेड प्रकाश (राज्य कार्यालय सचिव सह केंद्रीय कमिटी सदस्य), अनुराधा (नगर सचिव, ऐपवा), कॉमरेड रेखा रानी (शाखा सचिव, कंकड़बाग), कॉमरेड गोपेन्द्र प्रसाद, कॉमरेड सुरेश यादव, डॉ. प्रकाश, कॉमरेड विमल कुमार सिंह, कॉमरेड रामबाबू राय, कॉमरेड रामचंद्र दास सहित अन्य अनेक माले कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सैकड़ों कारीगरों को सशक्त बनने का मिलेगा अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एवं जन विकास क्रांति द्वारा संचालित भोजपुरिया क्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का नयका टोला, जगदीशपुर में भव्य शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन कर इस ऐतिहासिक क्षण को गौरवमयी बनाया नाबार्ड के मुख्य महा प्रबंधक विनय कुमार सिन्हा, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, तथा विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'यह पहल न केवल हमारी समृद्ध पारंपरिक कारीगरी को नया जीवन देगी, बल्कि इससे सैकड़ों कारीगरों को सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में ब्यापक रोजगार उपलब्ध की दिशा में यह एक मजबूत कदम है। नाबार्ड के महाप्रबंधक विनय कुमार सिन्हा ने कहा कि भोजपुरिया क्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का उद्देश्य पारंपरिक लकड़ी के खिलौनों व शिल्प को आधुनिक बाज़ार से जोड़ना, डिज़ाइन इनोवेशन, प्रशिक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता और विपणन सहयोग देना है। इससे न केवल कारीगरों की आय बढ़ेगी, बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में नाबार्ड भोजपुर के जिला विकास प्रबन्धक रंजित कुमार सिन्हा, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रिय प्रबन्धक राजेश भारती, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. दिवेदी, बिहार चैंबर ओफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रभात कुमार सिन्हा, के वाई पी ऑनर एशियोशन के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अंबुज कुमार, नीरज कुमार, संजय कुमार, जिला कौशल प्रबंधक संतोष कुमार, संजय कुमार सिंह, जन विकास क्रांति के अध्यक्ष फुलझारो देवी, मुकेश कुमार सिंह, सुनील कुमार, सूर्यमुखी देवी, संतोष कुमार, संतराज सिंह, राजाराम सिंह, रमेश कुमार, कुमारी स्नेहा सिंह सहित बड़ी संख्या में कारीगर, ग्रामीणजन, गणमान्य अतिथि एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जन विकास क्रांति के महासचिव डॉ हिमराज सिंह ने किया।

## इस्लाम शांति का पैगाम देने वाला मजहब है, इसे हिंसा से जोड़ना गलत : खुर्शीद हसन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ इस्टीच्यूशन्स, फुलवारी शरीफ, पटना के चेयरमैन जनाब खुर्शीद हसन ने कहा कि इस्लाम शांति का पैगाम देने वाला मजहब है और इसे हिंसा से जोड़ना सरासर गलत है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि मजहब के नाम पर नफरत फैलाने वाले कभी कामयाब नहीं हो सकते। आतंकी घटनाओं से न केवल निर्दोषों की जान जाती है बल्कि देश की आत्मा भी आहत होती है। हमें ऐसे समय में और ज्यादा मजबूती से एकजुट होने की जरूरत है.जनाब हसन ने देशवासियों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और आतंक के खिलाफ मिलकर खड़े हों। उन्होंने कहा कि अमन और भाईचारे से ही देश आगे बढ़ सकता है और यही भारत की असली ताकत है। इस हमले में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश का हर नागरिक इस दुख की घड़ी में एक दूसरे के साथ खड़ा है। जनाब खुर्शीद हसन ने उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को यह समझना चाहिए कि वे हमारी एकता को तोड़ नहीं सकते. भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हर मजहब को बराबरी का दर्ज़ा प्राप्त है और सभी नागरिक एक दूसरे के भाई बहन की तरह रहते हैं। हमारा संघर्ष आतंक के खिलाफ है किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं। उन्होने अपील किया क़ी पूरे देश में शांति और सौहार्द का माहौल कायम रहेगा।

## बाढ़ एवं सूखे की तैयारी को लेकर डीएम ने दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ और सूखे की पूर्व तैयारी को लेकर गुरुवार को समाहरणालय में बैठक की गई। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सतर्कता बरतने और समय रहते आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों में कार्यरत वर्षा मापक यंत्रों की जांच कराने हेतु जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही, बाढ़ संभावित क्षेत्रों एवं संकटग्रस्त परिवारों की पहचान कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नदी किनारे स्थित तटबंधों एवं स्लूइस गेट्स की स्थिति की जांच और आवश्यक मरम्मत हेतु प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन शाखा को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, सभी नावों के पंजीकरण की स्थिति की जांच के लिए बड़हरा, आरा, शाहपुर एवं कोईलवर अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया। शाहपुर प्रखंड के मनी राय का टोला, अचरज राय का टोला, दामोदरपुर समेत अन्य स्थानों पर टूटे हुए बांधों की मरम्मत हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही एंटी-ईरोजन कार्यों को समय से पूर्ण कराने की बात कही गई। वर्तमान में बढ़ती गर्मी एवं जल संकट को देखते हुए महादलित टोलों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर नए चापाकल की स्थापना एवं पुराने चापाकलों की मरम्मत के लिए कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देश दिया गया। साथ ही विकास शाखा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों से नए चापाकलों की स्थापना हेतु सूची प्राप्त करें।

इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी (जिला आपदा शाखा), जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा एवं बक्सर) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने वीर कुंवर सिंह स्टेडियम व रमना मैदान का किया निरीक्षण

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम तनय सुल्तानिया ने गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन की तैयारी को लेकर वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रनिंग ट्रैक, लॉन्ग जंप, हाई जंप एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को मैदान के समतलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एसडीओ सदर को विधि-व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित प्रस्ताव अविलंब भेजने को कहा। उन्होंने समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूरी कर एक मॉक रन आयोजित करें, ताकि वास्तविक नामांकन प्रक्रिया पूर्वाभ्यास के साथ सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

## एक नजर

### तीर्थ यात्रियों के प्रति की गई शोक सभा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 तीर्थ यात्रियों की निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को सिविल कोर्ट परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया जहाँ दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा मे सभी अधिवक्ताओं के साथ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संकाश चंद्रा, एडीजे-2,एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी, सबजज रूपा रानी, आशुतोष कुमार, प्रथम सत्र न्यायिक दंडाधिकारी के अलावे सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। मौके पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक, सचिव राकेश कुमार, कुंवर सिंह, प्रमोद पासवान, अजित कुमार, हसन इमाम, दिलीप सिंह, लल्लू प्रसाद, कुमुद रंजन राय आदी अधिवक्ता शामिल रहे।

### पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपराध की योजना बना रहे एक युवक को मसौढ़ी पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जाता है कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र की तारेगना मठ रेलवे पुल के समीप एक युवक हथियार के साथ घूम रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस की टीम गठित करते हुए उक्त स्थल पर पहुँचे जहां पर हथियार के साथ युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जहां पुलिस ने उसे खदेड़ कर गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उस युवक के पास से चाईना निर्मित ऑटोमेटिक पिस्टल, 8 जिंदा कारतूस जो 7.6 एमएम और मोबाइल बरामद किया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया गिरफ्तार युवक का नाम मोनू कुमार पिता सिद्धनाथ गोस्वामी श्रीनगर मुहल्ला का रहने वाला है। यह हथियार लेकर रेलवे पुल के आसपास घूम रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दमड़ीचक पुल के पास एक सफ़ेद रंग के बाइक पर सवार थैले में 8 केन बीयर लेकर जा रहे एक युवक को मसौढ़ी पुलिस ने दबोचा है। गिरफ्तार युवक का नाम संटू कुमार पिता अरुण प्रसाद किशितपुर धनरूआ का निवासी है। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक झारखंड से शराब लाकर मसौढ़ी की गंतव्य स्थान तक विदेशी शराब का डिलीवरी किया करता था। ऐसे में जांच के दौरान बाइक पर सवार होकर थैले में 8 केन बीयर लेकर डिलीवरी करने जा रहा था जहाँ पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा लहसुना थाना में 5 लीटर और भगवानगंज थाना में 20 लीटर देसी शराब के साथ शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है।

### पृथ्वी दिवस पर बच्चों का सम्मान

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑल इंडिया बैंक इम्प्लॉय एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया ऑफिसर्स के द्वारा स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, फुलवारी श्री के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर संजय कुमार खान (महामंत्री), अरविन्द कुमार सिंह (अध्यक्ष), मृत्युंजय मिश्रा (महामंत्री), प्रभाकर मिश्रा (चेयरमैन), अभिषेक झा (महामंत्री), पिंटू कुमार (सचिव), राजीव कुमार सिंह (क्षेत्रीय सचिव), नमिशा कुमारी (प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) एवं प्रधानाचार्य सुसुम यादव ने किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रधानमंत्री ने तीन ..

हैं। यह ट्रेन देश के विकास की नई रफ्तार और बदलते भारत की झलक है। अमृत भारत एक्सप्रेस की सेफ्टी फीचर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन में सुरक्षा और तकनीकी दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और इपी-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। हर कोच में टॉक बैक यूनिट तथा गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट से यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है। अमृत भारत 2.0 के साथ भारतीय रेल में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है जिससे ट्रेन जुड़ते या अलग होते वक्त झटका नहीं लगता और ना ही आवाज आती है। इसमें लगा डिफॉर्मेशन ट्यूब किसी टक्कर की स्थिति में झटका कम कर देता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक न केवल स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि उच्चतम गति एवं बेहतर संचालन की क्षमता भी सुनिश्चित करता है। यह ट्रेन एक एलएचबी पुश-पुल ट्रेन है। बेहतर गति के लिए इसके दोनों सिरों पर इंजन लगे होते हैं, जिससे ऊर्जा की खपत कम होती है। ट्रेन तेजी से गति पकड़ सकती है और ब्रेक लगा सकती है। अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड इसे रफ्तार का महारथी भी बनाती है। इसके कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएँ हैं। साथ ही, रेडियम इल्यूमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बोगी जैसी सुविधा यात्रा को और भी आरामदायक बनाती है। प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सोप डिस्पेंसर और एरोसोल-आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएँ दी गई हैं, जो स्वच्छता व सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं। हर यात्री के लिए फास्ट मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, पेन्ट्री कार और बेहतर और आरामदायक सीट की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय भी प्रदान किए गए हैं, ताकि सभी यात्रियों को समान सुविधा मिल सके।

### आतंकी और उनके आकाओं...

सभी लोगों की मृत्यु पर कारगिल से लेकर कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने कहा कि मैं साफ-साफ कहना चाहता हूं कि जिन्होंने भी यह हमला किया उनको उनकी कल्पना से भी अधिक सजा मिलेगी। अब आतंकवादियों की बची जमीन को मिट्टी में मिलने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है और शोक संतप्त परिवारों के साथ है।

### एनडीए सरकार में तेज...

सारा काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली केंद्र की सरकार ने बिहार में विकास के कई कार्य किये हैं। जुलाई 2024 में बजट में बिहार के विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क योजना, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा इनके द्वारा की गई। उसके बाद फिर इस फरवरी 2025 के केन्द्रीय बजट में बिहार के मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय स्तर के खाद्य प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना एवं पटना आईआईटी के विस्तार की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि केंद्र सरकार द्वारा 2018 में देश के कई जिलों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मैं धन्यवाद देता हूं कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के आयोजन का जिम्मा इस बार बिहार को मिला है। हम प्रधानमंत्री से आग्रह करते हैं कि पटना में आकर इसकी शुरुआत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम शुरू से एनडीए के साथ हैं। 2005 में हमलोगों ने मिलकर बिहार में सरकार बनायी और मिलकर बिहार का विकास कर रहे हैं। बीच में पार्टी के कुछ नेताओं के कहने पर हम अलग हो गये थे लेकिन सब लोगों ने महसूस किया कि हमलोग एनडीए में ही रहेंगे। हम हमेशा एनडीए में रहेंगे और कभी दूसरे के साथ नहीं जायेंगे। सारा काम हम बिहार के लोगों के हित में कर रहे हैं। केंद्र सरकार के द्वारा भी काफी सहयोग मिल रहा है। हम सब मिलकर बिहार तथा देश को आगे बढायेंगे।

# पहलगाम आतंकी हमले पर सीवान में गूंजा जनाक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** ये चुप्पी अब टूटनी चाहिए, आतंक के हर गुनहगार को सज़ा मिलनी चाहिए – जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में 28 हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या और दर्जनों के घायल होने की हृदयविदारक घटना के खिलाफ गुरुवार की शाम सीवान में जब जनसैलाब सड़कों पर उतरा, तो पूरा शहर गम और गुस्से के सैलाब में डूबा दिखा। विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, नागरिक मंचों और बुद्धिजीवियों ने संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी और सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध छेड़ने की मांग की।







कैंडल मार्च में उमड़ा जनसैलाब, एक स्वर में आतंकवाद का विरोध पहला कैंडल मार्च शहर के शिवव्रत साह छठ घाट धर्मशाला से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सनातन संघर्ष समिति के बैनर तले निकाला गया। श्रद्धांजलि सभा में शोकाकुल लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को नमन किया और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक जन्मेजय कुमार ने कहा– ल्लयह हमला भारत की आत्मा पर हमला है। अब समय आ गया है कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी नेस्तनाबूद कर दिया जाए। मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत माता की जय, ल्लशहीदों अमर रहें जैसे नारे गूंजते रहे। नगर परिषद सभापति सैम्पी गुप्ता, उपसभापति किरण गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दूसरा कैंडल मार्च सीवान के नागरिक मंच की अगुवाई में सरदार पटेल चौक से प्रारंभ होकर शहीद सराय स्थित शहीद स्मारक तक गया। इस मार्च में डॉक्टर, शिक्षक, अधिवक्ता, लेखक, संस्कृतिकर्मी और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हर शख्स पहलगाम के निर्दोष पीड़ितों के साथ खड़ा दिखा।

**सिर्फ हमला नहीं, यह हमारी संवेदनाओं की हत्या है**

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा– इस वीभत्स हमले ने पूरे देश को मर्माहत कर दिया है। लेकिन अफसोस, कुछ लोग अब भी इस आपदा को नफरत फैलाने का हथियार बना रहे हैं। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि कांग्रेस आतंकवाद के मसले पर सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन केंद्र सरकार को अब ठोस एक्शन लेने की ज़रूरत है, बयानबाजी से बात नहीं बनेगी। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव अशोक कुमार प्रसाद ने कहा– हमले में मरे सिर्फ पर्यटक नहीं हैं, मरी है इंसानियत, घायल हुआ है देश का विश्वास। अंत में यह स्पष्ट हो चुका है कि सीवान की धरती आतंक के खिलाफ एक सुर में बोल रही है। श्रद्धांजलि की यह लौ तब तक जलती रहेगी, जब तक आतंक का हर अंधेरा मिट नहीं जाता।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना को लेकर उत्साह



**सीवान।** हर घर सूरज से रोशन हो, हर जेब बिजली बिल से मुक्त होङ्क – इस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर सीवान में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। तरवारा मोड़ स्थित विद्युत प्रमंडलीय कार्यालय समेत जिले भर में लगे विशेष शिविरों में कुल 1984 लोगों ने आवेदन कर योजना से जुड़ने की मंशा जाहिर की।

कार्यपालक अभियंता यशवंत कुमार और प्रशांत कुमार ने बताया कि सोलर पैनल से बिजली उत्पादन कर न सिर्फ उपभोक्ता 20 वर्षों तक मुफ्त बिजली का लाभ ले सकेंगे, बल्कि अतिरिक्त उत्पादन को बिजली कंपनी को बेचकर आमदनी भी कर सकेंगे।

### बाल्मीकि प्रसाद यादव की पुण्यतिथि पर जनसैलाब उमड़ा




**सीवान।** एक विचार, एक संघर्ष और एक समर्पित जीवन – जनसंघ काल के प्रखर नेता व जेपी आंदोलन के सेनानी स्व. बाल्मीकि प्रसाद यादव की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा जनसैलाब में बदल गई। तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नेताओं, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं ने उनके त्याग और संघर्ष को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि आपातकाल के अंधकार में उन्होंने लोकतंत्र का दीप जलाया और बाद में बिहार में जंगलराज के विरुद्ध सशक्त आवाज बने। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, विधायक अवध बिहारी चौधरी, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। संचालन प्रो. आर. एस. पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विजय प्रकाश ने दिया। वे नायक नहीं, आंदोलन थे। वे नेता नहीं, एक विचारधारा थे।

### तीसरी लाइन निर्माण से ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**सीवान।** गोरखपुर-गोरखपुर कैंट रेलखंड पर तीसरी लाइन निर्माण को लेकर रेलवे प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। नॉन-इंटरलॉकिंग के चलते 26 अप्रैल से 2 मई तक कई ट्रेनों का मार्ग बदला गया है, वहीं कुछ का समय पुनर्निर्धारित किया गया है। इस बदलाव के कारण वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस और बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 2 मई को सीवान होकर नहीं चलेंगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से वैकल्पिक यात्रा योजना बनाने की अपील की है। मार्ग परिवर्तन के कारण कई प्रमुख स्टेशनों पर गाड़ियां नहीं रुकेंगी, जिनमें सीवान, गोरखपुर, गोण्डा, देवरिया शामिल हैं। यात्रा से पहले सुनिश्चित करें ट्रेन का स्टेटस, रेलवे की वेबसाइट और स्टेशन से जानकारी प्राप्त करें।

### डूबने से युवक की मौत

**गुठनी/सिवान।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनहुला गांव के एक युवक की मौत गांव के ही सामने छोटी गंडकी नदी में डूबने से गुरुवार को हो गयी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोनहुला निवासी गुलशन साहनी( 34 वर्ष) शौच करने नदी किनारे गया था। काफी देर हो जाने के बाद नही लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। परिजनों ने हर संभावित जगहों पर उसकी खोजबीन की मगर कुछ पता नही चला। गुरुवार दोपहर बाद ग्रामीणों ने नदी में एक शव बहता हुआ देख शोर मचाया और शव को किनारे लगाकर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के शोर पहुचे लोगों ने उसकी पहचान कर परिजन को बुलाया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष बिकास कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष गणेश चौहान, एएसआई विनय कुमार, एएसआई पंकज कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया तथा पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम हेतु सिवान सदर भेज दिया।

### विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता 25 अप्रैल से

**सीवान।** कल से शुरू होने वाले मशाल कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता 25-27 अप्रैल तक होगा। प्रतियोगिता में जिले के सभी मध्य, माध्यमिक, एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कुल 47942 बच्चों के द्वारा भाग लिया जाना है। प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने हेतु 2456 शारीरिक एवं कम्प्यूटर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। साथ ही विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को निदेश दिया गया है कि, स्थानीय जन प्रतिनिधियों को आयोजन के समय मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाय एवं पूर्वाह्न 7-10 बजे तक के बीच खेल कार्यक्रम का समापन कर दिया जाय।

# पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 के तहत 184 लाभुकों का गृह प्रवेश, 2.0 में 683 को मिली प्रथम किश्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत गुरुवार को छपरा नगर निगम क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई। योजना के प्रथम चरण (1.0) के तहत कुल 184 लाभुकों का गृह प्रवेश संपन्न कराया गया। अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 के बीच इन लाभुकों ने अपने-अपने मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण किया था। बताया गया है कि योजना के अनुसार प्रत्येक लाभुक को कुल 2.5 लाख रुपये की राशि तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। इस अवसर पर नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडे ने प्रतीकात्मक रूप से कुछ लाभुकों को घर की चाभी सौंपी और उन्हें गृह प्रवेश




करवाया। उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन और समय पर आवास उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसी क्रम में योजना के दूसरे चरण (2.0) के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छपरा नगर निगम के 683 लाभुकों को प्रथम किश्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। निर्माण की प्रगति के अनुसार लाभुकों को आगे द्वितीय और तृतीय किश्त प्रदान की जाएगी।

# महिला के साथ अभद्र व्यवहार का विरोध करने पर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनगंज (सीवान)।** थाना क्षेत्र के सुरापुर गांव में एक महिला के साथ अमर्यादित आचरण और छेड़छाड़ का विरोध करना उस पर भारी पड़ गया। पीड़िता को आरोपितों द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़िता की ओर से दर्ज प्राथमिकी में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरापुर निवासी मनोज मांझी की पत्नी सुमित्रा देवी ने हुसैनगंज थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी गोविंद कुमार द्वारा लंबे समय से उनके साथ मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए अनुचित व्यवहार किया जा रहा था। घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

# चार दुकानों में लाखों की चोरी, नकदी व मोबाइल समेत कीमती सामान उड़ाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** भेल्दी थाना क्षेत्र के रायपुरा बाजार में चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाते हुए नगदी समेत लाखों की संपत्ति चुरा ली। घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने सबसे पहले सोनू कुमार की मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नगद, दर्जनों नए-पुराने मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि की चोरी कर ली।

दूसरी वारदात में चोरों ने जितेंद्र प्रसाद की कबाड़ दुकान में घुसकर 21 हजार रुपये नगद और करीब 50 किलो पीतल के सामान पर हाथ साफ किया। बताया जा रहा है कि चोर कंटे वाली चारदीवारी को काटकर अंदर घुसे थे। इस दौरान एक चोर की तस्वीर सीसीटीवी



कैमरे में कैद हो गई है।

इसके अलावा गुड्डू आलम के मीट हाउस से चोरों ने 4200 रुपये नगद और सात चाकू चुरा लिए। वहीं, पास की महेश कुमार की मिठाई दुकान में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन चोर कुछ ले जाने में सफल नहीं हो सके।

घटना की जानकारी मिलते ही भेल्दी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

# महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिसवन /सीवान।** प्रखंड के ग्यासपुर और रामगढ़ पंचायत में गुरुवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से अवगत कराया गया और आत्मनिर्भर बनने के अनुभव साझा किए गए। सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। आत्मनिर्भर बनने वाली महिलाओं के अनुभव साझा किए गए। महिलाओं ने अपनी मांगें और आकांक्षाएं साझा कीं। सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी एलईडी स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से दी गई।महिला संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित होंगी।

# सुपोषित समाज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में कार्य करें: डीपीओ

**पोषण पखवाड़ा के समापन पर भव्य पोषण मेला आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** सुपोषित समाज की स्थापना के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बुधवार को भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में पोषण पखवाड़ा के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आईसीडीएस द्वारा जिला स्तरीय पोषण मेला सह रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोटे अनाज से तैयार विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे लोगों को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (डीपीओ) कुमारी अनुपमा द्वारा प्रदर्शनी के अवलोकन से हुई। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सुपोषित समाज की नींव तभी मजबूत हो सकती है, जब हम अपने भोजन में मोटे अनाज जैसे बाजरा, मडुआ, सावां, कोदो, चना व जौ को सम्मिलित करें। इनमें मौजूद पोषक तत्व ऽ कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन व आयरन ऽ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। डीपीओ ने कहा कि हर



बच्चे को जीवन की स्वस्थ शुरुआत का हक है, हर माँ को उचित पोषण का अधिकार है और हर परिवार को पौष्टिक भोजन मिलना चाहिए।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित:**

पोषण पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट योगदान देने वाले सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं विभिन्न विकास सहयोगियों को डीपीओ अनुपमा द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नगरा, छपरा सदर, छपरा ग्रामीण व अमनौर के सीडीपीओ के साथ-साथ महिला सुपरवाइजर, प्रखंड समन्वयक एवं सेविकाएं शामिल थीं।

**पोषण के प्रति संकल्प व जागरूकता:**

कार्यक्रम के अंत में कुपोषण मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने हेतु सभी अधिकारियों, सेविकाओं एवं प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। डीपीओ ने लोगों से आह्वान किया कि वे संतुलित आहार की आदत को अपनाएं और मौसम के अनुसार भोजन का चयन करें। उदाहरणस्वरूप गर्मियों में ताजे फल, तरबूज, खीरा, सत्तू, नींबू पानी आदि का सेवन लाभकारी होता है, जबकि सर्दियों में साग, गाजर, मूली, हरी पत्तेदार सब्जियां और सूखे मेवे ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण का विशेष महत्व**

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक सिद्धार्थ सिंह ने गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गर्भाधान से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक के पहले 1,000 दिन शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान सही पोषण, देखभाल व शिक्षा एक बच्चे को स्वस्थ, होशियार व खुशहाल व्यक्ति बनाने की नींव रखते हैं। कार्यक्रम में डीपीओ कुमारी अनुपमा, जिला समन्वयक सिद्धार्थ सिंह, डीपीए अरविन्द कुमार, निभा कुमारी, पीरामल से दिलीप मिश्रा, पियूष कुमार, अभिमन्यु कुमार, सीफार से गनपत आर्यन सहित सभी प्रखंडों के सीडीपीओ, एलएस, बीसी, सेविकाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 28 वर्षीय युवक की मौत से गांव में छाया मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इसुआपुर (सारण)।** इसुआपुर थाना क्षेत्र के डटरा पुरसौली गांव निवासी रामालाल राय के 28 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार यादव की अचानक मौत से गांव में मातमी सन्नाटा फैल गया। वह बीते छह महीनों से केरल के शिवा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी में पिकअप वाहन चालक के रूप में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार प्रशांत पिछले कुछ दिनों से बीमार था और छुट्टी लेकर फ्लाइट से घर लौट रहा था। इसी दौरान एयरपोर्ट पर अचानक गिरकर वह बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रशांत तीन भाईयों में मंझला था और अभी अविवाहित था। परिवार में वही एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। पिता रामालाल राय और मां उर्मिला देवी ने बताया कि उसके जाने से परिवार पर संकट टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# गृह रक्षकों के रिक्त 690 पदों के लिए 5 मई से शुरू होगी फिजिकल टेस्ट की प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** जिले में गृह रक्षा वाहिनी के रिक्त पदों पर नामांकन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है। इस संबंध में महानिदेशक सह महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, बिहार द्वारा प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिले के लिए स्वीकृत 690 रिक्त पदों पर नामांकन किया जाएगा। इन पदों का आरक्षण रोस्टर के अनुसार सारण प्रमंडल के आयुक्त द्वारा अनुमोदित किया गया है। आरक्षित पदों का वर्गीकरण इस प्रकार हैः अनारक्षित 276, अनुसूचित जाति 110, अनुसूचित जनजाति 7, अत्यंत पिछड़ा वर्ग 124, पिछड़ा वर्ग 83, पिछड़ा वर्ग की महिलाएं 21 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 69 पद। प्रत्येक श्रेणी में संबंधित कोटि की महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू रहेगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध अब तक लगभग 35,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदकों की शारीरिक दक्षता जांच 5 मई से जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के मैदान में की जाएगी।

**आधुनिक तकनीक से लैस होगी पूरी चयन प्रक्रियाः**

फिजिकल टेस्ट प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी द्वारा आज एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया में न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप हो और पूरी व्यवस्था आधुनिक तकनीकों से लैस हो। प्रक्रिया के दौरान यूएचएफ आरएफआईडी आधारित तकनीक का प्रयोग किया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक अभ्यर्थी को आरएफआईडी चिप युक्त जैकेट पहनाया जाएगा। इसके माध्यम से दौड़ की टाइमिंग स्वतः रिकॉर्ड की जाएगी। साथ ही बायोमैट्रिक सत्यापन, अभ्यर्थियों की लाइव फोटो कैप्चरिंग, सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल हाइट और चेस्ट माप की मशीन, तथा लेज़र आधारित लॉन्ग जंप और शॉट पुट मेजरमेंट सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

# सर्वेक्षित परिवारों के विरुद्ध भूमि उपलब्ध कराये गये वास विहीन परिवारों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीवान।** गुरुवार को अभियान बसेरा-2 के तहत सुयोग्य श्रेणी के वास विहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने हेतु विभागीय निदेश के आलोक में सीवान जिले के सभी अंचलो में राजस्व कर्मचारियों द्वारा सर्वेक्षण किया गया था। जिला पदाधिकारी के द्वारा अभियान के तहत सर्वेक्षित परिवारों के विरुद्ध भूमि उपलब्ध कराये गये वास विहीन परिवारों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सीवान जिले में कुल-1929 वास विहीन परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से कुल-981 परिवारों को अयोग्य घोषित कर उनका नाम पोर्टल से हटाया गया। इस पर जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचलो में पोर्टल से विलोपित किये गये सर्वेक्षित वास विहीन परिवारों का पुनः जांच कराने का आदेश दिया गया। इसी आदेशालोक में सभी प्रखंडो के वरीय प्रभारी पदाधिकारी,सिवान के द्वारा 23 अप्रैल 2025 एवं 24 अप्रैल 2025 को विलोपित किये गये सर्वेक्षित वास विहीन परिवारों की जांच कर जॉच प्रतिवेदन (विहित प्रपत्र में) जिला पदाधिकारी को समर्पित किया गया।

# परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा 29 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** परशुराम जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी छपरा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर युवा ब्राह्मण चेतना मंच द्वारा बुधवार को जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा 29 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 8 बजे मारुति मानस मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा टाउन थाना चौक, साहेबगंज चौक होते हुए पंचमंदिर गुदरी बाजार परिसर तक पहुंचेगी, जहां एक भव्य सभा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा की सुव्यवस्था हेतु आयोजन समिति का गठन भी किया गया है। इसमें पं. विमलेश तिवारी उर्फ बबलू बाबा को अध्यक्ष, आचार्य हरेराम शास्त्री को सचिव और अमरेन्द्र ओझा उर्फ पिंटू बाबा को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष पं. अरुण पुरोहित ने बताया कि इस धार्मिक शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे और नगर में भक्तिमय वातावरण रहेगा।

# नरांव सूर्य मंदिर में आयोजित महाआरती आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** सारण जिले के गड़खा प्रखंड अंतर्गत कोठियां-नरांव स्थित भव्य सूर्य मंदिर इन दिनों भक्तों की आस्था व आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हर संध्या सूर्य कुंड के सीढ़ियों पर होने वाली महाआरती न सिर्फ श्रद्धालुओं के मन को शांति देती है, बल्कि एक आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से वातावरण को भर देती है। यह मंदिर वर्षों पुरानी परंपरा और इतिहास को समेटे हुए है। इसकी स्थापना 26 अप्रैल 1990 को श्री रामदास जी महाराज की अगुवाई में नौ कुंडीय महायज्ञ के बाद हुई थी। इससे पूर्व संत 108 श्री श्लोक दास उर्फ मुंशी जी महाराज द्वारा रामजानकी मंदिर और पोखरा का निर्माण किया गया था। मंदिर परिसर में इन महान संतों की स्मृति में समाधि भी स्थापित है। सप्तऋषियों की साधना स्थली रहे इस क्षेत्र का संबंध अयोध्या, रांची, फतेहा और जालंधर जैसे धार्मिक स्थलों से जुड़ा हुआ है। यहां की पावन भूमि पर शिवपरसन दास, नारायण दास एवं रामदास जी महाराज जैसे संतों ने साधना कर इसे आध्यात्मिक केंद्र में परिवर्तित कर दिया। मंदिर के चारों ओर फैली हरियाली, पुष्पवाटिका, तालाब और पारंपरिक शैली में निर्मित गोशाला इस स्थल को और भी विशेष बनाते हैं। 2016 में तत्कालीन गड़खा सीओ अश्विनी कुमार चौबे ने इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की पहल भी की थी। आज नरांव सूर्य मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बन चुका है, जो आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के धार्मिक मानचित्र में महत्वपूर्ण स्थान बनाएगा।


**बिहार सरकार**

**योजना एवं विकास विभाग**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2025–26

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **बिहार महादलित विकास मिशन।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत गैनी के ग्राम तारा में सामुदायिक भवन–सह–वर्कषेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 2 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डिहरी के ग्राम हरिना में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.61 | 59300.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 3 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मलवाँ के ग्राम मलवाँ में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.65 | 59300.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| | कुल योग :– | 88.92 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 22.04.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 08.05.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 14.05.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.05.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No. 001758 (Planning) 2025-26

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक तैयारी शुरू : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी अक्टूबर माह में बिहार विधानसभा का चुनाव संभावित है। आज प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि 7 जनवरी 2025 को निर्वाचन सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद जिले में 19 लाख 13 हजार 598 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाता 10 लाख 2 हजार 448, महिला 9 लाख 11 हजार 112 जबकि थर्ड जेंडर मतदाता 38 हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर कई प्रयास किये जा रहे हैं। मतदाता सूची में मृत व स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के माध्यम से मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरुकता के लिए समय-समय पर कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में जिले के निर्वाचन सूची का लिंगानुपात 909 हो चुका है। इसमें बढ़ोतरी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले चुनाव में 906 लिंगानुपात था। पहले की अपेक्षा इसमें थोड़ी प्रगति हुई है लेकिन संतोषजनक नहीं है। अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें जिन बच्चे का उम्र 18 वर्ष होने वाला है वे मतदाता सूची से जुड़ने के लिए अदवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी से 23 अप्रैल 2025 तक गोह विधानसभा में 1931 मतदाता जोड़े गए जबकि 664 मतदाता विलोपित गाए। इसी तरह ओबरा विधानसभा में 2054 जोड़े गए जबकि 1264 विलोपित गए। वहीं नबीनगर में 2465 जोड़े गए जबकि 1004 विलोपित, कुटुंबा में 2647 जोड़े गए जबकि 937 विलोपित, औरंगाबाद में 1911 जोड़े गए जबकि 614



विलोपित एवं रफीगंज में 3332 जोड़े गए जबकि 958 मतदाताओं के नाम विलोपित गए। इस दौरान 6773 पुरुष एवं 7567 महिलाओं का नाम जोड़ा गया जबकि 2709 पुरुष एवं 2732 महिलाओं के नाम विलोपित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2021 से चार अर्हता तिथि यथा 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्ति से प्रपत्र- 6 के माध्यम से नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर 2025 तक जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वह भी अपना नाम जोड़ने हेतु अभी से आवेदन कर सकते हैं। जिनकी उम्र 01 जुलाई 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगा उनका जुलाई में तथा जिनका 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगा उनका अक्टूबर में नाम जुड़ जायेगा और वे अक्टूबर माह 2025 में संभावित बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 में अपने मतदान का प्रयोग कर सकेंगे। डीएम ने बताया कि नया नाम जुड़वाने हेतु प्रपत्र-6, नाम हटाने हेतु प्रपत्र-7 एवं नाम में संशोधन, एक विधान सभा के अंदर या एक विधान सभा से दूसरे विधान सभा स्थानांतरण, ईपिक प्राप्त करने हेतु प्रपत्र-8 का इस्तेमाल करें। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि योग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने में सहयोग करें और आगामी विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 में अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। 01 अक्टूबर 2025 तक जिनकी उम्र18 वर्ष पूर्ण हो रहा है उनका नाम निर्वाचक सूची में नाम जोड़वाने हेतु संबधित बीएलओ के माध्यम से या एनवीएसपी या वीएचए के माध्यम से प्रपत्र-6 ऑनलाईन करायें ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति न छूटे। साथ ही मृत या स्थायी रूप से विस्थापित व्यक्ति जिनका नाम अभी भी निर्वाचक सूची में दर्ज है उनका नाम प्रपत्र-7 के माध्यम से हटाने में सहयोग करें। किसी भी व्यक्ति का नाम दो जगह के निर्वाचक सूची में दर्ज नहीं होना चाहिए। अतः जिनका नाम दो जगह दर्ज है वे स्वयं एक जगह से प्रपत्र-7 भरकर अपना नाम विलोपित करायें। श्री शास्त्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के माध्यम से मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला मरीज की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के गोह में एक प्राइवेट क्लिनिक में डॉक्टर की लापरवाही से एक महिला मरीज की मौत हो गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही बरतते हुए महिला मरीज की पेशाब की नस काट दी थी, जिससे पूरे शरीर में सूजन आ गई थी। मरीज की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को क्लिनिक के पास रखकर उपहारा-गोह पथ को जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहा। थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। इसके बाद जाम हटाया गया। महिला का जहां ऑपरेशन किया गया था, वो क्लिनिक गोह प्रखंड अंतर्गत तुलसी बिगहा में स्थित है। मृतका की पहचान दरधा गांव के रहने वाले शंकर गुप्ता की पत्नी 34 साल की रोमी देवी के रूप में हुई है। मृतका के पिता ने बताया कि रोमी देवी को डिलीवरी के लिए तुलसी बिगहा के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार को एडमिट कराया गया था। डॉक्टर ने नॉर्मल डिलीवरी की जगह ऑपरेशन की बात कही थी। परिजन ऑपरेशन नहीं कराना चाहते थे, लेकिन डॉक्टर ने दबाव बनाकर ऑपरेशन शुरू कर दिया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर ने पेशाब की नस काट दी। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे गया रेफर किया गया। गया के डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए पटना रेफर कर दिया। पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही डॉक्टर क्लिनिक का बोर्ड हटाकर ताला बंद कर फरार हो गया। परिजन शव लेकर गोह पहुंचे और क्लिनिक के पास रखकर सड़क जाम कर दिया। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दशक से फरार नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कई कांडों में फरार एक नक्सली को बंदेया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए नक्सली की पहचान थाना क्षेत्र के गंगटी गांव निवासी सुरेन्द्र रविदास उर्फ ब्रजेश जी के रूप में की गई है। यह बीते तीन दशक से विभिन्न आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सूरज कुमार को सूचना मिली कि सुरेंद्र गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के जंगलडीह गांव के एफसीआई गोदाम के आसपास है जिसके आलोक में छापेमारी के फलस्वरूप पकड़ा गया। आज प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि पकड़ा गया नक्सली 1998 से फरार चल रहा था। लंबे समय से फरार होने के कारण इसके खिलाफ न्यायालय से स्थाई वारंट भी निर्गत किया गया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। उसने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वह वर्ष 2003 में गुरपा (गया) में नक्सल ट्रेनिंग कर चुका है। इसके खिलाफ गया जिले के कोंच, परैया, गुरारू एवं आमस थाना में कांड दर्ज हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया है।

# हल्दी लदा ट्रक लूटकांड में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के टॉप-10 सूची में शामिल एवं लूटकांड को अंजाम देने वाले एक कुख्यात अपराधी को हसपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए बदमाश की पहचान रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के चितोखर गांव निवासी रोहित कुमार उर्फ रोहित पाण्डेय के रूप में की गई है। दरअसल, 9 जनवरी 2016 को हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया के पास स्कार्पियों सवार अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा एक ट्रक चालक एवं कंडक्टर को पहले बंधक बनाया गया और इसके बाद हल्दी लदे वाहन लूट ली गई थी। कांड को लेकर हसपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक के



निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए लूटी गई ट्रक को रोहतास जिले के डिहरी से बरामद किया और इस कांड में संलिप्त 10 अभियुक्तों में से 7 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसी मुहिम में मदनपुर थाना अंतर्गत ट्रक पर लदे चीनी एवं बारून थाना अंतर्गत इस्पात लदा ट्रक लूटकांड में शामिल अभियुक्त संतोष यादव एवं विक्की कुमार को बीते 16 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया हैं। इस कांड में करीब 22,00314 रूपये के संपत्ति की लूट हुई थी। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि गठित विशेष टीम द्वारा जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी रोहित कुमार थाना क्षेत्र के कोइलवां से गिरफ्तार किया गया। यह बीते 10 वर्षों से फरार चल रहा था। पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। शेष अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जायेगी। गिरफ्तार का अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ हसपुरा थाना के अलावा रोहतास जिले के नासरीगंज थाना में दो अलग-अलग आपराधिक कांड दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अन्य आपराधिक इतिहास हेतु सभी थानों से संपर्क किया जा रहा है।

# निश्चित समय सीमा में पूर्ण कराएं निर्माण कार्य : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को एससीए, एडीपी एवं डीओसी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) को आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) मद अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का जीर्णोद्धार कार्य योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु 11 आंगनबाड़ी केन्द्र की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एलएईओ के कार्यपालक अभियंता के माध्यम से विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत कराए जाने वाले कार्य को यथाशीघ्र नियमानुसार पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के माध्यम से कराए जाने वाले विशेष केन्द्रीय सहायता योजना अन्तर्गत योजनाओं के कार्य में तीव्रता लाते हुए माह मई 2025 से तक निश्चित रूप से पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया गया। डीएम ने सर्व शिक्षा अभियान द्वारा कार्यान्वित योजनाओं का कार्य अप्रैल माह 2025 तक निश्चित रूप से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया। एलएईओ के कार्यपालक अभियंता के माध्यम से कराए जाने वाले आकांक्षी जिला कार्यक्रम योजना के तहत 09 विद्यालयों में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष एवं पुस्तकालय निर्माण कार्य को यथाशीघ्र नियमानुसार पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया गया। उन्होंने सभी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# चुनाव से पहले पंचायत सरकार भवन बनाने का लक्ष्य होगा पूरा : वीरेन्द्र सिंह

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में शुरू किया ग्राम संपर्क यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार बनने से पहले पंचायतों में बुरा हाल था। कोई काम नहीं होता था। लेकिन जब सरकार बनी तो पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय कानून में सुधार किया गया। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। पंचायतों के विकास के काम कराने की जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत सरकार भवन बनाया जा रहा है। शेष में तेजी से काम हो रहा है। चुनाव से पहले लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। अब तक राज्य में 1639



पंचायत सरकार भवन बन चुके हैं जबकि पहले की सरकारों में कोई काम नहीं हुआ था। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस पर सरकार जनता को हर तरह की सुविधा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का वादा करती है। आज पंचायत स्तर पर काम शहर की तरह हो रहा है। अब शहर और गांव में कोई खास अंतर नहीं है। वहीं पूर्व सांसद ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के धमनी पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किया। उन्होंने हसनपुरा, हसनपुर पड़रिया, पड़रिया, धमनी, धमनी गोला, खजुरी फॉर्म, करमकिला, शंकरपुर, शेखपुरा, शोभेखाप, जंगी बिगहा, इमामगंज, लखैपुर, बगहा बिशनपुर, महदी तेंदुआ, रेड़िया, झूमर डिहरा एवं सहसपुर गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहनाकर स्वागत किया। यात्रा में पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, पंचायत समिति सह जदयू महासचिव रंजीत कुमार सिंह, बारुन प्रखंड किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, धमनी पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, बबन राम, विजय कुमार यादव आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** माली थाना क्षेत्र के इगुनाही गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यायलों में उस गांव के प्रसाद पासवान, उनके पुत्र महेंद्र पासवान, नागेंद्र पासवान, उनकी पत्नी किरण देवी व महेंद्र पासवान की पत्नी सीता देवी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह प्रसाद पासवान अपने गांव से चरण गांव स्थित एक मिल में सत्तू की पिसाई करने गए हुए थे। सत्तू की पिसाई कर वे पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पड़ोसियों ने किसी बात को लेकर उनका रास्ता रोक लिया और बहसबाजी करने लगे। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया। इसी दौरान पड़ोसियों ने प्रसाद पासवान की जमकर पिटाई कर दी। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर प्रसाद पासवान के पुत्र महेंद्र पासवान एवं नागेंद्र पासवान दोनों दौड़ते हुए पहुंचे और पिता को पीटने का कारण पूछा। इस दौरान पड़ोसियों ने दोनों भाइयों की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद पड़ोसियों ने विरोध करने पर महेंद्र पासवान एवं नागेंद्र पासवान की पत्नी की भी जमकर पिटाई कर दी, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग जख्मी हो गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के सिहुली खैरा गांव में कल देर रात्रि ट्रैक्टर पलटने से 40 वर्षीय चालक की मौत हो गई। मृत चालक की पहचान चंदौल गांव निवासी मिथिलेश यादव के रूप में की गई है। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई कुशो कुमार, सोनाली, एएसआई गोविंद मिश्रा घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में परिजनों द्वारा थाना में कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड के जाखिम रेलवे स्टेशन के अप लाइन पर गुरारू मंझिआवां गांव निवासी रामजी पासवान के 22 वर्षीय पुत्र सिकंदर कुमार अपनी बीमार मां के लिए दवा लाने के दौरान सुबह गया-मुगलसराय पैसेंजर से जाखिम स्टेशन के पास गिर गया। उसे गिरते देख लोगों ने जाखिम आरपीएफ को सूचित किया गया। सूचना के बाद हेड कांस्टेबल बलराम मलिक द्वारा उसे रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर धनंजय कुमार के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के पास से मिले मोबाइल द्वारा परिवार को सूचित किया गया है।

# महुआ फूल के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** कासमा पुलिया ने ढोली खाप स्थित मकान में छापेमारी कर 650 किलो महुआ फूल बरामद किया है। इस मामले में इसी गांव के महुआ कारोबारी कमलेश चौधरी के पुत्र दीपक कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में थाना कांड संख्या 50/25 दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि सूचना मिली कि दीपक कुमार महुआ का कारोबार करता है और मुन्नी भैया के घर व्यापक पैमाने पर महुआ का भंडारण किया गया है। इसी आधार पर छापेमारी कर 650 किलो महुआ फूल बरामद किया गया है।

हर घर नल का जल

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
अन्तंर्गत
बिहार सरकार

**जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी की व्यवस्था**



- राज्य स्तरीय जल गुणवत्ता रेफरल प्रयोगशाला की व्यवस्था
- जिला जल जाँच प्रयोगशाला
- अवर प्रमंडलीय जल जाँच प्रयोगशाला
- चलन्त जल जाँच प्रयोगशाला
- प्रत्येक दो माह में आर्सेनिक एवं फ्लोराईड की जाँच
- प्रत्येक चार माह में आयरन की जाँच
- गैर –गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रो में वर्ष में दो बार जल जाँच
- वर्ष में एक बार रसायनिक मानकों पर जल स्त्रोतों की जाँच
- वर्ष में दो बार जैविक जल जाँच (मानसून पूर्व एवं पश्चात)

**नल का जल पियें क्योंकि:**

- पेयजल के लिए भारतीय मानक BIS 10500:2012(यथा संशोधित) के अनुरूप जलापूर्ति|
- आर्सेनिक,आयरन एवं फ्लोराईड जैसे रसायनिक संदूषणों से शोधित जलापूर्ति|
- जीवाणु मुक्त जलापूर्ति|
- नियमित अंतराल पर राज्य, जिला तथा अवर प्रमंडलीय जल जाँच प्रयोगशाला द्वारा जल जाँच|



PR No.- 001697 (PHED)D. 2025-26

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी...